kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-04 ❐ शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



सर्वदलीय बैठक पूरी तरह से सार्थक रही है और सभी दलों के सदन के नेताओं ने बैठक में सदन को सुचारु रूप से चलाने पर सहमति दी है। बजट सत्र में सभी दलों के सहयोग से संसद की कार्यवाही अच्छे तरीके से चलेगी। किरण रिजिजू

अमोनिया वाला पानी पीकर दिखाएं भाजपा-कांग्रेस के नेता : केजरीवाल 11

चंडीगढ़ में कांग्रेस व आआपा को झटका भाजपा की हरप्रीत कौर बनी मेयर 12

## संक्षेप

### बापू के आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं: प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मैं हमारे राष्ट्र के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि देता हूं और उनकी सेवा एवं बलिदान को याद करता हूं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 1948 में आज ही के दिन नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में मोदी ने महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट जाकर बापू को नमन किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसकी तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''इससे पहले राजघाट पर पूज्य बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। हम अपने राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राजघाट पर आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना सभा में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे।


### भारत भी बना रहा है अपना एआई: वैष्णव

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि भारत खुद अपना आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सिस्टम बनाने जा रहे है और इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ कॉमन कंप्यूट सुविधा (जीपीयू) तैयार कर ली है। श्री वैष्णव ने कहा हमारे प्रधानमंत्री की आर्थिक सोच बहुत समावेशी है। उन्होंने जो भी कार्यक्रम शुरू किया है, वह भारत के सभी नागरिकों के लाभ के लिए है। इसी भावना से भारत एआई मिशन भी उसी मानसिकता के साथ काम कर रहा है। इसे मार्च 2024 में प्रधानमंत्री ने मंजूरी दी थी और अगस्त 2024 से शुरू होने वाले बहुत ही कम समय में हमने इस मिशन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ कॉमन कंप्यूट सुविधा तैयार कर ली है। उन्होंने कहा पिछले अगस्त में शुरू हुई और पिछले सप्ताह पूरी हुई इम्पैनलमेंट प्रक्रिया के परिणाम बहुत अच्छे रहे हैं। 10,000 जीपीयू के लक्ष्य के मुकाबले हमने 18,693 जीपीयू लगाए हैं, जो हाई-एंड जीपीयू हैं। कुल मिलाकर, इस प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 15,000 हाई-एंड जीपीयू लागू किए गए हैं। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कॉमन कंप्यूट सुविधा है, जिसे मिशन के हिस्से के रूप में बनाया गया है, जो समावेशी तरीके से प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करने के लिए हमारे प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह दृष्टिकोण हमारे प्रधानमंत्री द्वारा लागू किए गए हर आर्थिक कार्यक्रम में स्पष्ट है।

# 67 लोगों की मौत

## अमेरिका में यात्री विमान सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर से टकराया

एजेंसी



❐ टक्कर के बाद हो गए थे विमान के तीन टुकड़े

वॉशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास आसमान में अमेरिकन एयरलाइंस के एक विमान और हेलिकॉप्टर में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के बाद विमान और हेलिकॉप्टर टूट कर एक नदी में गिर गए। अब इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए वॉशिंगटन के फायर चीफ ने बताया कि इस हादसे में सभी 67 लोगों की मौत हो गई है।

वॉशिंगटन डीसी के फायर चीफ का कहना है कि विमान और हेलिकॉप्टर की टक्कर में कोई जिंदा नहीं बचा है। वाशिंगटन डी सी फायर एंड क्स्ट्र के चीफ जॉन डोनली ने कहा कि हम लोग रेस्क्यू ऑपरेशन को अब एक रिकवरी ऑपरेशन में बदल रहे हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि हादसे में कोई जिंदा बचा है। एपी के रिपोर्ट के अनुसार ट्रांसपोटेशन सेक्रेटरी ने बताया कि हादसे के बाद अमेरिकी एयरलाइंस का विमान पोर्टमाक नदी में तीन टुकड़ों में पड़ा मिला। अधिकारियों का मानना है कि अमेरिकी ईगल फ़्लाइट 5342 जो रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। फ्लाइट में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई और वे सर्च और रेस्क्यू टीमों को रिकवरी ऑपरेशन के काम में लगा रहे हैं। इससे पहले रेस्क्यू टीम ने नदी से 19 शवों को बाहर निकाला।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह छोटा पैसेंजर प्लेन था जो कंसास से वॉशिंगटन आ रहा था। विमान में 65 लोगों के बैठने की क्षमता थी। कहा जा रहा है कि हादसे के समय प्लेन में 64 यात्री थे। जबकि सेना के हेलिकॉप्टर में तीन लोग थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर उससे टकरा गया। इसके बाद दोनों क्रैश होकर पोटोमैक नदी में गिर गए।

एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी के अनुसार विमान, अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान संख्या 5342 विचिटा, कंसास से रवाना हुआ था और इसमें 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। वर्जीनिया के फोर्ट बेल्वोइर से निकले हेलिकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। रीगन हवाई अड्डे पर सभी टेकऑफ़ और लैंडिंग रोक दी गई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गयी अमेरिकन एयरलाइंस ने फ्लाइट 5342 में सवार लोगों के परिवार के सदस्यों और प्रियजनों के लिए एक हॉटलाइन जारी की गयी है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, अगर आपको लगता है कि फ्लाइट 5342 में आपके प्रियजन सवार हो सकते हैं, तो अमेरिकन एयरलाइंस को टोल-फ्री 800-679-8215 पर कॉल करें। अमेरिका के बाहर से कॉल करने वाले लोग अतिरिक्त फ़ोन नंबरों के लिए न्यूज.एए.कॉम पर जा सकते हैं। कनाडा, प्यूर्टो रिको या यू.एस. वर्जिन द्वीप समूह में परिवार के सदस्य सीधे 800-679-8215 पर कॉल कर सकते हैं। एयरलाइन ने कहा कि वह घटना के बारे में जानकारी उपलब्ध होते ही जारी करती रहेगी। वाशिंगटन डीसी में बुधवार रात विमान की टक्कर के स्थल पर आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भागते देखा जा सकता है। हवाई अड्डे के नजदीक एक कोंडो में रहने वाली सारा फिशेल ने सीएनएन को बताया कि उसने ज़ोर से सायरन सुना और लगभग 9:10 बजे रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। उन्होंने कहा, मैं छत पर भागी और तुरंत प्रतिक्रिया देखी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा ● शेष पेज 11 पर

# आज महाकुम्भ जाएगा न्यायिक जांच आयोग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ महाकुम्भ दुर्घटना : मुख्यमंत्री योगी ने कारणों की पड़ताल के लिए गठित किया है तीन सदस्यीय आयोग

❐ सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता हैं शामिल

लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर हुई दुर्घटना के कारणों की पड़ताल के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज जाकर मौके पर जांच करेगा। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार समेत दोनों सदस्यों पूर्व डीजी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस डीके सिंह ने गुरुवार को कामकाज शुरू कर दिया है।

न्यायिक आयोग आयोग के तीनों सदस्य लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया, क्योंकि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा, हमारे पास एक महीने का समय है, लेकिन फिर भी हम जांच को तेजी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने बताया कि आयोग शुक्रवार को घटना स्थल पर जाकर सभी तथ्यों की छानबीन करेगा। घटना के कारणों की जांच के साथ ही आयोग अपनी रिपोर्ट में सरकार को भविष्य में ऐसे आयोजनों की दृष्टि से सुझाव भी देगा। बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस पूर्व डीजी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी।

### मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक पहुंचे महाकुंभनगर, किया स्थलीय निरीक्षण



महाकुंभ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार गुरुवार को हादसे के कारणों की पड़ताल करने महाकुंभ नगर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। महाकुंभ नगर के पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्णा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ श्री सिंह और श्री कुमार ने अखाड़ा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों का बारीकी से निरीक्षण किया। दोनो अधिकारी मेला क्षेत्र की निगरानी के बने वॉच टॉवर भी पहुंचे जहां श्री कृष्णा दोनो अधिकारियों को हादसे के बारे में बताते दिखे। मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक मेला क्षेत्र में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी कर सकते हैं जहां हादसे की पड़ताल के साथ बसंत पंचमी स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा की जा सकती है।

### महाकुंभनगर में आग, 15 शिविर राख

**महाकुंभनगर।** महाकुंभनगर के छतनाग घाट पुलिस थाना क्षेत्र में गुरूवार को लगी आग में 15 टेंट जलकर राख हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकरी प्रमोद शर्मा ने बताया कि टेंट में आग लगने की सूचना पर अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया 15 टेंट आग की चपेट में आये थे। फायर ब्रिगेड की छह गाडियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जहां आग लगी वहां शिविर पर शैव संप्रदाय जूना अखाड़े का फर्जी बोर्ड लगा रखा था और शिविर अनाधिकृत रूप से लगाया गया था।

## दिल्ली वालों को सिर्फ केजरीवाल की गारंटी पर यकीन : भगवंत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल ऐसे नेता हैं जो बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं की बस यात्रा मुफ्त करके जनता का पैसा जनता को वापस देते हैं इसलिए दिल्ली के लोगों को सिर्फ केजरीवाल की गारंटी पर यकीन है।

श्री मान ने आज यहां कालकाजी से पार्टी प्रत्याशी एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, तुगलकाबाद में सहीराम पहलवान और ग्रेटर कैलाश से प्रत्याशी सौरभ भारद्वाज के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही सभी मां-बहनों को 2100 रुपए देंगे। सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही ऐसे नेता हैं, जो बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं की बस यात्रा मुफ्त करके जनता का पैसा जनता को वापस देते हैं। इसलिए दिल्ली के लोगों को सिर्फ केजरीवाल की गारंटी पर यकीन है। वादा करके मुकरने वाली भाजपा पर बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल का एक संदेश लेकर आया हूं कि हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। फिर चाहे दिल्ली हो या पंजाब हो। पंजाब में आपके रिश्तेदार हों तो फोन करके पूछ लेना। हमने जितनी गारंटी दी थी, उसके अलावा भी कई काम करके दिखाए हैं। दिल्लीवालों के दिलों में अरविंद केजरीवाल रहते हैं और केजरीवाल के दिल में भी दिल्ली के लोग रहते हैं। चारों तरफ लोग यही कह रहे हैं कि चाहे हमारे पास कोई भी आ जाए या कितने ही पैसों का ऑफर दे दे, लेकिन वो ● शेष पेज 11 पर

## पुलिस भर्ती शारीरिक परीक्षण में उगाही का आरोपी चिकित्साधिकारी निलंबित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ मेरठ में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के शारीरिक परीक्षण का मामला

❐ शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरोपी चिकित्साधिकारी को निलंबित कियो





लखनऊ। आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक परीक्षण में गड़बड़ी के आरोप में चिकित्साधिकारी को निलंबित किया गया है। आरोप है कि चिकित्साधिकारी ने अभ्यर्थियों से शारीरिक मानक परीक्षण में पास करने के एवज में अनधिकृत उगाही की। शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरोपी चिकित्साधिकारी पर कार्रवाई की है। साथ ही भर्ती में किसी भी तरह की उगाही व मानकों की अनदेखी करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

मेरठ स्थित सरूरपुर खुर्द के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा. दिव्य कुमार राणा तैनात हैं। इनकी ड्यूटी मेरठ स्थित पुलिस लाइन में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक परीक्षण में लगाई गई थी। आरोप है कि चिकित्साधिकारी ने शारीरिक मानक परीक्षण में अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण करने के एवज में अनधिकृत धन उगाही की। शिकायत का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया। डा. दिव्य कुमार राणा को निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस विभाग द्वारा भी उक्त चिकित्साधिकारी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

लखनऊ के लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात ईएनटी चिकित्सक डा. आरिफ अख्तर ने अपने शासकीय कर्तव्यों एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में गम्भीर लापरवाही बरती। शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ने मामले की जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए गए। डिप्टी सीएम ने डॉ. अख्तर की एक वेतनवृद्धि स्थायी रूप से रोकते हुए परिनिन्दा का दण्ड दिया है। प्रयागराज के मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. अरविन्द गुप्ता पर निजी प्रैक्टिस के आरोप लगे हैं। प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर डिप्टी सीएम ने डॉक्टर की निजी प्रैक्टिस मामले की प्रयागराज मंडलायुक्त से भी जांच कराने के निर्देश चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को दिए हैं। मैनपुरी जिला अस्पताल में डॉक्टर पर मरीज व उनके परिजनों से अभद्रता के आरोप लगे हैं। परिजनों ने इलाज में भी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। ● शेष पेज 11 पर

## वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति ने रिपोर्ट लोक सभा अध्यक्ष को सौंपी

नयी दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बजट अधिवेशन से ठीक पहले गुरुवार को समिति की रिपोर्ट का मसौदा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा।

बजट अधिवेशन शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से शुरू होगा और दो चरणों में चार अप्रैल तक चलेगा। वक्फ कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक को समीक्षा के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोक सभा सदस्य श्री पाल के अध्यक्षता में गठित समिति को सौंपा गया था। समिति की बैठकें हंगामेदार रही थीं। अधिकतर विपक्षीय दल विधेयक के कई प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। समिति की रिपोर्ट को बहुमत के आधार पर स्वीकार किया गया है। सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक को इसी बजट सत्र में बहस और पारित कराने के लिये इसे प्रस्तुत कर सकती है। समित के सदस्य और भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने ● शेष पेज 11 पर

**विदेशी श्रद्धालु बोले इतनी भीड़ को नियंत्रित करना सरकार की कुशलत**

## विदेशी सैलानियों की आस्था और जिज्ञासा का केंद्र बना महाकुंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 आस्था, भक्ति और संस्कृति का अद्वितीय संगम बन चुका है। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ रहा है। हर किसी के मन में आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। सभी संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। इस दौरान विदेशी तीर्थयात्री भी महाकुम्भ की अद्भुत व्यवस्था से अभिभूत नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबंधों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की है।



महाकुम्भ में शिरकत करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी यहां की व्यवस्था से काफी प्रभावित हैं। अमेरिका के हवाई से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यह कल्पना से परे है कि इतने अधिक लोग एक साथ एकत्रित होकर आस्था के इस महासंगम में शामिल हुए हैं। इतनी विशाल संख्या में लोगों और यहां के बुनियादी ढांचे को देखते हुए, यह अविश्वसनीय है कि सरकार इसे इतनी कुशलता से संचालित कर पा रही है। हर कोई एक-दूसरे की सहायता करता दिख रहा है। फ्लोरिडा, अमेरिका से आईं मारिया ने कहा कि वह 12 साल पहले भी कुंभ मेले में आई थीं और इस अनुभव ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वे इसे फिर से देखने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव है। मैं पिछले 26 वर्षों से हर साल भारत आती हूं और यहां की संस्कृति से प्रेम करती हूं। पुलिस प्रशासन ने जिस तरह भीड़ को संभाल रखा है, वह प्रशंसनीय है।

रूस के मॉस्को से आईं जूलिया ने कहा कि हम पहली बार महाकुम्भ में आए हैं और यहां की व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं।

❐ महाकुम्भ में पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ पहुंचे विदेशी तीर्थ यात्रियों ने व्यक्त किये अपने विचार

❐ योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की विदेशी श्रद्धालुओं ने की प्रशंसा

❐ विदेशियों ने की महाकुम्भ की व्यवस्था में जुटे सभी कर्मचारियों की तारीफ, बताया अनुशासित और दक्ष

❐ यूएसए, रूस और सेंट्रल एशिया से बड़ी संख्या में विदेशी तीर्थयात्रियों ने महाकुम्भ में लगाई है पुण्य की डुबकी

यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र है। इतने विशाल आयोजन को जिस प्रकार प्रशासन ने व्यवस्थित किया है, वह अविश्वसनीय है। अल्माटी, कजाकिस्तान से आईं अलेना ने कहा कि यह मेरा सपना था कि मैं कुंभ मेले में आऊं। मैं महादेव की कृपा से यहां पहुंच पाई और इस अनुभव को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वहीं पंजाब के पठानकोट से आईं अंजू ने कहा कि प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता दी जा रही है। हमें अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बता दें कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस विराट आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। महाकुम्भ के दौरान लाखों-करोड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन संगम तट पर स्नान करने के लिए उमड़ रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में प्रशासन ने जिस दक्षता और अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। सरकार ने महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया है। भीड़ प्रबंधन के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। सरकार द्वारा की गई इन व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि न केवल भारतीय श्रद्धालु बल्कि विदेशी पर्यटक भी इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने और अनुभव करने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेसी सांसद गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सीतापुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर को गुरुवार दोपहर बाद पुलिस ने उनके आवास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

सांसद राकेश राठौर पर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। 17 जनवरी को इस संबंध में शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद सांसद का पुलिस कोई पता नहीं लगा पाई। 23 जनवरी को सीतापुर में न्यायालय में उन्होंने जमानत याचिका दाखिल की गई जिसको निरस्त कर दिया गया। बुधवार को इस संबंध में हाई कोर्ट में भी यह याचिका डाली गई थी जिसमें उच्च न्यायालय ने दो सप्ताह में सांसद राकेश राठौर को न्यायालय में हाजिर होने के लिए आदेश किया था।

गुरुवार को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने पत्रकारों से अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मामला अदालत में है और उन्हे कानून एवं ईश्वर पर पूरा भरोसा है। यहां के चर्चित भूमाफियाओं ने यह षड्यंत्र रचा है। वह जीवन की आखरी सांस तक भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि 17 तारीख को मेरे विरुद्ध शिकायत शहर कोतवाली में की गई। 17 को ही मेडिकल एवं 164 का बयान भी न्यायालय में दिलवाया गया। इन सब बातों का जवाब अदालत में ही दिया जाएगा। उन्हे न्यायालय पर पूरा भरोसा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के कारण वह भूमाफियाओं के निशाने पर आ गये हैं। संवाददाता सम्मेलन के समाप्त होते ही पुलिस ने राठौर को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया। विस्तृत खबर पेज 4 पर

# अमृत स्नान व सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर वीआईपी मूवमेंट प्रतिबंधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ योगी सरकार ने वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा व महाशिवरात्रि पर आम श्रद्धालुओं की स्मृतियों को यादगार बनाने के लिए उठाया कदम
- ❐ इन सभी प्रमुख तिथियों व इसके आसपास के दिनों पर वीआईपी मूवमेंट रहेगा प्रतिबंधित, आम श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने की दिशा में कारगर होगा प्रयास
- ❐ प्रमुख स्नान पर्वों पर एक दिन पहले और एक दिन बाद में नहीं लागू हो सकेगा कोई भी प्रोटोकॉल

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ वीआईपी और वीवीआईपी भी त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने आ रहे हैं। हालांकि, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर इस तरह के प्रोटोकॉल पर योगी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा इसके समीप की तिथियों पर प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। योगी सरकार की ओर से मेले की शुरुआत से पहले ही इसकी घोषणा की गई थी। अब इस फैसले को सख्ती से लागू किए जाने की पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ मेला-2025 के प्रारंभ में ही योगी सरकार ने अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद की तिथियों पर वीआईपी मूवमेंट रोकने को लेकर एक सर्कुलर जारी किया था। योगी सरकार की इस पहल के जरिए आम श्रद्धालुओं को स्नान पर्व के अवसर पर यादगार अनुभव उपलब्ध कराया जा सकेगा, जहां वह वीआईपी मूवमेंट के कारण हुई असुविधा, मार्ग परिवर्तन, बाधा और रोक से हटकर चिंतामुक्त होकर स्नान व यात्रा कर सकेंगे। जारी सर्कुलर में इस बात का साफ उल्लेख किया गया है कि अमृत स्नान समेत सभी प्रमुख स्नान पर्वों व उसके आसपास के दिनों में वीआईपी मूवमेंट पर रोक रहेगी। ऐसे में, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद तीर्थराज प्रयागराज में मूवमेंट के इच्छुक वीआईपी व वीवीआईपी डेलिगेशन को वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं मिल सकेगा।

इतना ही नहीं, योगी सरकार ने सर्कुलर में ये भी स्पष्ट किया है कि वीआईपी व वीवीआपी मूवमेंट को लेकर एक सप्ताह पहले ही सूचना उपलब्ध करानी होगी। इससे, ऐन वक्त पर निर्धारित होने वाले वीवीआईपी व वीआईपी मूवमेंट पर भी नकेल कसने में मदद मिलेगी, जिससे स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा से बचाने में मदद मिलेगी। इसी के साथ, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के स्नानों पर श्रद्धालुओं को प्रस्तावित भारी भीड़ के बीच लोगों से धैर्य बनाए रखने की विनती करते हुए इन तिथियों व इसके आसपास लोगों को इन तिथियों पर ऐहतियात बरतने की अपील भी की गई है।

### महाकुम्भ में हादसे के बाद पूरा मेला क्षेत्र नो-व्हीकल जोन घोषित

महाकुम्भनगर। प्रयागराज महाकुम्भ में संगम नोज पर हुई भगदड़ के बाद मेला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए पांच बड़े बदलावों को लागू किया है। अब पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, जिससे किसी भी प्रकार के वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। पूरे मेला क्षेत्र पूरी तरह नो-व्हीकल जोन करते हुए सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सभी वीवीआईपी पास रद्द कर दिये गये हैं। अब किसी भी विशेष पास के जरिए वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए वन-वे व्यवस्था लागू की गयी है। प्रयागराज से सटे जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोका जा रहा है। इसके अलावा 4 फरवरी तक शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। प्रशासन का कहना है कि इन बदलावों का उद्देश्य कुम्भ क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने में सहयोग करें।

# सीएम योगी ने बच्चों के साथ बापू को दी स्वरांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिए।

इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा ल्लस्वाधीनता आंदोलन के महानायक, 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन ! श्रद्धेय 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, 'बापू' के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी 'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों। मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों के साथ स्वारांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों 'रघुपति राघव राजाराम...', वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...' जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

# जलकल विभाग में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गुरुवार को ऐशबाग स्थित जलकल विभाग मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर अपोलो हास्पिटल लखनऊ के सहयोग से लगाया गया था। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। शिविर में जलकल विभाग मे कार्यरत अधिकारियों नियमित एवं अनियमित कर्मचारियों और सभी जनमानस के सभी प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप तथा डॉ के परामर्श की सेवायें दी गयी। इस मौके पर हास्पिटल की टीम द्वारा हार्टअटैक कार्डियक अरेस्ट की स्थिति मे सीपीआर देकर जान बचाने के लिये डेमो देकर लोगो को जागरूक किया गया। हॉस्पिटल की टीम द्वारा यह भी बताया गया कि कार्डियोपल्मीनरी रिससिटेशन सीपीआर हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट मे दिये जाने वाला एक प्राथमिक उपचार है। यह उपचार रोगी को तब दिया जाता है जब किसी व्यक्ति को दिल की धड़कन अचानक रूक जाती है, इस स्थिति मे सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। इस स्वास्थ्य शिविर मे अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जलकल विभाग के महाप्रबन्धक कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियन्ता सचिन सिंह यादव, वित्त अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, एवं लेखाधिकारी पंकज सोती आदि तथा अपोलो हॉस्पिटल की ओर से असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर प्रतीक दिक्षित, एवं असिस्टेन्ट मैनेजर अमित श्रीवास्तव, अपनी टीम के साथ रहे। स्वास्थ्य शिविर मे सभी व्यक्तियों की निःशुल्क विभिन्न प्रकार की जाँचे जैसे- ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, आँखो की जाँच इत्यादि करायी गयी और निःशुल्क परामर्श जैसे फीज़िशियन, डायटिशियन, फिज़ियोथेरिपिस्ट इत्यादि सेवायें दी गयी। इसके अलावा शुक्रवार को पुनः अपोलो हास्पिटल लखनऊ एवं जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ जोन-4, विवेकखंड-2, नीलखंड स्वीट हाउस के सामने, टंकी परिसर मे किया जायेगा जिसमे अपोलो हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क सेवा दी जायेगी।

# बाल भिक्षावृत्ति को लेकर जिलाधिकारी ने बैठक की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त किये जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ में जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विभिन्न स्टेक होल्डर्स यथा जनपद स्तरीय अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, परियोजना अधिकारी, डूडा, प्रबंधक, उम्मीद संस्था, लखनऊ, प्रबन्धक, ग्रामीण मानव उत्थान संस्थान तथा बदलाव संस्था लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि पिछली बैठक में इस अभियान में बदलाव संस्था लखनऊ को भी जोड़ा गया है। उक्त तीनों संस्थाओं और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विभागों द्वारा अभियान चलाते हुए बाल भिक्षावृत्ति करने वाले परिवारों को चिन्हित करते हुए 256 बच्चों को बाल सेवा योजना अंतर्गत संतृप्त करते हुए उनके दाखिले स्कूलों में कराए गए है। जिसके सम्बन्ध में





जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए की बाल सेवा योजना से जुड़े बच्चे जो स्कूल जा रहे है इनके ग्राम प्रधानों को यह जिम्मेदारी दी जाए कि इन बच्चों की स्कूल में उपस्थिति का निरंतर सत्यापन करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई बच्चा ड्राप आउट न होने पाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि चाइल्ड लाइन, नगर निगम, वन स्टॉप सेंटर और डूडा की संयुक्त टीमों द्वारा भिक्षावृत्ति वाले पॉकेटों को चिन्हित करते हुए अपनी टीमें तैनात करके इन बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा गया है उन्होंने जिलाधिकारी को बताया गया कि वर्तमान में नगराम में और भजा खेड़ा में 10 दिनों का कैंप किया जा रहा हैं। जिन लोगों के दस्तावेज कम है उनके दस्तावेज बनवा कर उनको सरकार की कल्याणकारी योजनाएं से संतृप्त करते हुए मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। बैठक में उपस्थित स्टेक होल्डर्स से भी गहन विचारा विमर्श करते हुए उनके भी सुझाव लिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि आगामी 3-4 फरवरी को सभी चिन्हित पॉकेट जहां भिक्षावृत्ति करने वाले परिवार आवासित है वहां पर लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ने हेतु समस्त सम्बन्धित विभागों को अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा उनका आधार कार्ड बनवाना, आयुष्मान कार्ड बनवाना, दिव्यांग प्रमाण पत्र, मेडिकल कैम्प, समाज कल्याण एवं महिला कल्याण की योजनाओं से आच्छादित करने, भिक्षावृत्ति में लिप्त महिलाओं एवं बच्चों को कौशल विकास कार्यक्रम जोड़ने एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों का स्कूलों में नामाकंन करते हुए उन्हें ड्रेस, किताबे तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराये जाने तथा कोटेदारों द्वारा राशन एवं श्रम विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु कैम्पों का आयोजन किया जाए।

निर्देशित किया गया कि बाल भिक्षावृत्ति करने वाले परिवारों के सदस्यों को सम्मिलित कर स्वयं सहायता संगठन का गठन करते हुए आरसेटी और डूडा के माध्यम से स्वरोजगार हेतु अवसर प्रदान किए जाए एवं पीएम स्वनिधि व अन्य वित्तीय योजनाओं से ऋण भी उपलब्ध कराया जाए। उक्त के साथ ही भिक्षावृत्ति में लिप्त परिवारों की महिलाओं के स्वरोजगार हेतु स्वयं सहायता समूह का गठन और पुरुषों के लिए जो स्वरोजगार के इच्छुक है उनकी आरसेटी में स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग कराना सुनिश्चित कराया जाए। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन, नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री पंकज सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री विकास, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता



### करछना में कांग्रेसी जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मनाया निर्वाण दिवस

**करछना प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को श्री मती इन्दिरा गाँधी विद्यालय जगौती में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का निर्वाण दिवस मनाया गया सर्व प्रथम उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी इस अवसर पर गाँधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम उपस्थित लोगों ने भाव पूर्वक गाया इस अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि देने वालों में सर्व श्री डा दिनेश कुमार सोनी प्रबन्धक को श्री मती इन्दिरा गाँधी विद्यालय जगौती अरूण कुमार मिश्र प्रधानाचार्य राम मणि द्विवेदी दिपाशूं पाण्डेय सपना विश्व कर्मा आशीष कुमार मिश्र नागेश पाण्डेय जी साक्षी उपाध्याय अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बंथरा,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा उसी के गांव की रहने वाली एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगा है। बंथरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बंथरा पुलिस के अनुसार क्षेत्र के ही सादुल्ला नगर गांव निवासी कौशलेंद्र प्रताप उम्र 27 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश रावत के खिलाफ इसी गांव की रहने वाली एक युवती ने शादी का झांसा देकर बीती 24/25 जनवरी को आलमबाग स्थित रैन बसेरा में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और बाद में शादी से भी इंकार करने का आरोप लगाया है।पीड़ित युवती ने स्थानीय थाने पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी थी जिसके बाद बंथरा पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्त कौशलेन्द्र प्रताप को गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अभियुक्त पेशे से ड्राइवर है जो पिकअप चलाता है।

### खनन में लगे डंफर की टक्कर टूटे बिजली के दो खंभे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के जैसाना गांव में सड़क के किनारे लगे हुए दो बिजली के खंभे टूट कर जमीन पर गिर गए।यह खनन कार्य में लगे हुए डंफर की टक्कर लगने से हुआ।खंभों के गिर जाने के कारण उस इलाके बिजली व्यवस्था 4 – 5 दिन बाधित रही।30 जनवरी को 4 बजे नए खंभे गाड़ कर तार खींचे जा रहे थे।वहीं के रहने वाले गोपी चंद, शिवा और अमर सिंह सहित अन्य कई लोगों ने बताया कि सलेमपुर निवासी लवकुश यादव के चक संख्या 1433 में मिट्टी खनन का कार्य चल रहा है।वही से मिट्टी ले जाने वाले डंफरों के कारण यह अव्यवस्था सामने आई है।गांव वालों के अनुसार खनन में लगे ड़फरो के कारण लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है। डंफरों के कारण धूल उड़ती रहती है जो आने जाने वाले की आंखों में जाती है जिसकी वजह से उनका चल पाना मुश्किल हो जाता है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,

मलिहाबाद/लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मलिहाबाद के मोहम्मद नगर रहमत निवासी मजदूर अनीस कुमार 25 वर्ष पुत्र राम प्रसाद प्रजापति ने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। गुरुवार दोपहर अनीस को फंदे से लटकता देख भाई ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनीस को फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतक के भाई ने बताया कि चार वर्ष पूर्व पिता रामप्रसाद प्रजापति की मौत हो चुकी है। जबकि मां मानसिक विक्षिप्त है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मजदूर ने घर में रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी की है। उसके पास से किसी भी प्रकार का सोसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# मलिहाबाद में समाजवादी पीडीए जन चर्चा चौपाल में उमड़ा जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ समाजवादी पार्टी नें हमेशा पीडीए के विकास के लिए किए काम : सोनू



मलिहाबाद/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भाजपा की संविधान विरोधी सोच के खिलाफ एवं पीडीए के हक और अधिकारों की रक्षा हेतु प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा 'पीडीए चर्चा' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी मे विधानसभा मलिहाबाद के सेक्टर अटारी के प्रभारी अनिल यादव व कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी/प्रभारी सोनू कनौजिया के द्वारा अटारी गांव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य व महासचिव पन्नालाल रावत ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें मुख्य रूप से दयाराम मौर्य,वीरेंद्र सिंह यादव,टी0बी0सिंह यादव,परमेश्वर रावत,गंगा मुनीम,अवधेश सिंह, भगवानबक्स सिंह, अनिल पासी,अवधेश सिंह,जीत बहादुर रावत, अशोक कनौजिया, मुकेश रावत, औसान कनौजिया,करुणेश कनौजिया, विजयी श्री गौतम,अशोक यादव, रामशंकर कनौजिया बी0डी0सी0,धारा यादव,अवधेश रावत,राजेश सविता शामिल रहे।

# प्रयाग गौ सेवा संगठन ट्रस्ट ने किया भव्य भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनी, प्रयागराज। प्रयाग गौ सेवा संगठन ट्रस्ट द्वारा नैनी के मेवालाल बगिया में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। यह भंडारा दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक चला, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन में संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं गौ सेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रजनीश तिवारी, राष्ट्रीय सचिव श्री शिवम् केशरवानी, महामंत्री दीपांशु पांडेय, सहित कई गौ सेवकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

भंडारे के सफल आयोजन में मुख्य रूप से शिव गोपाल केशरवानी हेमंत पांडेय अमन शुक्ला, अखिलेश पटेल, विकास विश्वकर्मा,मनोज कुमार पंकज विश्वकर्मा, राज तिवारी, रोशन केसरवानी, अनूप मिश्रा, रिशु मिश्रा, योगेश मिश्रा, सुधीर कुमार,(चड्ढा जी) विकास विंद्र, विपिन सहाय आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। भंडारे के दौरान सभी गौ सेवक भाइयों ने जय गौ माता की जय जय श्री राम के जयकारों के साथ भक्तों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर सेवा कार्यों में सहभागी बने। इस पावन अवसर पर गौ सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने गौ माता की सेवा और संरक्षण का संकल्प दोहराया। संगठन ने भविष्य में और भी बड़े सेवा कार्यों का आयोजन करने का वचन दिया, जिससे समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को और अधिक सशक्त किया जा सके। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम होने की कामना की

# दर्शनार्थियों का अतिथि देवो भव: के भाव से लोगों ने किया सत्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम तट से लगभग पच्चीस किलोमीटर दूर जारी कस्बे में लल्लू साहू का पूरा परिवार मौनी अमावस्या पर उमड़े अपार जनसैलाब के स्वागत सत्कार में खाने पीने की व्यवस्था और जलपान कराने के साथ आने वाले श्रद्धालुओं में अतिथि देवो भव के भाव से परिपूर्ण होकर लगातार दो दिन से कोमल, गुड़िया, मांगलिका, नन्हा, और शौर्य ने भटके हुए दर्शनार्थियों को सही रास्ता बताते हुए लोगो के सेवा में तत्पर रहे वहीं जारी बाजार में ही शिवराम अग्रहरि, सूधीर साहू, और अन्य व्यापारियों द्वारा लोगों के खाने पीने के लिए लगातार भण्डारा चलाया जा रहा है और वहीं मिश्राबांध में अवनीश शुक्ला और नीरज शुक्ला तथा कंाटी में नीलेश शुक्ला द्वारा लोगों को खाने पीने के लिए भण्डारा तथा रहने के लिए मकान आदि उपलब्ध कराया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पर लोगों के लिए भण्डारे की व्यवस्था कर आदर सत्कार के साथ स्नानार्थियों का प्रयागराज पहुंचने पर स्वागत किया।

# जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए किया भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भंडारे का आयोजन 29 जनवरी प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के उपलक्ष में प्रयागराज जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं आईआईटीएम कॉलेज प्रयागराज संयुक्त तत्वाधान में महाकुंभ के पावन पर्व मौनी अमावस्या के पर्व पर भंडारे का आयोजन कई जगह किया गया ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं आई आईटीएम कॉलेज के डायरेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा जनकल्याण हित के तहत कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिसमें गरीब बच्चों को शिक्षा देना निर्धन व्यक्ति को कपड़ा वितरित करना निर्धन छात्रों को पुस्तक वितरित करना गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करना बुजुर्गों की सेवा गरीब बच्चों को हेल्थ चेकअप कराना गरीबों को आर्थिक सहायता करना आदि कार्य सम्मिलित हैं इसके तहत कुंभ में आए हुए तीर्थ यात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन कई जगह पर किया गया जिसमें चाय पानी पुरी सब्जी खिचड़ी आदि चीज एवं कुछ श्रद्धालुओं को निशुल्क ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई जिससे महाकुंभ में आए हुए श्रद्धालुओं की सेवा हो सके इस अवसर पर ट्रस्ट के मुख्य दृष्टि सुनील कुमार तिवारी नागेंद्र त्रिपाठी शालिनी सिंह कुसुम शुक्ला माधुरी तिवारी राजकुमार सिंह विकास सिंह अनूप सिंह योगेंद्र सिंह अजय सिंह प्रदीप गुप्ता ऋषभ तिवारी अनिमेष सिंह अनुज कुमार तिवारी समीर नैतिक तिवारी नरेंद्र कुमार तिवारी तुषार तिवारी आयुष तिवारी मनु सिंह रवि योगेश रावत सुरेश रावत दुर्गेश तिवारी सर्वेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# शिवपुरा में सपा द्वारा की गई पीडीए जागरूकता बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। गुरुवार को बंथरा के शिवपुरा में सभसाद गोविन्द यादव द्वारा आयोजित पीडीए चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत,पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव ,जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान,वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव ने अपने विचार रखे। अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष ने कहा हम सभी लोग प्रत्येक गांव में द्वार द्वार जा कर पीडीए समाज को जागरूक करते हुए सभी को सम्मान देते हुए समाजवादी परिवार में जोड़कर 2027 के विधानसभा चुनाव में फतह हासिल करेंगे। जिला महासचिव शब्बीर खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरोजनी नगर विधानसभा में शहरी क्षेत्र ज्यादा जुड़ जाने की वजह से हमें यहां मेहनत करने की ज्यादा जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, संजय यादव,मनोज पाल, विकास साहू, रामावतार धीमान, विमला बहदुर गौतम, अंकित मौर्या,चंदारशेखर यादव, नागेंदर सिंह यादव, शिवम् यादव गोलू, राजेश यादव, शैलेन्द्र यादव टुल्लू, इन्द्रेश यादव, अजीत यादव चौपाल का संचालन मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंदर यादव ज्ञानू ने किया। बैठक में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महोंना सड़क हादसे में मृतक व घायल व्यापारियों के परिजनों से मिला संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । मंगलवार रात्रि को इटौंजा थानांतर्गत महोंना में हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।वही घटना की जानकारी पाकर गुरुवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय ने दर्जनों पदाधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मुआयना किया तथा मृतक व घायलों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया।इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि महोंना में यह हृदय विदारक दुर्घटना घटित हुई है,तेज स्पीड से आ रहे कंटेनर न0 यूके08सीके6948 ने पांच पक्की दुकानों को मलबे में बदल दिया था और इस घटना में धनेश पुत्र राम नारायण उम्र 22 वर्ष,संजू पुत्र रामनारायण उम्र 21वर्ष निवासी महोना थाना इटौंजा,शिवा पुत्र अमरेश रावत मुसपिपरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे,जिनका अस्पताल में ईलाज चल रहा है।वही संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने इस मौक़े पर कहा कि दुख की इस घड़ी में संगठन सभी व्यापारियों के साथ है,पीड़ित परिवार सहित सभी व्यापारियों ने बताया कि इससे पहले यहां पर कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार स्थानीय लोगों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए कहा,लेकिन एक बात भी हम लोगों की नही सुनी गई अगर पहले स्पीड ब्रेकर बन जाता तो शायद इतनी बड़ी घटना न होती और इतनी बड़ी घटना घटित होने के बाद प्रशासन ने महोंना में स्पीड ब्रेकर बनवाए।वही राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग कि है की उचित मुआवजा के रूप में हर एक मृतक परिवार को 50-50 लाख एवं घायल व्यापारी को 25 -25 लाख रुपए मदद के रूप में सरकार द्वारा दिया जाए।वही इस मौक़े पर उपाध्यक्ष कौशलपति शुक्ला,विनोद कुमार अवस्थी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप सिंह मिडिया प्रभारी,राजकुमार गुप्ता प्रदेश मीडिया प्रभारी,संयुक्त मंत्री मनोज कुमार रावत सहित अन्य पदाधिकारी/व्यापारी मौजूद रहे।

# बीच रोड में खुला गढ्ढा छोड़ कर फ़रार हुए जलकल कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ महापौर के लाख आदेशों के बाद भी जलकल विभाग के अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जगह जगह खुले चेम्बर हों या कहीं पर क्षतिग्रस्त पानी की पाईप लाइन हो जो जिस स्थिति में है शिकायतों के बाद भी वह उसी स्थिति में बरकरार रहता है और जनता हलकान होती रहती है। ताजा मामले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। नगर निगम ज़ोन 6 के अंतर्गत आने वाले कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के मीर माता गली में लंबे समय से पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त थी जिससे कि पानी लगातार बहता रहता था स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत जलकल विभाग में भी की थी किंतु कोई समाधान नहीं निकला। लोगों की यह समस्या मीडिया में आने के बाद उच्च अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और विभाग के कर्मचारियों को इस क्षतिग्रस्त पानी की लाइन को बदलने के लिए कर्मचारियों को मौके पर भेजा। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करने के लिए जलकल विभाग के कर्मचारी यहाँ पहुंचे थे किंतु पाइपलाइन खुदाई के दौरान उनके द्वारा लापरवाही से खुदाई करने के कारण पानी की लाइन के बराबर से ही गुजर रही सीवर लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। अब स्थिति यह है की कर्मचारियों द्वारा ना तो सीवर लाइन ही ठीक की गई और ना ही टूटी हुई पानी की पाइपलाइन की मरम्मत की गई। कर्मचारी बीच रोड पर गड्ढा खुला छोड़ कर चले गए हैं जिसने पानी भरा हुआ है और लोग इसमें गिर कर लगातार घायल हो रहे। क्षेत्र के संबंधित अवर अभियंता हमेशा की तरह अपनी जिम्मेदारियां से मुंह मोड़े हुए हैं और जनता हलकान हो रही क्षेत्र के संबंधित अवर अभियंता अपने उच्च अधिकारियों की भी नहीं सुनते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि लखनऊ महापौर व विभाग के उच्च अधिकारियों को चाहिए है कि अपने कार्यों में लापरवाही बरत रहे ऐसे अवर अभियंता व कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की जनता की इस समस्या का समाधान निकालें।

## बॉक्स : घरों में पानी के साथ पहुंच रहा है मल

कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के शाहगंज इलाके में लम्बे समय से घरों में पानी की लाइन के जरिए से पीने वाले पानी के साथ-साथ मल भी पहुंच रहा है जिसके चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। यहां पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद इरफान ने बताया की एक महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है घरों में पानी के पाइपलाइन के जरिए मल भी पहुंच रहा है जिससे कि शाहगंज इलाके में रहने वाले कुछ लोग बीमार हो रहे हैं। वह कहते हैं कि सीवर लाइन इतनी घटिया क्वालिटी की डाली गई है जिससे की कई जगहों पर सीवर के चैंबर धंस रहे हैं और पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की वजह से यह गंदा पानी पाइपलाइन के ज़रिये घरों में पहुंच रहा है।

# समीक्षा बैठक के बिन्दुओं पर ठोस कार्यवाही न होने से विधायक नाराज, बोले कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**सीतापुर रोड पर हुए अतिक्रमण व अवैध रुप से लग रही बकरा मंडी समेत विभिन्न कार्यों को लेकर अधिकारियों को लगी कड़ी फटकार**

लखनऊ । उत्तरी विधानसभा क्षेत्र से सम्बंधित जनहित के कार्यों को लेकर विधायक डा. नीरज बोरा ने नगर निगम, जलकल और जल निगम के अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा की। गुरुवार को सीतापुर रोड स्थित कार्यालय में आहूत समीक्षा बैठक में सीवर, नाली, पेयजल, अतिक्रमण से जुड़े बिन्दुओं की मदवार चर्चा कर अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की गई। नवम्बर माह में हुई समीक्षा बैठक के बिन्दुओं पर ठोस कार्यवाही न होने से नाराज विधायक ने अप्रसन्नता दिखाई। कतिपय कार्यों को लेकर बैठक में प्रस्तुत गलत रिपोर्ट गुमराह करने वाला बताते हुए कहा कि कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गुड़ियन टोला डालीगंज तथा फतेपुर अलीगंज में सीवर लाइन डालने के प्रकरण में कार्यवाही न किये जाने, दाउदनगर में सामुदायिक केन्द्र हेतु जमीन हस्तांतरण, डालीगंज रेलवे स्टेशन की सड़क व सीतापुर रोड पर हुए अतिक्रमण, अवैध रुप से लग रही बकरा मंडी, केशव नगर पुलिस चौकी के पास सड़क पैचिंग आदि विभिन्न कार्यों को लेकर अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता ने जलकल, जल निगम और सुएज के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। चेतावनी देते हुए कहा कि सभी बिन्दुओं पर अगले बीस दिन में कार्यवाही सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि अधिकारी अपना ध्यान कार्य को टालने की बजाय उसे समय से पूरा करने पर फोकस करें। विकास कार्यों का त्वरित समाधान होना चाहिए। जनता को असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाय।

# रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ की निधि से हुआ सडक निर्माण कार्य का शिलांन्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने मे प्रदेश सरकार कोई कोर कसर नही छोड़ रही लोगों को जीवन कैसे सुगम बनाया जाये इसके लिए विधायक से लेकर सांसद तक विकास कार्य मे तत्पर दिखाई देते है। ऐसे ही एक विकास कार्य का शिलान्यास गुरूवार को किया गया जिस कार्य के होने की खुशी मे लोगों ने खूब मिठाई भी बाँटी और अपने नेताओं व सरकार को इसके लिए धन्यवाद भी दिया। आपको बता दें कि दुबग्गा के कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड में देश रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपविजेता विधायक अंजलि कुमार श्रीवास्तव के सहयोग से सकलदीप सिंह के घर से डॉक्टर के घर तक सड़क का शिलान्यास किया उक्त अवसर पर मनोज चौरसिया सुमित कुमार गुप्ता उर्फ गोलू शीतल रावत सनी रावत त्रिभुवन यादव बबलू लोधी आदर्श मिश्रा क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित रहे।

# शहर में अवैध प्लाटिंग पर गरजा एलडीए का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार को भी प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कृष्णानगर के अली नगर सुनहरा में 25 एकड़ में व 20 बीघा के विशाल क्षेत्रफल में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा बीकेटी में चंद्रिका देवी रोड पर चल रही एक अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि न्यू गोल्डन सिटी सहकारी आवास समिति लिमिटेड के फजल मोहम्मद, चित्रेश तिवारी, आकांक्षा, अरूण सिंह, हिमांशु सक्सेना व अरूण द्विवेदी द्वारा कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में लगभग 20 एकड़ क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा संदीप पाल, राघवेन्द्र यादव व अन्य द्वारा अलीनगर सुनहरा में लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव व अवर अभियंता एसके सिंह व राम चौहान ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि स्वतंत्र देव मिश्रा व अन्य द्वारा बख्शी का तालाब के ग्राम-भवानीपुर में चंद्रिका देवी रोड पर पर्वतपुर तिराहे के पास लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया।

## बीकेटी में बाईक लदे कंटेनर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा



बीकेटी, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बख्शी का तालाब थानांतर्गत सीतापुर रोड़ रामपुर बेहड़ा गांव के पास गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे मोटर साईकिल लदे कंटेनर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई,वही आग लगने से आसपास हड़कंप मच गया और राहगीरों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दिया,वही सूचना के बाद फायर ब्रिगेड जब तक पहुंचती तब कंटेनर का अगला हिस्सा जल चुका था,वही फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और कंटेनर में लदी मोटर साइकिलों को जलने से बचाया,घटना के समय कंटेनर लखनऊ की तरफ़ हाईवे के किनारे ढाबे के पास खड़ा था।कंटेनर ड्राइवर भरत सिंह के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक़ वह ट्रक कंटेनर यूपी 78एफएन5805 में 50मोटरसाइकिल हीरो मोटोकॉर्प कंपनी की हरिद्वार उत्तराखंड से लोड कर रामगढ़ रांची जा रहा था,वह गुरुवार को बख्शी का तालाब थानांतर्गत सीतापुर रोड़ रामपुर बेहड़ा गांव के पास एक ढाबा पर रुककर स्नान कर रहा था,तभी संदिग्ध परिस्थितियों लगभग एक बजे कंटेनर से आग लग गई और आग की तेज़ लपटे उठने लगी तभी घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया,पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,वही कंटेनर में छोटा गैस सिलेण्डर भी रखा हुआ था,फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता से गैस सिलेंडर को बाहर निकाला,वही स्थानीय लोगों चर्चा थी कि शायद अगर फायर ब्रिगेड सिलेंडर को जल्द बाहर न निकाल पाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## अपहरण कर पिटाई का आरोप मुकदमा दर्ज

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र में कार सवारों पर एक युवक को करीब 15 घंटे तक कार में जबरन बिठाकर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने बंथरा थाने पर लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उन्नाव जिले के अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत मक्का खेड़ा गांव निवासी मोहित यादव पुत्र सुरेश यादव ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए बताया है कि वह मंगलवार को अपने घर से ट्रैक्टर का सामान लेने बंथरा बाजार आए थे तभी वहां मुझे मेरी मौसी के गांव के शिवकुमार पुत्र विशंभर यादव ठकुराइन खेड़ा मिले, मैं जैसे ही समान लेकर बाहर निकाला तो रवि यादव पुत्र भोला प्रसाद निवासी विष्णु नगर गौरी सरोजिनी नगर ने अपने तीन-चार अन्य साथियों के साथ मुझे खींचकर अपनी गाड़ी में बिठा लिया और मेरे मुंह में कपड़ा ढूंढ दिया। पीड़ित के अनुसार उन लोगों ने हाथ पैर बांधकर उसे पीटते रहे और यह कहते रहे की तुम्हारे मौसी के लड़के ने मेरी बहन को भागकर शादी की है तुम उसका पता बताओ यदि नहीं बताओगे तो हम लोग तुम्हें जान से मार देंगे। पीड़ित के अनुसार आरोपी उसे मंगलवार करीब 3 बजे से लेकर पूरी रात प्रताड़ित करते रहे और सुबह करीब 6:30 बजे कासिम खेड़ा जंगल के पास छोड़कर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग मुझे असलहा दिखाकर मेरा एक वीडियो भी बनाया जिससे घटना को छुपाया जा सके और कहा कि यदि रवि यादव की बहन वापस नहीं आई तो तुम्हारे सभी रिश्तेदारों को व तुम्हें इसी तरह मारते रहेंगे और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बंथरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए अपनी कार्रवाई शुरू की है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया कालीन बुनाई केंद्र

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के तहत डालमिया भारत समूह की सीएसआर शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन ने जयपुर रग्स फाउंडेशन के सहयोग से उत्तर प्रदेश के गोपालपुर गांव में एक रग लूम सेंटर शुरू किया है। यह पहल, फाउंडेशन की प्रमुख ग्राम परिवर्तन परियोजना का हिस्सा है, जो चार गांवों - रामपुर, गोपालपुर, गोमिदापुर और अशरफनगर की 64 महिलाओं को हाथ से गांठ वाली कालीन बुनाई के पारंपरिक शिल्प में प्रशिक्षित करेगी।

## बाल निकुंज में कम्प्यूटर क्विज कंपटीशन का आयोजन, 120 चयनित छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर में अंतर्शाखीय कंप्यूटर क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन में सभी चारों शाखाओं से हाई स्कूल के 20-20 कुल 6 टीमों के 120 चयनित छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# लखनऊ व्यापार मण्डल ने मनाया व्यापारिक पारिवारिक उत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरूवार को लखनऊ व्यापार मण्डल द्वारा व्या पारिक पारिवारिक उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी व्यापारी परिवार सहित उपस्थित हुए। पारिवारिक उत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर मंच का संचालन करते हुए पवन मनोचा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी व्यापारी अपने परिवार के साथ पिकनिक के रूप में व्यापार मण्डल परिवार के साथ आये हुए है जिसमें बच्चों के लिए खेल कूद प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए हाऊजी, युवाओं का क्रिकेट मैच एवं वरिष्ठ व्यापारियों को व्यापारी रत्न सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने वरिष्ठ व्यापारियों को व्यापारी रत्न सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट पाठ्यक्रम के सफल समापन पर प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिंद्रा की कौशल विकास योजना ''काबिल'' के तहत नवयुग कन्या महाविद्यालय में ''जनरल ड्यूटी असिस्टेंट'' पाठ्यक्रम के सफल समापन पर एक प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम का आयोजन नवयुग कन्या महाविद्यालय द्वारा सेंटम फाउंडेशन एंड महिंद्रा के सहयोग से प्रिंसिपल प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि महिंद्रा की पूजा नंदा और तौसीफ रहे। तो वहीं सेंटम फाउंडेशन के सुमन, रेखित लवानिया, इरफान और प्रियांक गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# रेलवे पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग लाखों का माल स्वाहा, मजदूर हुए जख्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजिनी नगर लखनऊः क्षेत्र के नादरगंज स्थित रेलवे के पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में गुरुवार करीब 3:00 अचानक आग लग गई आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया वहीं बताते हैं की फैक्ट्री के मिक्सिंग क्षेत्र में धुआं भर जाने से दो कर्मचारी बेहोश भी हो गए फिलहाल दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार नादरगंज अमौसी के औद्योगिक क्षेत्र में आर्यन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी है कंपनी में रेलवे के रबर पार्ट्स बनते हैं। इसी कंपनी के मिक्सिंग क्षेत्र में करीब 3 आग लगा गई मौजूद मजदूरों ने आग बुझाने का प्रयास किया किंतु जब कामयाबी नहीं मिली तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग लगने से कई लाख का माल जलकर स्वाहा हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है

# कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद को भेजा जेल, 13 दिन बाद होगी अगली सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर से कंग्रेस के सांसद राकेश राठौर को बलात्कार के आरोप में बृहस्पतिवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया. जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने उन्हें 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. रेप कांड के आरोपी सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर सीजेएम कोर्ट में पेश किया. यहां सीजेएम गौरव प्रकाश ने 13 फरवरी तक ज्यूडिशियल रिमांड देते हुए आरोपी सांसद को जेल भेज दिया है. अब इस मामले में 13 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। राकेश राठौर ने मुकदमे को राजीतिक षड़यंत्र बताया। कहा, भूमाफियाओं के विरुद्ध अभियान छेड़ जाने के बाद उन पर मुकदमा लिखाया गया। उन्होंने अदालत और ईश्वर पर पूरा भरोसा है। उन्होंने आगे कहा कि सदस्यता रद्द करने की मांग करने वाले पहले सभासदी जीते और सांसद लिखना सीखें। इसके बाद कोई मांग उठाएं।




**राजनीति में चमकाने का दिया था भरोसा**

पीड़िता का कहना है वर्ष 2018 में राकेश राठौर विधायक थे। इसी वर्ष उनकी मुलाकात राकेश राठौर से हुई थी। इसके बाद राकेश राठौर ने उन्हें संरक्षण देकर राजनीति में चमकाने का भरोसा दिलाया। कुछ दिन बाद उन्होंने महिला को एक जातीय संगठन का महिला अध्यक्ष बनाकर निकटता बढ़ाई।राकेश राठौर ने महिला को घर बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर राकेश राठौर ने पत्नी से तलाक लेकर पीड़िता से शादी करने का भरोसा दिया। इसके बाद राकेश राठौर ने पीड़िता से कई बार दुष्कर्म किया। सांसद बनने के बाद राकेश राठौर ने पीड़िता को अपने घर बुलाया। आरोप है कि सांसद ने एक सादे कागज पर आपत्तिजनक शब्द लिखवाकर हस्ताक्षर करवाए। साथ ही यह भी कहा कि अगर विरोध किया तो तुम्हें बदनाम कर दूंगा। आरोप है कि विरोध करने पर सांसद ने जान-माल के नुकसान की धमकी दी।

**हाई कोर्ट से खारिज हो चुकी थी अग्रिम जमानत,13 दिन की न्यायिक हिरासत**

**सीतापुर से पुलिस ने जारी किया था एनबीडब्लू**

**सीतापुर सांसद गिरफ्तार या सरेंडर हुए ?**

सीतापुर सांसद राकेश राठौर के सभी नम्बर 17 जनवरी से बन्द आ रहे थे अचानक आज सांसद ने अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस में अपना बयान देते हुए खुद को निर्दोष व आरोप बेबुनियाद बातये सवाल ये उठता है पुलिस किसी को कही से गिरफ्तार कर सकती है पर सांसद के गिरफ्तारी के मामले में सीतापुर पुलिस सांसद के साये को भी नही छू पायी पर सांसद पक्ष के लोगो का कहना है सांसद ने सरेंडर किया है वही दूसरा पक्ष सांसद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ऐसा दावा किया जा रहा है। अब जब सांसद जी खुले आम प्रेस कांफ्रेंस करते है तभी सीतापुर पुलिस पहुच कर उन्हें गिरफ्तार करती है। उनके मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले जाया जाता है व पुलिस अग्रिम कार्यवाही के लिए अपनी कार्यवाही करती है सवाल ये उठता है आखिर इतने दिनों से सांसद को पुलिस गिरफ्तार क्यो नही कर पाई क्या पुलिस पर राजनैतिक दबाव था या उनकी स्वयं की असफलता थी।

## मौनी अमावस्या पर असहाय जरूरतमंदो किया गया कम्बल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहटा, सीतापुर । राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी प्रदेश महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह द्वारा मौनी अमावस्या पर सैकड़ों गरीब बुजुर्ग महिला पुरूषों को कंबल वितरण किया साथ ही भगवान का चित्र दिया गया है

सीतापुर।राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी एन सी पी के प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने हर वर्ष की तरह बुधवार को इस बार भी कंबल वितरण किया।विकास खण्ड सकरनं की ग्राम पंचायत सुमरावां के साथ कई अन्य गांवों में गरीब बुजुर्ग महिला पुरूषों के साथ विकलांग आश्रित लोगों को कमलं वितरण के साथ ही भगवान का चित्र का कैलेण्डर दिया और सभी का हाल चाल पूछा साथ ही ग्रामीण जनता से सरकार द्वारा भेजी जा रही योजनाओं के बारे में जनता से जानकारी लिया और जनता की जो समस्यायों को जाना और उन समस्या को जल्द दूर कराने का अवशासन दिया इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने यह भी बताया की जनपद मे लगातार भीषण ठंड पड़ रही है जिसके कारण गरीब बुजुर्ग महिला पुरूषों और ज़रूरत मंदो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किया जा रहे है इसके पहले लहरपुर और परसेडी में सैकड़ों लोग को कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ललित सिंह संतोष कुमार शुक्ला सकरनं वकील अहमद प्रदेश महासचिव व मेराज अहमद सीतापुर व विनोद शुक्ला सकरनं बाबू निषाद माधव शुक्ला अंकित राजपूत हरिश्चन्द्र राजपूत गुडडू भार्गव रिन्कू निर्मल मनोज राजपूत श्री कृष्ण रजनीश गिरी साथ ही मिडिया प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामकुंड चौराहा से चिकमंडी चौराहा तक चला अतिक्रमण हटाने का अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर । उप जिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में राजस्व विभाग, नगर पालिका परिषद महमूदाबाद और पुलिस की संयुक्त टीम ने रामकुंड चौराहा से चिकमंडी चौराहा तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

इस अभियान में तहसीलदार महमूदाबाद अनिल कुमार राम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शैलेंद्र दुबे और स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की टीम ने अवैध रूप से कब्जा की गई जगहों को खाली कराया और दुकानदारों व स्थानीय नागरिकों को भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध की सूचना नहीं मिली, और अभियान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्रशासन ने कहा कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे ताकि सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सके और आम जनता को सुगम यातायात मिल सके।



# युवती की हत्या,तफ्तीश में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन-खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र के गौरिया गांव में विशेष समुदाय के एक युवक ने गांव की ही एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर देहरादून भगा ले गया था।जहां युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवती की हत्या कर शव को देहरादून के रामनगर थाना क्षेत्र के जंगल में फेंक दिया।आरोपियों की निशानदेही पर उत्तराखंड और पढुआ पुलिस ने शव को बरामद कर 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है।मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद गौरिया गांव के लिए रवाना हो गया है। शांति व्यवस्था कायम रखने के दृष्टिगत गौरिया गांव पूरा छावनी में तब्दील है।एसपी संकल्प शर्मा ने पढुआ थाने में स्वयं कैंप कर घटना की विस्तृत जानकारी व परिजनों से जानकारी ली।एहतियातन गांव में सीओ के साथ पुलिस बल एवं पीएसी तैनात है।



मृतका के पिता शंभू ने पढुआ पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही युवक ने पुत्री लक्ष्मी को बहला फुसलाकर घर भगा ले गया है, जिसे वापस लाने के लिए व आरोपीयों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओ ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी ।लापता युवती की तलाश के लिए पुलिस लगातार मामले पर निगरानी रख कर छानबीन शुरू कर दी गौरिया गांव से लेकर निघासन, पलिया, खुटार होते हुए पूरनपुर, पीलीभीत तक सीसीटीवी की फुटेज खंगाले गए, निघासन चौराहे पर लगे कैमरों में आरोपी युवती को अपनी मोटरसाइकिल के पीछे बैठाकर पलिया की ले जाते हुए देखा गया।जिसके आधार पर पीलीभीत तक दोनों की तलाश की गई। रात और कोहरे के कारण खुटार के आगे की लोकेशन नहीं मिली, जिसके बाद भी पुलिस ने हार नहीं मानी और सर्विलांस और मोबाइल लोकेशन के जरिए आरोपी को लोकेशन देहरादून में मिली।जिसके बाद पढुआ पुलिस देहरादून पहुंची, देहरादून पुलिस की सहायता से आरोपी को हिरासत में ले लिया।आरोपी की निशानदेही पर देहरादून के रामनगर थाना क्षेत्र के जंगल से युवती का शव बरामद कर लिया, और हत्या में शामिल सभी आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया। वहीं मृतका का शव पीएम के बाद मृतका के गांव गौरिया लाया जा रहा है खबर लिखे जाने तक मृतका शव गांव नहीं पहुंचा था।

## गौरिया गांव छावनी में तब्दील

**दिन भर पसरा रहा गांव में सन्नाटा**

नाबालिक युवती की मौत के बाद से पूरे गांव में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा गांव के लोग घटना से डरें सहमें रहे वहीं परिजनों ने पूरी घटना का सफल अनावरण व दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं।

**पूरा गांव छावनी में तब्दील**

मामले को देखते हुए गौरिया गांव में सुरक्षा के दृष्टिगत पीएसी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

इस दौरान धौरहरा सीओ व निघासन सीओ महक शर्मा सहित शारदानगर, धौरहरा,गौरीफंटा, मझगई, सिंगाही तिकुनिया, पढुआ मौजूद रही।

**विधायक ने परिजनों से की मुलाकात**

विधायक शशांक वर्मा मृतका के गांव गौरिया पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। विधायक शशांक वर्मा ने बताया है घटना में संलिप्त दोषियों को? किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा,जो भी दोषी होगा उसे सजा अवश्य मिलेगी।

## अवैध निर्माण पर प्रशासन की कार्यवाही



पलियाकलां कैनविज टाइम्स संवाददाता खीरी तहसील पलिया क्षेत्रान्तर्गत पटिहन रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व से चिन्हित अतिक्रमण पर आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण कराते, नोटिस की अवधि पूर्ण होने के उपरांत भी अतिक्रमण न हटाए जाने पर नायब तहसीलदार पलिया, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड – 3 के अभियन्ता तथा पलिया पुलिस की उपस्थिति अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही की गई।

## आपसी मन–मुटाव में पत्नी के चले जाने से नाराज पति ने लगाई फंसी

निघासन–खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । निघासन थाना क्षेत्र के सहतेपुरवा में कल दिन बुधवार को पति पत्नी सहित परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिस पर पत्नी नाराज होकर गांव में चली गई थी पति के इधर उधर खोजने के बाद पत्नी न मिलने से पति ने लगाई फांसी। रंजिश के चलते पड़ोसी युवक को फसाने के लिए निघासन थाना में दिया प्रार्थना पत्र। पूंछताछ के लिए सहते पुरवा निवासी युवक को पुलिस उठाकर लाई कर रही पूछताछ। बॉडी को पीएम के लिए भेजा। थाने लए गए युवक के पक्ष में गांव के सैकड़ों लोग तैयार ग्रामीणों ने कहा थाने लाए गए युवक को नाजायज फंसाया जा रहा वहीं पुलिस ने बताया कि निश्चिंत होकर रहिए निर्दोष को जेल नहीं भेजा जाएगा पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## बच्चो कोओरल केयर द्वारा दंत सुरक्षा की जानकारी दी गई

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । आर.जे.जे.एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे ओरल केयर की एक टीम द्वारा छात्र छात्राओ को दांतो की सुरक्षा करने , उचित ढंग से ब्रश करने के तरीके की जानकारी दी गई। टीम मेम्बर ने बच्चो को दिन मे दो बार ब्रश करने के लिये प्रेरित किया साथ ही उन्होने बच्चो को ब्रश कैसे करना है इसकी जानकारी दी। साथ ही बच्चो को एक दंतमंजन,ब्रश व एक ब्रशिंग कैलेण्डर दिया गया। टीम मेम्बर के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिये एक प्रशस्ति पत्र विद्यालय प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल, प्रबंधक कुलदीप जयसवाल,उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस व अन्य शिक्षक शिक्षिकाऐ व बच्चे उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

महमूदाबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । शहीदी दिवस के अवसर पर मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज, साइंस एंड टेक्नोलॉजी के भव्य सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के सचिव एवं पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हजारों वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसके परिणामस्वरूप भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ और 26 जनवरी 1950 को गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि बलिदानियों के प्रति सच्ची श्रद्धा तभी व्यक्त की जा सकती है, जब हम गांधी जी के विचारों और सिद्धांतों का पालन करें। उनके सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक विचार आज भी प्रासंगिक हैं और मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे भारतीय संविधान का पालन करेंगे, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित करेंगे और सामाजिक सौहार्द व भाईचारे को बढ़ावा देकर भारत को एक महाशक्ति बनाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, डॉ. अंकुर सिंह, डॉ. कौशलेन्द्र मिश्र, डॉ. प्रदीप, डॉ. शबीना मुस्तफा, बृजेश कुमार, सर्वेश श्रीवास्तव, सत्येंद्र यादव, अनूप सिंह, राहुल सिंह, श्रीकांत द्विवेदी, विनोद कुमार सहित अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# गोण्डा मेडिकल कॉलेज..जहां 'मुर्दा' हालत में हैं शव वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । सपा सरकार ने मेडिकल कॉलेज में शव को घर पहुंचाने के लिए जिला अस्पताल भेजे गए शव वाहन सिस्टम की लापरवाही से 'मुर्दा' हालत में पहुंच गए हैं।वाहनों के टायर खराब होने लगे हैं टायर का हवा निकला हुआ कबाड़ की हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पीछे खड़ा है।बताते हैं देवीपाटन मंडल का गौरव कहे जाने वाला बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय अपनी स्वास्थ सेवाओं की विशेषताओं को लेकर सजग नही दिखाई पड़ता हैं प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी संवेदन शील शव वाहन सेवा कागजी बन कर रह गया है।शव वाहन के चालक अधिकारियों से इसके निर्बाध संचालन के लिए तेल की आपूर्ति,एवम इसके मेंटीनेंस को लेकर कई बार अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं किंतु कई महीने बीत जाने के पश्चात भी समस्या का निस्तारण तो दूर इस सम स्या को लेकर कोई चर्चा तक नही की।जा रही है शव वाह न सेवा पूरी तरह बंद है,एक शव वाहन के भरोसे नाम मात्र के लिए कार्य लिया जा रहा है,वह भी अत्यंत जर्जर अवस्था में है।उधर दूसरी ओर मृतक मरीजों के तीमारदार अन्य निजी।वाहनों से शव को ले जाने के लिए विवश है।

**मेडिकल कालेज में शव वाहन चार,तीन खराब, अधिकारी लाचार**

**क्यों की जा रही हैं स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा हीला हवाली..?**

शव वाहन चार हैं।दो शव वाहन मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा अस्पताल को उपलब्ध कराए गए हैं,जिनके तेल की आपूर्ति एवम मेंटीनेंस का जिम्मा सीएमओ कार्यालय के पास है।दूसरी ओर दो शव वाहन का संचालन जिला अस्प ताल के द्वारा।किया जा रहा है।इन वाहनों पर चार चालको को संविदा के द्वारा नियुक्त किया गया है।दो वाहन चालक, पिंटू,माधव,को सीएमओ कार्यालय के द्वारा अरुण सिंह, श्रवण सिंह को जिला अस्पताल प्रशासन के द्वारा नियुक्त किया गया है।सूत्र बता रहें हैं कि पिछले कई महीने से श व वाहन खराब पड़े हुए है,जबकि दूसरे वाहन में यांत्रिक खराबी के कारण संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिला अस्पताल अपने वाहनों का मेंटीनेंस समय से नही करा पा रहा है जिसके कारण एक वाहन की स्टेयरिंग जाम है,चालक सीट उखड़ी हुई है,हूटर टूटा हुआ है,इंजिन ऑयल ब्रेक ऑयल नदारद है।टायर पंचर पड़ा हुआ है। दूसरे वाहन में टायर खत्म है,इंजिन जर्जर है,अन्य कई यांत्रिक खराबी मौजूद है।इन वाहनों के निर्बाध संचालन के लिए वाहनों का फिट होना जरूरी है,किंतु इनमे से दो वाह न तो ऐसे हैं जिनके कागजात तक पूरे नही है।खतरे की बात करें तो तीन शव वाहन अभी तक बिना नंबर प्लेट के ही सड़को पर दौड़ रहे है।वाहन चार लेकिन संचालन का जिम्मा दो जगह बंटा होने के कारण भी संचालन में बाधा आ रही है।जब इस संबंध में कोई बात या जानकारी की जाती है तो अधिकारी अपना पल्ला झाड़ लेते है यह कह कर की यह गाड़ी हमारी नही अन्य जगह से है।

**गंभीर नहीं है अधिकारी इसके संचालन को लेकर**

खराब शव वाहनों को पुनः ठीक करा कर निर्बाध रूप से इसके संचालन को लेकर अधिकारियों में गंभीरता का अभाव नजर आता है।सच तो यह है कि इस महत्वपूर्ण सेवा का संचालन अधिकारी नही बाबू लोग करा रहे है। जिला अस्पताल में खराब पड़े शव वाहनों के मेंटीनेंस को लेकर अधिकारी जब बाबुओं से बात करते है तो उन्हें कई सारे पेंच,अड़चने बता कर कार्य को स्थगित कर दिया जाता है।कुछ रोज पहले जब वाहनों को बनवाने के लिए वी तेल की आपूर्ति किए जाने की बात अधिकारियों से की गई तो बाबुओं को निर्देशित किया गया था की प्राथमिकता के आधार पर इन वाहनों को बनवाया जाए तेल की आपू र्ति की जाए किंतु उनका यह आदेश हवा हवाई साबित हुआ। जब वाहन चालकों से बात की गई तो उन्होंने यही बताया की एक हफ्ते तक।बाबुओं के चक्कर लगाते रहे अंत में न तेल मिला न वाहनों को बनवाने के लिए कुछ किया गया।थक हार कर हम लोग फिर जैसे थे वैसे ही अपने काम में लगे हुए हैं।इस तरह अधिकारियों के आदेश की अवहेलना होने के पश्चात भी अधिकारियों का जिम्मेदा रों पर कोई कार्यवाही न करना इस बात का संकेत है कि अधिकारी खुद इसके संचालन को लेकर गंभीर नहीं है। अस्पताल सूत्र तो यहां तक बताते रहे हैं कि शव वाहनों के बनवाने के पीछे 40 प्रतिशत कमीशन की।डिमांड अस्पता ल के एक लिपिक के द्वारा की जा रही है,इसी कारण इन वाहनों को अनुबंधित फर्म में बनने के लिए नही भेजा जा रहा है।चूंकि अनुबंधित फर्म कोटेशन के द्वारा बिल का भुगतान लेती है और उसके द्वारा किसी भी प्रकार का सुविधा शुल्क अस्पताल लिपिक को प्राप्त नहीं होता था, इसलिए उस फर्म का भुगतान कई बार नही किया गया जिसके चलते लाखो रुपए का भुगतान फर्म का फंसा हुआ है।इन्ही कारणों के चलते फर्म ने इन वाहनों के मेंटीनेंस किए जाने से अपने हाथ खड़े के दिए।दूसरी ओर अब अस्पताल कार्यालय इन वाहनों को बनवाए जाने के लिए बिना कोटेशन के ही कार्य करना चाहता है। लेकिन कोई मनमाफिक फर्म उसे अभी तक नही मिली है जो उसके 60 प्रतिशत+40 प्रतिशत के जादू को समझ कर कार्य के लिए राजी हो सके।इन्ही सब कारणों के चलते शव वाहन सेवा बाधित है या यूं कहना कुछ गलत न होगा की इसे रोक कर रखा गया है।

## प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल हुए जितेन्द्र उर्फ टिंकू

सुल्तानपुर। प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अपनी पार्टी में राष्ट्रीय और प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार किया है।जिसमे आज जिले के जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू सिंह को युवा मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष घोषित किया है।वही जहा इस घोषणा के बाद जितेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर है तो वही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वालों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर अपने खुशी का इजहार किया है। इस बाबत जब जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मैं पार्टी के प्रति सदैव सजग रूप से काम करने का काम किया था।मुझे पार्टी हाइ कमान द्वारा जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठापूर्वक उसका निर्वाहन करूंगा।पार्टी में हमेसा मजबूत करने की दिशा में करते हुए पार्टी नीतियों का पालन करूंगा।जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री ओम प्रकाश राजभर व पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉक्टर अरविन्द राजभर को धन्यवाद देते हुए उनके द्वारा बनाये पार्टी के नियमो का पालन करने शपथ भी उठाई।

# घने कोहरे में सक्रिय हो जाते है जाते है गन्ना माफिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झरेखापुर। एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा सड़क पर किसी भी प्रकार से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही हैं वही सीतापुर जनपद के थाना हरगांव क्षेत्र की झरेखापुर चौराहे पर सुबह 5:00 से घने कोहरे के बीच में अवैध तरीके से गन्ने के दलालों के द्वारा सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली से यातायात मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है और गन्ना बेल वालों से मिली भगत से क्रय विक्रय किया जाता है जिससे आए दिन हादसे होते हैं परंतु इन गन्ना दलालों और गुड बेल मालिकों के ऊपर इस चीज का कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उन्हें सिर्फ और सिर्फ अपने व्यापार से मतलब है किसी की जान की कीमत उनके लिए कुछ भी नहीं। झरेखापुर चौराहे पर ही कमाल नामक एक गुड बेल का व्यापारी है जिसने अपने लाइसेंस के विपरीत अधिक मात्रा में गन्ने का स्टॉक कर रखा है और सुबह 5:00 बजे से गन्ने की खरीदारी करने लगता है जिसके द्वारा ट्रालियां रोड से लेकर गुड़ बेल तक लाइन से खड़ी करवा देता है इस समय कोहरे के बीच लगातार एक्सीडेंट हो रहे हैं और वही जानकारी तो इस कदर है की गुड बेल व्यापारी कमाल द्वारा एक्सीडेंट होने के बाद अपने ट्रैक्टर ट्राली को बचाने के लिए चोटिल को ही डराया धमकाया जाता है । दिनाक 30 जनवरी को सतेंद्र सिंह निवासी लखीमपुर अपने परिवार के साथ सुबह 6:00 बजे के करीब लखनऊ के लिए निकलते हैं और उनकी गाड़ी इन्हीं कमाल की गुड बेल के सामने रोड पर खड़ी विपरीत दिशा में ट्रैक्टर ट्राली से घने कोहरे के कारण लड़ जाती है चोटिल अपनी गाड़ी से किसी प्रकार से निकलता है और अपने परिवार को निकालता है तब तक गुडवैल मालिक कमाल और कुछ अन्य लोग इकट्ठा हो जाते हैं और ट्रैक्टर ट्राली को भगा देते हैं वही पीड़ित के द्वारा एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया जाता है जिसको छुड़ाने के लिए गुडबेल मालिक कमॉल के द्वारा चोटिल हुए सत्येंद्र सिंह व उनके परिवार के साथ मारपीट व गाली गलौज की जाती है वही तब तक पुलिस के आ जाने पर उस ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा चौकी पर ले जाया जाता है जहा पर पीड़ित द्वारा प्रार्थना पत्र भी दिया जाता है ।



**बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्रॉली का लगता है सड़क पर जमावड़ा**

**गुड बेल मालिक कमाल के सड़क पर अवैध तरीके से गन्ना खरीद के कारण लगातार हो रहे हादसे**

# मनरेगा कार्यों में धांधली का आरोप ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। मनरेगा योजना के तहत हुए कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। दुदही विकास खंड के दुमही ग्राम सभा के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर इस घोटाले की जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में आधा दर्जन सड़कों का निर्माण कागजों में दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया है, जबकि वास्तव में कोई काम नहीं हुआ है। खासकर एक सड़क का नाम लेकर ग्रामीणों ने बताया कि वहां कोई काम नहीं हुआ, फिर भी पेमेंट हो चुका है। इसके अलावा, गांव से बाहर कमाने गए लोगों के नाम भी मनरेगा मजदूरों की सूची में जोड़कर भुगतान किया गया। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द जांच नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में इस तरह के भ्रष्टाचार से गरीब मजदूरों के हक पर डाका डाला जा रहा है, जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब तक इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच शुरू नहीं हुई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे व्यापक आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में जितेन्द्र गुप्ता, छोटेलाल कुशवाहा, दुर्गेश खरवार, राजमंगल कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, गुलशन कुशवाहा समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

# सपा के लिए परिवार पहले है और भाजपा के लिए देश पहले : ब्रजेश

एजेंसी



अयोध्या। कुचेरा बाजार के एसआरएम पब्लिक स्कूल में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी के संयोजन में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में हर जिले में मिनी सीएम हुआ करते थे। गुंडे अपराधियों का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जाति की राजनीति करती है। अयोध्या में राम भक्तों पर गोली सिर्फ इसलिए चलवाई गई ताकि एक वर्ग विशेष का वोट हासिल किया जा सके।

ब्रजेश पाठक कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार में सैफई को गांव से ब्लॉक बना दिया। सैफई में हवाई पट्टी, पीजीआई बना दिया। सैफई महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करके नाच गाना देखा गया। अयोध्या में सपाइयों ने क्या किया। केवल रामभक्तों पर गोली चलवाकर सरयू की धारा को राम भक्तों के खून से लाल करने का काम सपा सरकार में हुआ। विकास की हर योजना से अयोध्या को वंचित रखा गया। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों से अपील की कि वे सपाइयों से पूछें कि उन्होंने अयोध्या और मिल्कीपुर के विकास के लिए क्या किया।

उपमुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके परिवारवाद का ताजा उदाहरण मिल्कीपुर है। पिता सांसद बन गए तो बेटे को टिकट दे दिया गया। क्या ये ठीक है ? क्या सपा में कोई और कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा के लिए परिवार पहले है और भाजपा के लिए देश पहले है। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिया गया है। परिवार वाद तथा जातिवाद से उपर उठकर हमें विकास वाद को चुनना है। 8 फरवरी को मिल्कीपुर में भगवा लहराना है। भाजपा नेता करुणाकर पाण्डेय ने कहा कि सरकार की हर योजना में जनकल्याण की भावना निहित है। सभी वर्गों का सम्मान भाजपा में ही है। मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, भवानी मिश्रा, राकेश तिवारी शत्रुघ्न पांडे, बंशीधर दुबे, शीतल बाजपेई, विजय शुक्ला प्रधान, उपेंद्र शुक्ला, अजय विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार ने दी कई योजनाएं : रविन्द्र जायसवाल

एजेंसी



अयोध्या। भाजपा ने इनायतनगर स्थित आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के संयोजन में आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि व्यापारी अपना पैसा लगाकर व्यापार करता है और सरकार को टैक्स देता है। टैक्स से सरकार की आमदनी होती है। यह सड़क, अस्पताल बनाने व अनाज बांटने के काम में आती है। व्यापारी बिना तनख्वाह के काम करके सरकार को टैक्स देता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं दी है। अगर अयोध्या में कोई होटल खोलना हो तो स्टाम्प में छूट मिलेगी। इसके साथ में अनुदान भी मिलेगा। युवाओं को पांच लाख का लोन चार साल के लिए बिना व्याज के मिल रहा है। जिसमें दस प्रतिशत सब्सिडी होगी। अगर व्यापार बढ़ेगा तो लोगों को रोजगार मिलेगा।

जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर हो तो व्यापार बढ़ता है। 2017 के पहले सपाई नारा लगाते थे कि जो जमीन खाली है वह जमीन हमारी है। गाजियाबाद से गोरखपुर तक गुंडे वसूली करते थे। लेकिन प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद किसी गुंडे की हिम्मत नहीं है कि वह व्यापारियों का शोषण कर ले, वसूली कर ले, जमीन कब्जा कर ले। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापारियों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। मुद्रा योजना के माध्यम से ठेला, पटरी दुकानदारों को लाभ दिया गया है। सरकार निरंतर व्यापारियों की उन्नति के लिए कार्य कर रही हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां के व्यापारियों का व्यापार कई गुना बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो व्यापारी परिवार से आते हैं उन्होंने बचपन में स्टेशन पर चाय बेचने का व्यवसाय किया। भाजपा नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर मिले निर्देशों का शत प्रतिशत पालन पार्टी के कार्यकर्ता करें। सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया गया है।

## चचेरे भाई की पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले को 15वर्ष का कारावास

**गाजियाबाद।** चचेरे भाई की पत्नी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को अदालत ने 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना? भी लगाया है। जुर्माने के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि में से 80 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विशंभर सिंह ने बताया कि थाना मधुबन बपूधाम क्षेत्र में प्रतापगढ़ निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान में रह रहा था। 25 सितंबर 2023 को उसके ताऊ का लड़का? राजकुमार रोहतक से उसके पास मिलने के लिए आया था। व्यक्ति दोपहर के बाद फैक्ट्री में कार्य के लिए चला गया। इस दौरान कमरे पर उसकी पत्नी और ताऊ का लड़का राजकुमार रह गए थे। राजकुमार ने मौके का फायदा उठाते हुए व्यक्ति की पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद फरार हो गया। व्यक्ति के वापस लौटने पर उसकी पत्नी ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद व्यक्ति ने थाने में पहुंचकर अपने ताऊ के लड़के राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर राजकुमार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। गुरुवार को मामले की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट सकेंड/एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश निशांत मान की अदालत में चली। अदालत ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर राजकुमार को दोषी मानते हुए 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## पुलिस पर फायरिंग करने के अभियुक्तों को हुई सजा

**जालौन।** जालौन के आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन में पुलिस टीम पर की गई बदमाशों द्वारा फायरिंग करने के मामले में न्यायालय में चली सुनवाई के बाद पांच अभियुक्तों को सजा सुनाई गयी और अर्थदण्ड भी लगाया गया। बता दें आटा थाना प्रभारी मनोज सिंह अपने पुलिस फोर्स के साथ 14 जून 2016 को थाना क्षेत्र के ग्राम कहटा में हत्या में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पहुंचे थे। तभी पुलिस को सूचना मिली के गांव के जाकी ताई मंदिर के पीछे जंगल में बदमाश है। पुलिस टीम ने मंदिर के पीछे परासन गांव की तरफ घेराबंदी की तो बदमाशों ने अपने असलहों से पुलिस टीम पर फायर कर दिए पुलिस ने नाकाबंदी कर पांच बदमाशों को पकड़ लिया जबकि दो बदमाश जंगल में गुम हो गए। पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम विक्रम सिंह निवासी परासन थाना आटा बताया उसके पास से पुलिस को तमंचा और कारतूस बरामद हुआ व बल्लू निवासी परासन जिसके पास से 315 बोल तमंचा और दो करतूस मिले जबकि तीसरे ने अपना नाम सुरेश यादव निवासी परासन बताया उसके पास से पुलिस को 315 बोर की राइफल तीन करतूस बरामद हुआ चौथे ने अपना नाम अर्जुन सिंह बताया उसके पास से भी तमंचा बरामद हुआ पांचवें ने अपना नाम बबलू यादव निवासी परासन बताया उसके पास से भी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ जबकि मौके से संतोष सिंह व पुच्चा निवासी परासन भाग गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया था पुलिस ने सभी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। गुरुवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम शिवकुमार ने विक्रम यादव, अर्जुन सिंह, सुरेश यादव, बल्लू, बबलू यादव को दोषी पाते हुए तीन तीन साल की सजा सुनाई और दस दस हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। अभियोजन पक्ष से पैरवी शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी।

## इटावा-औरैया जिला सहकारी विकास संघ पर भाजपा का कब्जा

**इटावा।** बुधवार को सम्पन्न हुए इटावा-औरैया जिला सहकारी विकास संघ (डीसीडीएफ) के निदेशक पद के चुनाव की 13 सीटों में से 6 पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजयी घोषित हुए। पक्का बाग स्थित आनंदनगर सहकारी शीतगृह में जिला सहकारी विकास संघ के चुनाव में सभापति पद पर भाजपा प्रत्याशी अभय सेंगर व उपसभापति पद पर आशुतोष शुक्ला विजयी घोषित हुए। डीसीडीएफ के सभापति के लिए हुए मतदान में 14 सदस्यों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया , 3 बजे से शुरू हुए मतदान के बाद 4 बजे के आसपास गिनती हुई है,जिसमें एक मत निरस्त हुआ है। सभापति के रूप में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अभय सेंगर को 7 मत मिले तथा सपा उम्मीदवार के पी सिंह चौहान 6 मत मिले। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार केपी सिंह चौहान को हराकर भारतीय जनता पार्टी के अभय सेंगर ने विजय हासिल की। सभापति का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण था। मतदाताओं ने बुधवार को 10 बजे से 4 बजे तक अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। उप-सभापति के चुनाव में सपा व भाजपा के उम्मीदवारों को 7-7 वोट हासिल हुए। इस आधार पर नतीजा टाई हो गया। परिणाम स्वरूप लॉटरी का इस्तेमाल किया गया ।

# अभाविप कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर




एजेंसी

महाकुम्भ नगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाकुम्भ में घटित दुःखद घटना के पश्चात अपने विभिन्न आयामों एवं गतिविधियों के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं की सहायता हेतु कार्य कर रही है। चाहे वह मेला क्षेत्र हो या क्षेत्र के बाहर।

मौनी अमावस्या के महास्नान के अवसर पर मेला क्षेत्र में घटित दुःखद घटना के पश्चात विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता हेतु देर रात्रि से तत्पर हैं। अभाविप कार्यकर्ता अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से सेवा कार्य में जुट कर आए हुए स्नानर्थियों की सहायता के लिए कार्य कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में मेडिविज़न एवं फार्माविज़न के माध्यम से घटना के तुरंत बाद से श्रद्धालुओं को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई एवं उनके मरहम पट्टी की भी व्यवस्था की। अभाविप काशी प्रान्त के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से इस महास्नान के दौरान लगातार श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के साथ विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता मेला क्षेत्र में उमड़ी अत्यधिक भीड़ एवं यातायात नियंत्रण में मेला प्रशासन की सहायता लगातार कर रहे हैं एवं सेक्टर 7 में विद्यार्थी परिषद के शिविर में स्नानार्थियों के विश्राम की भी व्यवस्था की गई है। अभाविप महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता करने को प्रतिबद्ध है। गुरुवार की सुबह परिषद के कार्यकर्ताओं ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय के सामने बीएएलएलबी के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में बिस्किट एवं पेयजल की व्यवस्था की।

# विधायक ने बांटे कंबल



एजेंसी

लखनऊ। विधायक ओ0 पी0 श्रीवास्तव के संरक्षण में एवं अर्चना दत्ता उर्फ डिम्पल दत्ता (समाज सेवी एवं जिला मंत्री) के हाथों इंदिरानगर के रवींद्र पल्ली कालीबाड़ी प्रांगण में कम्बल वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें विधायक ओधपीध श्रीवास्तव द्वारा बेघर, निर्धन आय वर्गो की बस्ती, कामगार, रिक्शा चालक,मजदूरों आदि को कम्बल वितरण किया गया।

जिस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता का अपूर्ण सहयोग रहा। रवींद्र पल्ली काली बारी मे हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक ओ0पी0श्रीवास्तव , मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय, रवींद्र पल्ली काली बारी के सचिव उत्तम चैटर्जी, छंदा भट्टाचार्य अध्यक्ष महिला समिति रवीन्द्र पल्ली, डिंपल दत्ता समाज सेवी एवं जिला महामंत्री , कुशल शंकर पांडेय पार्षद, संजीव डे, आशीष भट्टाचार्य, प्रदीप चक्रवर्ती, रंजीत चौधरी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के नीतियों के खिलाफ इंडी गठबंधन ने प्रतिरोध मार्च निकाला

एजेंसी

वाराणसी। कंाग्रेस, समाजवादी पार्टी और नागरिक आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को प्रदेश सरकार के नीतियों के खिलाफ संयुक्त रूप से नारेबाजी करते हुए प्रतिरोध मार्च निकाला। रविन्द्रपुरी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरूधाम कॉलोनी स्थित संसदीय कार्यालय का घेराव करने के लिए जैसे ही आगे बढ़े पुलिस अफसरों ने फोर्स के साथ उन्हें रोक लिया। इससे नाराज गठंबधन दलों के नेताओं की पुलिस अफसरों से जमकर नोकझोंक भी हुईं। कुछ देर तक कार्यालय जाने के लिए जिद पर अड़े कार्यकर्ताओं ने अफसरों से धक्का-मुक्की के बाद 26 सूत्रीय ज्ञापन भेलूपुर एसीपी को सौंप दिया।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कंाग्रेस के स्थानीय महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने बताया कि 30 दिनों के अंदर ज्ञापन में बताए गए समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बनारस बंद का ऐलान किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के वाराणसी जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़' ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने बनारस को पुलिसिया राज में तब्दील कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट लाकर बनारस में लोकतंत्र को कमज़ोर कर दिया गया है और संविधान की जगह मनुस्मृति के तहत शहर को संचालित करने की कोशिश हो रही है। बनारस विकास के नाम पर जमीन लूट का केंद्र बन गया है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर दो मिनट मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल श्रीवास्तव ,राजेश्वर पटेल(जिलाध्यक्ष वाराणसी),पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा,पार्टी प्रवक्ता संजीव सिंह,गुलशन अली,डॉ राजेश गुप्ता,वकील अंसारी,सतनाम सिंह आदि के अलावा सपा के विष्णु शर्मा,दुर्गा प्रसाद गुप्ता, आनंद मौर्य , संतोष यादव, मनीष शर्मा(कम्युनिस्ट फ्रंट) आदि शामिल रहे।

# पूर्व सांसद व विधायक ने किया प्रतिमा अनावरण, गरीबों को बांटे कंबल

एजेंसी



लखनऊ। बहराइच जिले के हुजूरपुर क्षेत्र के ग्राम खरगापुर में आयोजित एक भव्य समारोह में पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर एवं समाजसेवी स्व. इंद्राज सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण किया गया। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, विधायक सुभाष त्रिपाठी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने इस अवसर पर शिरकत की। इस दौरान तीन हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए और भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

खरगापुर गांव में जन्मे स्व. इंद्राज सिंह चौहान को अपने गांव से गहरा लगाव था। उनकी 2015 में मृत्यु के बाद उनके बेटों दिनेश प्रताप सिंह, सुरेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह और रमेश प्रताप सिंह ने उनके सम्मान में प्रतिमा, भव्य मंदिर और गेट के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुरेश प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। चौहान परिवार वर्षों से समाजसेवा कर रहा है और भविष्य में भी यह परंपरा जारी रहेगी। इस अवसर पर परिवार ने संकल्प लिया कि वे आगे भी जरूरतमंदों की सहायता करते रहेंगे। इस आयोजन में सांसद आनंद जी, विधायक अनुपमा जायसवाल, विधायक सुरेश्वर सिंह, एमएलसी अंगद सिंह, सांसद निषाद जी, एमएलसी अवनीश सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रांत प्रचारक कौशल जी, वीरेंद्र गांधी, वरिष्ठ पत्रकार रमेश प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर सार्थक प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह, प्रधान मनोज सिंह, प्रधान नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रधान महेंद्र सिंह, प्रधान दीपांकर सिंह, अभय सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catg-SMU-1-2025 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05 years) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.02.25 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.02.25 at 11:10 hrs. |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

330/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

322/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# श्रद्धा के साथ याद किये गये महात्मा गांधी सहित अमर शहीद

## शहीद दिवस पर नयी दिशा के साथ दीपदान कर आम जन ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। शहीद दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार की शाम को कसया नगर स्थित शहीद स्मारक पार्क में अनवरत 19 वें वर्ष दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट की गयी। कार्यक्रम का प्रारम्भ गांधी जी की प्रतिमा और शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अमर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि भेंट कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान नगर के गणमान्य जन उपस्थित रहे और पार्क भारत माता की जय, वंदे मातरम, गाँधी जी अमर रहे आदि देश भक्ति के नारों से गूँजता रहा। कार्यक्रम बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र एवं आंगतुकों के प्रति आभार उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर डा नित्यानंद श्रीवास्तव, सभाषद मनीष मिश्र, राजेश मद्देशिया, डॉ0 शत्रुघ्न सिंह, सुरेश प्रसाद गुप्ता, डा0 संदीप विश्वकर्मा, आशुतोष मिश्र, ममता कश्यप, मधुलिका पूजा, आरती दुबे, सीमा मिश्रा, हरिश्चंद्र मिश्र, राजू मद्देशिया, नागेंद्र तिवारी, महेश कर्णधार, अमिताभ त्रिपाठी, दिलीप सिंह, कृष्णमोहन, रविन्द्र नाथ टैगोर, हरीन्द्र कुमार चौरसिया, राजीव नयन द्विवेदी, डॉ0 अनिल सोनी, उमर फारूख, ऋषभ राव, सुरेंद्र यादव, अमर चंद जायसवाल, शिवम राय, निशांत सिंह, अरुण रावत, राज गुप्ता, आदित्य गौड़, अमित मिश्र, अभिषांक शर्मा, राजेश गुप्ता, रंजीत पटेल, अविनाश शर्मा, अरबाज खान, प्रज्ञान, डॉ0 वीणा कुमारी, अभिषेक श्रीवास्तव, देवानन्द धर द्विवेदी, पुनीत श्रीवास्तव, सुधाकर दुबे, डॉ0 सौरभ द्विवेदी, अभिषेक चौबे, दिनेश तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, अमिय गुप्ता, ध्रुव कुमार, प्रवीण राव, त्रिलोक चंद्र गुप्ता, डॉ0 गौरव तिवारी, उमेश चंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# प्रयागराज के महाकुंभ मेले में भगदड़ में गोंडा के एक और श्रद्धालु की मौत,जेब में मिले कागजात से हुई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । प्रयागराज के कुंभ मेले में हुई भगदड़ से गोंडा के एक और श्रद्धालु के मौत की हुई है।मृतक की जेब से मिले कागजात से उसकी पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर हरवंश के रहने वाले सुरेश कुमार के रूप में हुई हैं।पहचान होने के बाद प्रयागराज जिला प्रशा सन ने इसकी जानकारी गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा को दी।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस म?ृतक के घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। इस सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।बृहस्पतिवार की सुबह परिजन एंबुलेंस से शव लेकर गांव लौटे हैं।नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर हरवंश के निवा सी सुरेश कुमार (35) कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे।मंगलवार की देर रात हुई भगदड़ में भीड़ ने उन्हें कुचल दिया और उनकी मौत हो गयी।मेडिकल कालेज में मृतक सुरेश का शव रखा गया था लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी थी।तलाशी के दौरान मृतक सुरेश की जेब से मिले कागजात से उनकी पहचान हुई।इस पर प्रयागराज प्रशा सन ने जिलाधिकारी को घटना की जानकारी दी।जिला धिकारी के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने मृतक के घर पहुंचकर हादसे की खबर दी और परिजनों को प्रयाग राज भेजा गया।बृहस्पतिवार की सुबह परिवार के लोग सुरेश कुमार का शव लेकर गांव लौटे तो परिवार में कोह राम मच गया।इसके पहले प्रयागराज महाकुंभ में हादसे में ?जिले के रहने वाले दो श्रद्धालुओं ननकन निवासी रुपईडी ह और तरबगंज के शीशौ निवासी राम नरेश के मौत की पुष्टि हो चुकी है।

### केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर दी सांत्वना

प्रयागराज कुंभ मेले में हुए हादसे पर शोक जताते हुए केंद्रीय विदेश, वन, पर्यावरण एव जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने अपने प्रतिनिधि राजेश सिंह को पीड़ित परिवारों के घर भेजा और मंत्री प्रतिनिधि ने मृतक सुरेश कुमार व ननकन के परिवार से मुलाकात की और घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें ढाढ़स बंधाया।उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।इस दौरान उनके साथ लक्ष्मणपुर हरवंश निवासी भाजपा आईटी विभाग संयोजक शंशाक मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि राजू यादव,अनूप श्रीवास्तव,पिंकू समेत सहयोगी नरसिंह,बब्बू सिंह बिसेन,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हम दो हमारे दो ही है खुशहाल परिवार की पहचान : डॉ मुकेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### सास–बेटा–बहू सम्मेलन हुआ आयोजित

### आशा,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिलाया गया टीबी मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया

कुशीनगर। सीएचसी कसया के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भलुही मदारीपट्टी के परिसर में गुरुवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित कर उपस्थित लोगों को परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि प्रभारी अधीक्षक डॉ मुकेश यादव ने कहा कि सास-बेटा-बहू सम्मेलन कराने का आशय यह है कि सभी मिलकर एक साथ रहे तथा परिवार नियोजन अपनाकर पूरे परिवार को खुशहाल रख सकते है। उन्होंने ने कहा कि बच्चों की संख्या नियंत्रित रखे तथा दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतराल अवश्य रखे। अवांक्षित गर्भधारण से बचने के लिये परिवार नियोजन में मुख्य रूप से गर्भनिरोधक विधियों का ट्टयद्धध्य करें। परिवार नियोजन के सभी संशाधन आपके आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर उपलब्ध है उसका लाभ उठायें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि सभासद शैलेन्द्र त्रिपाठी सोनू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को जो भी सुविधाएं दी जा रही है उसका उपयोग आप सभी करे तथा कोई भी स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कत हो तो तत्काल अपनी आशाओं को सूचित करें। किसी तरह की बीमारी होने पर उसे छुपाये नही। गर्भवती महिलाओं को,आशा बहुओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक अनिता यादव ने किया। संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत एवं आभार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नन्दनी मिश्रा ने व्यक्त किया। उपस्थिति सभी को टीबी मुक्त भारत का शपथ भी दिलाया गया।

इस दौरान एएनएम मनीता देवी,आशा सरिता देवी,फूलवन्ती देवी,नरगिस बानो,सलेहा खातून,गीता देवी,सरोज देवी,शकुंतला देवी आंगनवाड़ी कार्यकत्री विन्दू देवी,प्रीति देवी,अनिता देवी,शैल देवी,अंजू देवी आदि मौजूद रहीं।

# डीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जल संरक्षण समिति की बैठक

## जल का संरक्षण सबकी जिम्मेदारीः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला जल संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि मानव जीवन के लिए हम सभी को जल संरक्षण का संकल्प लेना होगा। डीएम ने कहा कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी सम्बन्धित विभाग प्रयास करें तथा इस कार्य में गैर-सरकारी संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय।

सरकारी एवं व्यावसायिक भवनों में वाटर रिचार्ज अवसंरचनाओं की स्थापना की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि सतही एवं भूमिगत जल के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि सभी भवनों में वाटर रिचार्जिंग व्यवस्था के प्रबन्ध अवश्य किये जायें। डीएम ने कहा कि वाटर रिचार्जिंग से भूगर्भीय जल के स्तर में गिरावट को रोका जा सकता है। डीएम ने कहा कि भूमि के कटान के कारण भी जल स्रोतो एवं नदियों में सिल्ट जमा होने से वाटर रिचार्जिंग में बाधा उत्पन्न होती है। डीएम ने सुझाव दिया कि नदियों के दोनों किनारों, पोखरों एवं तालाबों के चारों ओर बांस के प्लान्टेशन से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैम्बू प्लान्टेशन को प्राथमिकता देने के साथ-साथ जल स्रोतों में तालाबों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाय। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बहराइच में इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) द्वारा कराये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर ने बताया कि शुद्ध पेयजल के उपयोग एवं उसके भविष्य के लिए संरक्षित करनें के उद्देश्य से समस्त ग्राम पंचायतो में सामुदायिक बैठक कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। श्री शंकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घर को आई.ई.सी. बुकलेट भी उपलब्ध करायी जा रही है।

अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जिले के प्रत्येक राजस्व ग्राम में 05-05 महिलाओं की टीम बनाकर उनको जल जाँच की फील्ड टेस्ट किट उपलब्ध करायी गयी है जिसके माध्यम से उनके द्वारा ग्रामों में उपयोग किये जानें वाले जल का परीक्षण कर उसकी रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल 75562 नग टेस्ट किये गये हैं। जबकि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 68251 नग टेस्ट कर पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इसी प्रकार जनपद स्तरीय प्रयोगशाला में 2023-24 में 7013 नग टेस्ट एवं 2024-25 में अब तक 11123 नग टेस्टिंग की जा चुकी है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच, एसडीएम सदर पूजा चौधरी, ईओ प्रमिता सिंह, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### तीन वर्ष में ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की मांगी सूचना

राजापाकड़/कुशीनगर। दुमही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही निवासी व भाजपा के मंडल महामंत्री ने विकास खंड के जनसूचना अधिकारी को पत्र सौंप तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों से संबंधित जानकारी मांगी है। जनसूचना अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को वांछित सूचनाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

उक्त गांव निवासी भाजपा ने जितेंद्र गुप्ता ने जनसूचना अधिकारी/बीडीओ को जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के अंतर्गत सौंपे गए आवेदन पत्र में ग्राम पंचायत में वर्ष 2022 से अबतक राज्यवित्त योजना, केंद्रीय वित्त योजना व मनरेगा योजनाओं से हुए विकास कार्यों व उनपर व्यय धनराशि से संबंधित सूचना मांगी है। जनसूचना अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी अमित राय को वांछित सूचनाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# गन्ने की उपज, मिठास बढ़ाने के लिए दो बोरा पोटाश किसान को नि:शुल्क दे रही है ढाढ़ा चीनी मिल : करण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। न्यू इंडिया शुगर मिल हाटा, कुशीनगर अपने परिक्षेत्र में गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता बढ़ाने, गेट क्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए वसंतकालीन करना बुवाई करने पर एक एकड़ क्षेत्रफल के लिए दो बोरा पोटाश अवध शक्ति किसान को निशुल्क देगी। यह जानकारी चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष श्री करन सिंह ने वसंत कालीन गन्ने की बुवाई एवं बीज गन्ना की उपलब्धता कीटनाशक, भूमि उपचार एवं बीज गन्ना उपचार की समीक्षा करते हुए चीनी मिल के गन्ना विभाग के अधिकारियों को दी। श्री करन सिंह ने बताया कि सबसे अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजाति जिसके एक गन्ने का वजन 2 से 3 किलो का है को.15023 प्रजाति की बुवाई करने पर दो बोरा पोटाश अवध शक्ति निशुल्क दी जाएगी। श्री सिंह ने प्रधान प्रबंधक गन्ना श्री अवधेश गुप्ता को निर्देश दिया कि सभी गन्ना विकास कर्मचारियों, ब्लाक इचार्जो से उनकी मांग नोट करें कि किसी कर्मचारी को कितने बोरा बायो पोटाश चाहिए। जिससे किसान को बुवाई के समय उपलब्ध करा दिया। जाए साथ ही साथ यह भी निर्देश जारी करें कि भूमि उपचार के लिए बिना ट्राइकोडर्मा प्रयोग की गन्ने की बुवाई नहीं होगी अधिशासी अध्यक्ष ने गन्ना किसान संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता से विचार विमर्श करते हुए बताया कि प्रत्येक कृषि प्रशिक्षण गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को बताया जाए कृषि यंत्रों के प्रयोग से लाभ भूमि व बीज गन्ना उपचार कैसे करें। ऑटोमेटिक और प्लांटर से गन्ने की बुवाई संतुलित उर्वरको का प्रयोग गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाएं गन्ना फसल में कीट व रोग नियंत्रण तथा पड़ी गन्ना फसल से अधिक उपज कैसे लें, सफलता से लाभ। ओमप्रकाश गुप्ता ने अधिशासी अध्यक्ष को बताया कि गन्ने के साथ प्याज की रोपाई करने के लिए ग्राम शिवराजपुर में किसान उमेश मौर्य तथा ग्राम कोटवा अनिरुद्धवां हेतिमपुर के पास किसान श्री भभूति कुशवाहा के पास प्याज की नर्सरी में पौध तैयार है शिवराजपुर के किस बेच रहे हैं कोटवा के किस भभूति कुशवाहा के पास 25 डेसिमल 6 कट्ठा में नर्सरी में पौध तैयार है जो 5 फरवरी से बेचेंगे। दोनों किसानों का मिलाकर लगभग 40 डेसिमल 10 कट्ठा में प्याज का पौधा है प्याज की रोपाई करने से 80 से 100 कुंतल गन्ने का औसत ऊपर निश्चित बढ़ जाएगा। दूसरा सबसे बड़ा लाभ गन्ने में लगने वाले सबसे हानिकारक कीट पिहिका, अंकुरबेधक का शतप्रतिशत नियंत्रण होगा। पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने प्याज अनुसंधान संस्थान राजगुरूनगर पुणे, महाराष्ट्र जाकर फसल को देखा और प्रशिक्षण लिया। सभी ब्लॉक इंचार्ज अपने-अपने सर्किल में कम क्षेत्रफल में इसका प्रदर्शन कराये जिसको देखकर अगले वर्ष अधिक किसान इसका लाभ ले सकें। इस समय सभी बाजारों में प्याज का पौधा बिक रहा है। चीनी मिल के 30 कि.मी. परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना, ऑटोमेटिक केन प्लांटर से बुवाई करना गन्ने की एक आंख का पौधा तैयार कर मशीन से रोपाई कर करना, गन्ने की कटाई छिलाई, लदाई आधुनिक कृषि यंत्र से गांव-गांव में कराया जा रहा है श्री करन सिंह प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव में विशेष प्रशिक्षण अभियान चला रहे हैं। फोटोग्राफ दिखाकर जानकारी दे रहे हैं। किसी गांव में किसान प्रशिक्षण गोष्ठी करा सकते हैं।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शफीक कुरैशी के नेतृत्व में पूज्य बापूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शफीक कुरैशी ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को इंसानियत के दुश्मन नाथूराम गोडसे ने अहिंसा के पुजारी को गोलियों से छलनी कर दिया था यद्यपि बापू शरीर से हमारे बीच नहीं है परंतु बापू के विचार विश्व स्तर पर सार्वभौमिक है पूरा विश्व बापू के विचारों को आत्मसात कर रहा है वर्तमान सरकार बापू के विचारों को कुचलना का प्रयास कर रही श्री कुरैशी ने कहा बापू के बताए अहिंसा और सत्य के मार्ग पर ही चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाया जा सकता है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता इकबाल अहमद ने कहा की बापू किसी व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि एक विचारधारा का नाम है जो कि हर भारतीय के दिल में है कार्यक्रम में रमाकांत तिवारी, आफताब अहमद एडवोकेट, अनवर अली, जिमीदार अंसारी, शकील रंगरेज, बबलू अंसारी, भोला कुरैशी, अखलाक अहमद सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों में दक्षता का विकास करना है प्रशिक्षण का उद्देश्यः बीईओ



राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की दक्षता का विकास करना एवं 6 से 14 वर्ष तक के नामांकित दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक सपोर्ट के लिए प्रशिक्षित करना है। यह बातें बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए नोडल शिक्षकों के चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन कहा। उन्होंने विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की क्षमता को विकसित करने के विभिन्न उपकरणों के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर रमेश गोड ने दिव्यांगता के साथ–साथ उनके चिह्नांकन एवं नामांकन के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया।प्रशिक्षण में कुल 138 नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राकेश पांडेय, राजू यादव, मनीष ठाकुर, सुबोध शुक्ला, रीमा यादव ,दीपशिखा विश्वकर्मा, श्वेता वर्मा, आराधना गुप्ता, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### एसएमएएम एवं इन सीटू योजनान्तर्गत 04 फरवरी तक कृषि यन्त्रों की बुकिंग कर सकते हैं कृषक

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप निदेशक कृषि ने बताया कि एस.एम.ए.एम. योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रो जैसे रोटावेटर, पावर आपरेटेड वेफ कटर, कम्बाईन हारवेस्टर विद एस.एम.एस., हैरो, कल्टीवेटर, स्ट्रारीपर, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर ग्रामीण उद्यमी को 40 प्रतिशत तथा फार्म मशीनरी बैंक एफ.पी.ओ. को 80 प्रतिशत अनुदान देय है। इसी प्रकार इन सीटू योजनान्तर्गत ग्रामीण उद्यमी को कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर 80 प्रतिशत तथा सुपर सीडर, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाईन्डर पर 50 प्रतिशत का अनुदान देय है। इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 04 फरवरी 2025 तक बुकिंग कर सकते हैं। पोर्टल पर जनपदवार व ब्लाकवार लक्ष्य प्रदर्शित हो रहा है। उप निदेशक कृषि ने बताया कि इच्छुक कृषक लैपटॉप, डेस्कटॉप, ऐण्ड्रायड मोबाइल अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर जाकर किसान कार्नर में योजना का चयन कर उपलब्धता जांचने के बाद रिपोर्ट टाईप में जाकर जिला या ब्लाक सेलेक्ट करते हुए कृषि यंत्र का चुनाव कर बुकिंग कर लाभ उठा सकते है। कृषकों को सुझाव दिया गया है कि बुकिंग के लिए स्वयं के अथवा निकट सम्बन्धी के मोबाइल का उपयोग करके ही कृषि यन्त्रों की बुकिंग करें।

### 17 से 22 फरवरी तक सम्पन्न होंगी मदरसा बोर्ड की परिक्षाएं

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित अरबी तथा फारसी की मुंशी (सेकेण्डरी फारसी), मौलवी (सेकेण्डरी अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी अरबी/फारसी) परीक्षा वर्ष 2025 से सम्बन्धित बोर्ड परीक्षाएँ 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 के मध्य सम्पन्न होंगी।

# एसएसबी 59वी वाहिनी ने देश के शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा परिसर व वाहिनी के अधीनस्थ समवायों में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में कमांडेंट 59वी वाहिनी कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर हमारे देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी बहादुरी और बलिदान को याद किया गया। इसमें वाहिनी के सभी कार्मिकों ने मौन रखकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की । सुबह 11:00 बजे सायरन बजते ही सभी कार्मिक अपनी जगह रुक गए और 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की । कमांडेंट ने बताया कि हमारे देश के शहीदों ने देश की एकता और अखंडता के लिए लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दी । इस दौरान सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पंकज कुमार ठाकुर, उप कमांडेंट ओम प्रकाश मिश्र, उप कमांडेंट अच्छर सिंह, सहायक कमांडेंट आनंद मजूमदार, डा. आकिब अजाज जीडीएमओ सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी व अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे।

# सरयू पुल मार्ग बंद होने से श्रद्धालु पांच किलोमीटर जा रहे पैदल, भारी भीड़ के चलते रूट डायवर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के पड़ोसी जिला अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए गोंडा जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अयोध्या जाने वाले वाहनों का डायवर्जन कर दिया है।कट रा शिवदायलगंज तिराहे पर बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों को सरयू पुल के रास्ते अयोध्या में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।इसके बजाय वाहन चालकों को अन्य रास्तों से अयोध्या जाने की दिशा में मोड़ा जा रहा है।गोंडा से अयो ध्या जाने वाले यात्री अब दर्जीकुआं तिराहे से मनकापुर और बस्ती होते हुए अन्य जगहों पर जा रहे हैं।यह कदम प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और सड़क पर यातायात की व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया है। गोंडा अयोध्या बॉर्डर की नियमित निगरानी वहीं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गोंडा और अयोध्या बॉर्डर की नियमित निगरानी की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था का भी पूरी तरह से जायजा लिया जा रहा है। कटरा शिवदायलगंज तिराहे पर बैरिकेटिंग लगाने के कार ण श्रद्धालुओं को अयोध्या तक पहुंचने के लिए करीब पांच किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ रही है जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से यह व्यवस्था अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए की गई है।नवाबगंज थाने की पुलिस इस बैरिकेटिं ग पर तैनात है और लगातार यात्रियों को सही दिशा में मा र्गदर्शन भी किया जा रहा है।वही प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में यदि श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ती है तो और भी सख्त यातायात व्यवस्था लागू की जा सक ती है।गोंडा जिला प्रशासन का कहना है कि इस डायवर्जन के कारण अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्र कार की असुविधा न हो इसके लिए पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण, गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी वृक्षारोपण सत्र के विभागो को लक्ष्य आवंटित किये गए. वृक्षारोपण हेतु वन विभाग को 250000, पर्यावरण विभाग को 116000, ग्राम विकास विभाग को 1992000, राजस्व को 167000, पंचायत राज विभाग को 20300,आवास विकास विभाग को 9000, औद्योगिक विकास को 10000,नगर विकास को 36000, लोक निर्माण विभाग को 22000, जल शक्ति 22000, रेशम विभाग को 23000, कृषि 390000, पशुपालन को 9000, सहकारिता को 8820, उद्योग विभाग को 17000, ऊर्जा विभाग को 6860, माध्यमिक शिक्षा को 12000, बेसिक शिक्षा को 20000, प्राविधिक शिक्षा को 31000, उच्च शिक्षा को 31000, श्रम विभाग को 5500, स्वास्थ्य विभाग को 5200, परिवहन विभाग को 5200, रेलवे को 16000,रक्षा विभाग को 9000,उद्यान विभाग को 247000, गृह विभाग को 12320 कुल 3661700 वृक्षों का रोपड़ का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।इसके अतिरिक्त जिला गंगा समिति की बैठक में आवास विकास यशवन्तरी देवी रोड पर तालाब में बाले मिया की मजार के पास एम आर एफ सेंटर के पीछे पूरनपुर हाइवे पर एरीना कार एजेंसी के पास एवं कलीनगर एम आर एफ सेंटर के पास ठोस अपशिष्ट डाले जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल सम्बंधित नगर पालिका को अपशिष्ट साफ करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अन टेपड नाले जों सीधे नदियों में गिर रहे हैं।उनको जल्द टेपड करने कर निर्देश दिए गंगा समिति के नमित सदस्य निर्भय सिंह द्वारा गोमती उदगम स्थल पर पुल निर्माण के समय नदी की धार रोकने के लिए डाली गई मिट्टी को हटवाने की माँग की जिसपर जिलाधिकारी ने तत्काल अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मिट्टी हटवाने के निर्देश दिए। नामित सदस्य द्वारा गोतमी उदगम के बाद गोमती के प्रवाह वाले गांवो में राजस्व अभिलेखो में गोमती नदी दर्ज नहीं होने की बात उठाई जिस पर जिलाधिकारी ने जल्द टीम गठित करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह, प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डी के, उपप्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार उप आयुक्त उद्योग,आशुतोष गुप्ता प्रभारी ईओ नगर पालिका,एआर सहकारिता डॉ प्रदीप कुमार सिंह,वंदना सिंह डीसी मनरेगा समेत अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे है।

## एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

पीलीभीत। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के पूरनपुर मार्ग एवं बीसलपुर मार्ग पर ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें इंटरसेप्टर द्वारा मार्ग पर दौड़ रहे ओवर स्पीड वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान 71 वाहन निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से संचालित होते पाए गए। जिस पर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। एआरटीओ द्वारा अवगत कराया की व्यावसायिक वाहनों के लिए अधिकतम निर्धारित गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा जबकि निजी वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों ओवर स्पीडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिसको नियंत्रित करने के उद्देश्य से ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई जोकि निरंतर चालू रहेगी।सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण ओवर स्पीडिंग है जिसमें वाहन चालक अपनी वाहन को नियंत्रित न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं एवं स्वयं के साथ-साथ अन्य वाहनों व राहगीरों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।उन्होंने समस्त वाहन चालकों से अपील की कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं।ताकि सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

# सीवीओ को पशुपालकों को गिनाई गई समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । पंचवटी मैरिज हाल गौरीगंज में गुरुवार को पैरा वेटनरी/पशु मित्र वर्कर संघ की बैठक निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें पशु पालन विभाग से सम्बंधित समस्याओं पर जिला पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता की गई और संगठन के पदाधिकारियों से संगठन को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पैरा वेटरनरी वर्कर संघ के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आज के इस बदलते परिवेश में पशुपालन से आम जनमानस के लिये बहुत ही लाभकारी है और इससे एक सामान्य व्यक्ति रोजगार से बेहतर आय अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा कि पशुओं में तमाम बीमारियां भी फैलती रहती है इसके लिये आप सब लोगों को चिकित्सकीय सलाह बहुत ही आवश्यक हैं। पैरा वेटनरी वर्कर संघ के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि आप सब लोगों को अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो आप सब लोगों को इधर उधर भटकने की जरूरत नही है हम आप सब लोगों के साथ परछाई की तरह चौबीस घण्टे खड़े रहेंगे। संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा पशुपालन विभाग से सम्बंधित समस्याओं पर वार्ता कर समाधान करने और संगठन को मजबूत करने के विचार विमर्श किया गया। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने जिला पशु चिकित्सा अधिकारी से भेंट मुलाकात कर वार्तालाप किया और पशु पालकों की समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया जिस पर पशु चिकित्सा अधिकारी ने उक्त समस्याओं को जल्द ही निस्तारित किये जाने की बात कही है।इस मौके पर पैरावेट लवलेश यादव, अंकित तिवारी, नरेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, संजय श्रीवास्तव, कपिलदेव, वीरेन्द्र कुमार,रोहित, मनीष मिश्रा, विद्या सागर ओझा, विजय कुमार शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# जनता ने जिन्हें विधानसभा चुनाव 2022 में नकारा फिर भी लगी है लाइन में सपा नेत्री कर रही हैं नाकाम कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी से बुरी तरह से पटकनी खाने के बाद भी समाजवादी पार्टी पूरनपुर और बीसलपुर से विधानसभा चुनाव बुरी तरह से हारने के बाद और अपनी खोई हुई जमीन को तलाश में लगी हुई है। सपा नेत्री दिव्या गंगवार और सपा नेत्री आरती देवी विधानसभा चुनाव 2022 में चुनाव लड़ी थी। लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा था।पूरे जनपद में समाजवादी का खाता भी नहीं खुला था। चारों विधानसभाओं में भगवा रंग लहराया था। सदर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी योगी सरकार में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने जीत हासिल की थी।वहीं विधानसभा पूरनपुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दो बार के विधायक बाबूराम पासवान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। बीसलपुर विधानसभा से पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा के पुत्र विवेक वर्मा ने जीत हासिल कर सपा नेत्री दिव्या गंगवार को बुरी तरह से हराया था। बरखेड़ा विधानसभा से स्वामी प्रवक्ता नंद ने अपने विरोधियों को धूल चटाई थी। और जीत का सेहरा अपने सर सजाया था। पूरे जनपद में भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशी जीते थे और समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशी बुरी तरह से हारे थे। पूरनपुर विधानसभा से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ी आरती देवी को भी जनता ने नकार दिया था। फिर भी बो कभी कभार पूरनपुर विधानसभा में अपनी खोई हुई जमीन को तलाश करने आ जाती है।यही हाल बीसलपुर विधानसभा से चुनाव हारी हुई सपा नेत्री दिव्या गंगवार भी कभी कभार बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में घूमते हुए नजर आ जाती है। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग बताते हैं। कि सपा नेत्री जब कभी मीटिंग या कोई कार्यक्रम होता है। तभी ही बीसलपुर नजर आती हैं। अक्सर गैर जनपद मेरठ सहित अन्य जगहों पर रहती है।यही हाल सपानेत्री आरती देवी का है। वह भी जिला मुख्यालय के मोहल्ला अशोक कॉलोनी में रहती है। और कभी कभार पूरनपुर में आती जाती नजर आ जाती हैं। अब भला ऐसे में जनता इनको नकारे नहीं तो क्या करे।जनता उसी के सर पर ताज सजाती है। जो हर समय उपलब्ध हो और जो उनके हर सुख दुख में साथ देता हो। कई सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियो के मुंह अक्सर यह सुनने को मिल जाता है। कि उस नेत्री का तो हमारे पास पास मोबाइल नंबर तक नहीं है। मिलना तो दूर की बात है। बात तक नहीं हो पाती है।चुनावी चर्चा में अक्सर नेता अपना ठिकाना तलाशने के लिए मात्र कुछ समय के लिए ही दिखाई देते हैं। बाद में ऐसे गायब हो जाते हैं। जैसे गधे के सर से सीग गायब हो जाते हैं।

# महाकुंभ व श्रीराम के दर्शन की आस में फंसे लाखो श्रद्धालुओं के लिए सेवी संगठनों ने लगाया जी-जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ-साथ सोशल मीडिया पर महाकुंभ को लेकर बुलावा पत्रों के बाद मौनी अमावस्या के अवसर पर उमडे जन सैलाब को संभालने में उत्तर प्रदेश की शासन की व्यवस्था फ़ेल हो गई। अफसरो की लापरवाही से मची भगदड़ व अफरा तफरी से दर्जनों लोगों की जान चली गई वहीं सैकड़ो लोग घायल हो गए। व्यावसायिक बन चुकी महाकुंभ की आस्था के पीछे वीआईपी को संभालने में जुटा प्रशासनिक अमला अब बचाव के बहाने ढूंढ रहा है।लाखों वाहनों पर सवार करोड़ों लोग परिवार के साथ बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। प्रयागराज से अयोध्या का मार्ग पूरी तरह पैक हो चुका है अयोध्या में बाहरी दर्शनार्थियों के लिए रोक लगा दी गई है देश प्रदेश के हजारों किलोमीटर से महाकुंभ की आस्था व अयोध्या में श्री राम जी के दर्शनों की अभिलाषा काशी के महादेव के दर्शनों की इच्छा लिए करोड़ों लोग भटक रहे है। इनके लिए व्यवस्था करने में प्रशासन हाफ रहा है।बड़ी ही चतुराई से इनके मार्ग परिवर्तित कर दूसरे रास्तों की ओर भेज दिया जा रहा है जहां से ना अयोध्या पहुंच पाना संभव है ना ही प्रयागराज ऐसे में होटल ढाबा व अन्य दुकानदारों की भी चांदी हो गई है भारी कीमतें वसूल कर पानी की बोतले दी जा रही है चाय नाश्ता पान मसाला व अन्य सामग्री महंगे दामों पर बेच रहे हैं सारे सरकारी इंतजाम नाकाफी है यात्रियों का ना रहने का ठौर है ना आराम करने का ठिकाना स्थिति नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। बुधवार की सुबह से जिले के सामाजिक संगठन व अन्य समाज सेवी दूर दराज से आए तीर्थ यात्रियों व दर्शनार्थियों के लिए सहारा बनकर खड़े हुए खिचड़ी पूरी सब्जी चाय बिस्किट छोले आदि लिए यात्रियों की व्यवस्था करने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं। गांव मे ग्रामीणों ने अपने दरवाजे खोल दिए हैं वाहनों को सवार परदेशियो को घर में रोक रहे हैं महिलाओं पुरुषों और बच्चों को शरण दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश की अग्रणी संस्था घर सुल्तानपुर फाउंडेशन जेएमडी ग्रुप अखिल विश्व गायत्री परिवार अखिल भारतीय परशुराम सेना के पदाधिकारी लगातार निशुल्क रहने की व्यवस्था तो कर ही रहे हैं साथ-साथ तीर्थ यात्रियों के चाय पानी व भोजन का भी इंतजाम कर रहे हैं। श्री राम भरत मिलाप सेवा समिति के आयुष मिश्रा चेतन बताते हैं मौनी अमावस्या के दिन 25000 लोगों के लिए भोजन व्यवस्था की गई थी देर शाम तक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरण कराया गया। घासीपुर निवासी लाल बहादुर दूबे अपने हैप्पी दुबे अधिवक्ता अधिवक्ता नीरज दुबे विनोद द्विवेदी मन्नू तिवारी आशीष गुप्ता सतीश प्रधान ढाबा जैसे कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ो यात्रीयो के लिए टेंट लगाकर रहने की व्यवस्था सुनिश्चित किए यही नहीं चारपाई गद्दा रजाई की भी व्यवस्था की। भोजन व नाश्ते के लिए चाय व खिचड़ी का लगातार लंगर इनके द्वारा चलाया जा रहा है। घर सुल्तानपुर के कार्यकर्ता नितिन मिश्रा पंकज त्रिपाठी अनुराग गुप्ता अंकित गुप्ता हिमांशु श्रीवास्तव अभिषेक सिंह आदि के सहयोग से गणपत सहाय महाविद्यालय के सामने चाय पानी व भोजन की व्यवस्था से दर्शनार्थियों की सेवा करते रहे वही डॉक्टर सुधाकर सिंह के संयोजन में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा हजारो श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था की। सीताकुंड घाट पर गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के संयोजन में आने वाले हजारो श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किये गए थे सभासद रमेश सिंह टिन्नू भी प्रसाद वितरण करवाने में सहयोग करते नजर आए।जानकारी मिली कि महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज उतरी में ब्लॉक प्रमुख शिल्पा सिंह व उनके पति अखिलेश सिंह डिंपल की ओर से सैलानियों के लिए रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई थी। कटका स्थित नरेंद्र प्रताप लॉ कॉलेज में संजय सिंह मोनू व वरिष्ठ कंग्रेस नेता बीपी सिंह की ओर से लेखपाल रईस अहमद की देखरेख में तीर्थ यात्रियों के रुकने व नाश्ते के इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा अयोध्या प्रयागराज के हर गांव में जिस भी रास्ते से दर्शनार्थी गुजरे और ग्राम वासियों से मदद मांगी ग्राम वासी पलक पावडे बिछा कर सेवा करने को तैयार दिखे लगभग हर गांव में समाजसेवियों ने लंगर चलवाए रुकने का स्थान दिया खबर लिखे जाने तक पूर्वांचल एक्सप्रेस वे सुल्तानपुर वाराणसी राजमार्ग समेत सभी मार्गों पर जाम की स्थिति रही एसपी कुवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस व्यवस्था बनाने में अपने अफसरो के साथ दिन-रात युद्ध स्तर पर जूझती नजर आई।

# चोरी की सत्तर प्लाई के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने रजनपुर मोड़ के पास में सटरिंग से खुली प्लाई चोरी की वारदात का खुलासा किया है।पुलिस ने चोरी की गई सत्तर अदद प्लाई के साथ अन्तर्जनपदीय तीन शातिर चोरों गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी की वारदात में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर मजरे रस्तामऊ निवासी राममूर्ति सिंह पुत्र भगौती सिंह ने बुधवार को थाना मोहनगंज पर लिखित तहरीर दिया था कि दो सौ बेड अस्पताल के आगे रजनपुर मोड़ सटरिंग लगा हुआ था वहां पर लगभग सत्तर प्लाई सटरिंग से खुलकर बिल्डिंग के अंदर रखी हुई थी जिन्हें सोमवार की रात को अज्ञात व्यक्ति द्वारा अज्ञात वाहन पर लादकर तिलोई की तरफ भाग गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर छानबीन में जुट गई। थाना मोहनगंज के उप निरीक्षक विजय नारायण पाण्डेय मय हमराही को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति पिकअप नम्बर यूपी 33 ए टी 1450 पर चोरी की हुई सटरिंग की प्लाई लाद कर बेचने के लिये शंकरगंज से मोहगंज की तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर उप निरीक्षक विजय नारायण मय टीम द्वारा नव निर्मित टोल प्लाजा कमवापुर के पास वाहनों की चेकिंग लगाकर पिकअप नम्बर यूपी 33 ए टी 1450 को रोक लिया गया। पिकअप सवार व्यक्तियों से नाम पता पूंछा गया तो चालक ने अपना नाम रामचन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम लक्ष्मणगंज मजरे असनी थाना मोहनगंज तथा दूसरे ने बताया अपना नाम कल्लू पुत्र राम आसरे निवासी देवतरा थाना महाराजगंज व तीसरे ने अपना नाम अरविंद पुत्र सीताराम निवासी लक्ष्मणगंज मजरे असनी थाना मोहनगंज बताया।पिकअप पर लदी प्लाई के संबंध में पूंछने पर बता नही सके और वाहन के कागज मांगने पर दिखा नही सका।

# नाला बना मुसीबत इंदिरा नगर की गलियां पानी से उफनाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। धनारा घाट रोड पर हो रहे नाला निर्माण इंदिरा नगर वासियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है।ठेकेदार ने नालियों का पानी रोक दिया जिससे ग्रामीणों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नालियां उफना गई हैं। ग्रामीणों को दुर्गंध से निकलना पड़ रहा है। नाला निर्माण में देरी और घटिया सामग्री को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष दिखाई दे रहा है।नाला निर्माण मे इंदिरानगर में रहने वाले लोगों का पानी रोक दिया गया है। जिससे लोगों के घरों में और गलियों में पानी भर गया है। लोगों को आने और जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है।कि यह समस्या पिछले कई दिनों से उत्पन्न हो रही है।लेकिन ठेकेदार नाला निर्माण में हिलाहवाली कर रहा है। जल्द ग्रामीण इस मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह से करेंगे। जिससे समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो और नाला निर्माण मानकों के अनुरूप किया जाए।

## परिषदीय विद्यालय में बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर में रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत नेशनल क्लीनलाइनेस दिन का आयोजन करते हुए विद्यालय स्तर पर निम्न कार्य किया जाना है।जिसमें मुख्य रूप से पॉलिथीन बैग के प्रयोग न करने हेतु जागरूकता फैलाना प्रार्थना सभा के दौरान पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों के विषय में छात्रों को जागरूक करना विद्यालयों एवं उसके आसपास स्वच्छता तथा सौंदर्यीकरण का अभियान चलाना एवं जागरूकता को फैलाना हैं।सार्वजानिक स्थानों पर पॉलिथीन के फैंकने के कारण जल निकास प्रणाली को प्रभावित करने के संबंध में जागरूक करना है।

## पॉलिथीन प्रयोग न करने को लेकर छात्रों ने ली शपथ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मरौरी के अंतर्गत स्थित पीएम श्री विद्यालय गनेशपूर गोटिया की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी ने पॉलिथीन का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई है।इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ सहित बच्चे उपस्थित रहे हैं।

## पुलिस ने अवैध नर्सिंग होम संचालक को भेजा जेल

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने एचडीएफसी बैंक के पास अवैध रूप से नवजीवन नर्सिंग होम का संचालन करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना जायस क्षेत्र के कस्बा स्थित एचडीएफसी बैंक के पास नवजीवन नर्सिंग होम के चिकित्सकों द्वारा दौरान इलाज एक महिला की बीते दिनों मौत हो गई थी। मृतका के पति द्वारा सीएमओ समेत अन्य अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई थी। सीएमओ डॉ अंशुमान के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रसाद द्वारा जब उक्त नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया तो वह अवैध तरीके से संचालित किया जाता पाया गया तो उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रसाद ने थाना जायस में नव जीवन नर्सिंग होम के संचालक इजहार अहमद के खिलाफ मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन उक्त नर्सिंग होम संचालक फरार चल रहा था।थाना जायस की पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। थाना जायस के उप निरीक्षक सलीम जावेद मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर नर्सिंग होम के संचालक इजहार अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम शाहमऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब छप्पन वर्ष को त्रिपुला मोड़ के पास से करीब बारह बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये वांछित युवक को जेल भेज दिया गया है।

## महाकुंभ से लौट रही कन्नौज डिपो की बस में आग लगने से टला बड़ा हादसा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज क्षेत्र में अयोध्या प्रयागराज राष्टीय राजमार्ग पर एक बस में बड़ा हादसा टल गया है। प्रयागराज महाकुंभ से लौट रही कन्नौज डिपो की बस के बोनट में अचानक आग लग गई उस बस में तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालुओ की जान चालक की सूझबूझ से बच गई। कन्नौज डिपो की परिवहन विभाग की बस संख्या यूपी 30 ए टी 2297 श्रद्धालुओं को लेकर महाकुंभ प्रयागराज से लौट रही थी उस बस में चालीस यात्री सवार थे।घटना के समय बस में धुआं भरने लगा। ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और कंडक्टर के साथ मिलकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों ने फायर इक्विपमेंट और पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी तरह की जानमाल की हानि नही हुई है। बताया जाता है कि हाइवे पर लगे लम्बे जाम की वजह से ड्राइवर को बार बार क्लच का इस्तेमाल करना पड़ा। इससे क्लच प्लेट अत्यधिक गर्म हो गई और आग लग गई हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे कोई बड़ा हादसा नही हुआ है। यात्रियों ने भी ड्राइवर और कंडक्टर के सूझबूझ की सराहना की है।

# ग्रीष्म कालीन धान व साठा धान की खेती प्रतिबंधित उल्लंघन पर दर्ज होगी एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी पीलीभीत के आदेश दिनांक 15.01.2025 के द्वारा जनपद लगने वाले ग्रीष्म कालीन धान व साठा धान की खेती प्रतिबंधित की गयी है। ग्रीष्म कालीन धान व साठा धान की खेती माह फरवरी से प्रारम्भ होकर माह ममई तक की जाती है इस समय वर्षा की कोई सम्भावन नहीं होती है। ग्रीष्म कालीन धान व साठा धान की खेती पूर्ण रूप से भूमिगत जल पर आधारित रहती है। जल के अत्याधिक दोहन से भूमिगत जल का स्तर निरन्तर नीचे जा रहा है एवं निकट भविष्य में जल संकट उत्पन्न हो सकता है। ग्रीष्म कालीन धान व साठा धान की फसल तैयार होने के बाद अवशेषों को भी कृषकों द्वारा जलाया जाता है। जिससे वायु प्रदूषण होता है। एवं मानव स्वास्थ्य पर उसका कू-प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिक शोध के आधार पर पाया गया है कि एक किलोग्राम चावल उत्पादन में लगभग 4800 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। ग्रीष्म कालीन धान व साठा धान के स्थान पर अन्य कम पानी चाहने वाली एवं अधिक लाभ देने वाली फसलें विकल्प के रूप में उपलब्ध है।जैसे उड़द,मूंग, सूरजमुखी,मक्का,सब्जियॉ आदि फसलें आदि। इन फसलों की पकने की अवधि भी कम होती है तथा जिसके फलस्वरूप खरीफ फसलों की बुबाई भी ससमय की जा सकती है।जनपद में यदि किसी के द्वारा साठा धान की नर्सरी लगाई गई है तो उसको तत्काल नष्ट कर दें अन्यथा सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी जायेगी एवं किसी राइस मिल,आढ़ती,व्यापारी आदि के द्वारा कही पर भी ग्रीष्मकालीन धान व साठा धान की उपज का क्रय किया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। यदि कोई राइस मिल,व्यापारी,आढ़ती किसी भी स्थल ग्राम में धान खरीद करते पाया गया तो उसके क्रय किये गये धान को जब्त कर लिया जायेगा एवं उनके लाइसेंस निरस्त करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी द्वारा साठा धान व ग्रीष्म कालीन धान की खेती को रोकने एवं धान की नर्सरी को नष्ट करने के लिए तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी है जिसमें पुलिस उपधीक्षक,तहसीलदार,खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नामित समिति जनपद में भ्रमणशील रहते हुए साठा धान व ग्रीष्म कालीन धान की खेती पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के लिए पूर्ण से उत्तरदायी होगी।अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय पीलीभीत से सर्म्पक कर सकते है।

# कड़ी मेहनत के बाद प्रशासन के सहयोग से खुला जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था और महाकाल परिवार संस्थान ने प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर प्रशासन के सहयोग के बाद कड़ी मेहनत रात्रि एक बजे जाम खुलवाया गया।

इस मौके पर उपस्थित कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि पिछले काफी दिनों से अयोध्या प्रयागराज राज्य मार्ग में जाम की समस्या बनी हुई है, लेकिन इस समस्या को दूर करने के लिए बड़े-बड़े वादे किए गए और बड़े-बड़े आदेश जारी किए गए, लेकिन जाम की समस्या दूर नहीं हो पाई। जिस कारण से आम लोगों के साथ साथ दुकानदारों को भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में संस्था ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जमा छुड़वाया गया। महाकाल परिवार संस्थान के अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने बताया कि एक जगह से दूसरी जगह आने जाने में ही काफ़ी समय नष्ट हो जाता है। ऐसे में आम जनमानस को चाहिए कि रोड पर उतर के अपना नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए जाम को खाली करवाने का काम करें इसमें पुलिस प्रशासन हम सभी की पूरी मदद कर रहा है। कटक क्लब का मुख्य उद्देश्य है एंबुलेंस को रास्ता दें और हम सभी इस पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। इस मौके पर द्वारिकागंज चौकी प्रभारी, गोसाईगंज थाना इंचार्ज, मोनू यादव, आदर्श अग्रहरि, के साथ कई युवा जाम खुलवाने में लगे हुए हैं ।

# जलवायु संकट में बच्चे

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।

# कैलाश मानसरोवर: समझदारी दिखाएंगे भारत-चीन?

साल 2025 की गर्मियों में भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर शुरू हो जाएगी। दोनों देशों के बीच इस यात्रा को लेकर दोबारा सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। वहीं, विगत पांच वर्षों से थमी हुई इस यात्रा को पुनः शुरू करने के लिए दोनों देश डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने को लेकर भी तैयार हो गए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, एक द्विपक्षीय बैठक में इस आशय की सहमति बनी है। हालांकि, कैलाश मानसरोवर का जिक्र होते ही सबसे पहले हर किसी के मन में यही सवाल उठता है कि कैलाश मानसरोवर किसका है? जब भगवान शिव भारतीयों के देवाधिदेव महादेव हैं तो फिर यह पुण्यभूमि तिब्बतियों/चीनियों की कैसे हो गई? क्या तिब्बत/चीन ने इस पर जबरन कब्जा किया है? आखिर इससे जुड़ी कैलाश मानसरोवर की वह क्या कहानी है, जिसपर इतिहासकारों और विद्वानों के अलग-अलग आलेख उपलब्ध हैं। वहीं, लोगों के मन में यह विचार पैदा हो रहा है कि यदि 'कैलाश-मानसरोवर' की चीन द्वारा जबरिया परिवर्तित स्थिति को पुनः बदलने के लिए भारत सरकार ने समय रहते समुचित कदम नहीं उठाए तो भविष्य में रामजन्म भूमि आंदोलन की तरह हिंदुओं की जनभावना भड़केगी और चीनी कब्जे से इस पुण्यभूमि को मुक्त कराने के लिए देशव्यापी/विश्वव्यापी अभियान चलाया जाएगा। इससे यह पावन क्षेत्र एशिया का दूसरा 'येरुशलम' बन जाएगा! क्योंकि इस पवित्र भूमि से न केवल हिंदुओं बल्कि भारतीय जैनियों-बौद्धों की भी जनभावनाएं जुड़ी हुई हैं। शायद इसी नजरिए से बौद्ध मतावलंबी देश चीन ने भी इस पर कब्जा जमाया है, जिससे भारतीय हिंदुओं-जैनियों में व्यापक रोष देखा-सुना जाता है। बता दें कि भारत के पूर्व राजदूत पी स्टोबदान ने अपने एक आलेख में लिखा है कि कैलाश मानसरोवर और इसके आसपास का इलाका 1960 के दशक तक भारत के अधिकार क्षेत्र में आता था। लेकिन उसके बाद तत्कालीन भारत सरकार की कमजोरी का फायदा उठाते हुए चीन ने इस पर कब्जा कर लिया। बता दें कि 1959 में पहली बार चीन ने अपने नक्शे में सिक्किम, भूटान से लगते कैलाश मानसरोवर के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में दिखाया था। हालांकि तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संसद के बाहर और भीतर इसका जोरदार विरोध दर्ज कराया। इस बारे में पूर्व राजदूत स्टोबदान ने लिखा है कि नेहरू ने ये जमीन भले चीन को सौंपी न हो लेकिन वो इसे बचा नहीं पाए। साथ ही वह चीन को इस हरकत से रोक नहीं पाए। जबकि 1961 की आधिकारिक रिपोर्ट में कैलाश के पास के क्षेत्रों पर भारत के ऐतिहासिक, प्रशासनिक और राजस्व अधिकारों का पूरा विवरण दिया गया था। चीन ने तब इसका विरोध नहीं किया था। वहीं, 1947 में जम्मू-कश्मीर रियासत से किए गए समझौते में मेन्सर इलाके को चीन को दिए जाने का जिक्र भी नहीं है। मेन्सर इलाके पर दावे को लेकर कोई कानूनी हल नहीं हुआ है। समझा जाता है कि तब से इस कैलाश पर्वत को गंवाने को लेकर हिंदुओं, जैनियों व बौद्धों के मन में कसक है। सभी इसे पुनः पाने को लेकर अपने अपने स्तर से सक्रियता दिखाई है। जनजागृति हेतु अंदरूनी तैयारियां भी चल रही हैं। इसलिए कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि कैलाश मानसरोवर क्षेत्र एशिया का दूसरा यरूशलेम बन सकता है क्योंकि जिस तरह से यरूशलेम पर कब्जे को लेकर यहूदी-ईसाई-इस्लाम के बीच अनवरत संघर्ष जारी है, कुछ वैसा ही संघर्ष भविष्य में कैलाश मानसरोवर को लेकर शुरू हो सकता है जो कि हिंदुओं-जैनियों-बौद्धों के प्राचीनतम श्रद्धा केन्द्रों में शुमार किया जाता है। पौराणिक धर्मग्रंथों के मुताबिक, कैलाश पर्वत हिंदुओं के लिए भगवान शिव का पवित्र निवास है। जबकि बौद्ध धर्म में कैलाश पर्वत को कांग रिनपोछे यानी बर्फ के अनमोल रत्न के रूप में नवाजा जाता है, जिसे ज्ञान और निर्वाण की प्राप्ति से जुड़ा एक पवित्र स्थल माना जाता है। बौद्ध धर्म में कैलाश पर्वत को 'मेरु पर्वत' के नाम से जाना जाता है और इसे डेमचोक का निवास स्थान माना जाता है। वहीं, जैनियों के लिए कैलाश पर्वत को अष्टपद के रूप में जाना जाता है। यह उनके पहले तीर्थंकर भगवान ऋषभनाथ से जुड़ा हुआ है। यह आध्यात्मिक जागृति और जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति के स्थान के रूप में महत्व रखता है। वहीं, महाकवि माघ की रचना में भी कैलाश का जिक्र मिलता है। महाकवि माघ की लिखी शिशुपालवधम् महाकाव्य के प्रथम सर्ग में कैलाश का जिक्र मिलता है। बता दें कि भगवान शिव और जैनियों के भगवान आदिनाथ के कारण ही संसार के सबसे पावन स्थानों में कैलाश पर्वत गिना जाता है। दरअसल, कैलाश पर्वत को भगवान शिव का घर कहा गया है, जहां बर्फ में भगवान महादेव तप में लीन बेहद शांत और निश्चल हैं। कैलाश पर्वत के बारे में संस्कृत साहित्य के कई काव्यों में जिक्र मिलता है। वहीं, पी स्टोबदान के मुताबिक, लद्दाख के राजा त्सावांग नामग्याल का शासन क्षेत्र कैलाश मानसरोवर के मेन्सर नामक जगह तक था। ये पूरा इलाका भारत, चीन से लेकर नेपाल की सीमा तक फैला था। 1911 और 1921 की जनगणना में कैलाश मानसरोवर वाले इलाके के मेन्सर गांव में 44 घर होने की बात सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। हालांकि, 1958 के जम्मू-कश्मीर समझौते के मुताबिक मेन्सर चीन के कब्जे में चला गया। क्योंकि यह इलाका चीन के कब्जे वाले लद्दाख तहसील के 110 गांवों में शामिल था। वहीं, कैलाश-मानसरोवर की ऐतिहासिक स्थिति के बारे में मशहूर लेखक ओसी हांडा ने अपनी किताब 'हिस्ट्री ऑफ उत्तरांचल' में लिखा है कि मुगल बादशाहों के दौर में उत्तराखंड के कुमाऊं में चांद वंश के राजा बाज बहादुर का शासन (1638-1678) था। जिनका तत्कालीन मुगल बादशाहों-शाहजहां और औरंगजेब से काफी अच्छे संबंध थे। चूंकि उस वक्त पहाड़ों पर हूणों का आतंक था। इसलिए उनके आतंक को खत्म करने के लिए राजा बाज बहादुर ने तिब्बत पर हमला करने की योजना बनाई। तब उन्होंने दर्रा पार करके पूरे मानसरोवर को अपने कब्जे में लिया। क्योंकि यह हिंदुओं के आराध्य भगवान शिव के शिवलोक नाम से मशहूर धराधाम है, जहां भगवान शिव-पार्वती साक्षात विराजमान समझे जाते हैं। वहीं, स्वनामधन्य लेखक मनमोहन शर्मा की किताब 'द ट्रेजेडी ऑफ तिब्बत' में लिखा गया है कि कुमायूं के राजा बाज बहादुर ने जुहार दर्रे के रास्ते अपनी सेना के साथ तिब्बत की ओर बढ़े और हूणों के मजबूत गढ़ टकलाकोट पर कब्जा कर लिया। संभवतया इतिहास में यह पहली बार था कि किसी भारतीय राजा ने तिब्बत के इस गढ़ पर कब्जा किया था। वहीं, इसके बाद 1841 में जम्मू की डोगरा सेना ने भी इस क्षेत्र पर कब्जा किया। उल्लेखनीय है कि राजा बाज बहादुर ने देहरादून और मानसरोवर के पूरे इलाके को 1670 में कुमाऊं साम्राज्य में मिला लिया था, जो उनकी बहुत बड़ी उपलब्धि थी। हालांकि, कैलाश मनसरोवर पर कब्जे को लेकर इतिहास बहुत धुंधला है। फिलहाल, कैलाश मानसरोवर का क्षेत्र चीन अधिकृत तिब्बत में पड़ता है। इस पर ब्रिटिश अभियान साल 1903 में शुरू हुआ और साल 1904 तक चला। अंग्रेजों ने तिब्बत की राजधानी ल्हासा पर आक्रमण किया। फिर अंग्रेजों को इस पर नियंत्रण पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि तिब्बत को 24 अक्टूबर, 1951 को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने अपने अधीन कर लिया था। कैलाश पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक कैलाश पर्वत है, जो ट्रांस-हिमालय का ही हिस्सा है। यह चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित है। यह पर्वत चीन, भारत और नेपाल के पश्चिमी ट्राई जंक्शन पर स्थित है। स्वामी शिवानंद जी महाराज, राजयोग धाम, तारापीठ ने अपनी रचनाओं में बताया था कि कैलाश मानसरोवर तीर्थ को अष्टपद, गणपर्वत और रजतगिरि भी कहते हैं। कैलाश के बर्फ से ढंके 6,638 मीटर (21,778 फुट) ऊंचे शिखर और उससे लगे मानसरोवर का यह तीर्थ है। इस प्रदेश को मानसखंड कहते हैं। कैलाश की परिक्रमा तारचेन से आरंभ होकर वहीं समाप्त होती है। तकलाकोट से 40 किलोमीटर दूरी पर मंधाता पर्वत स्थित गुर्लला का दर्रा है। इसके मध्य में पहले बायीं ओर मानसरोवर झील है और दायीं ओर राक्षस ताल झील है। वहीं, इसके उत्तर की ओर दूर तक कैलाश पर्वत के हिमाच्छादित धवल शिखर का रमणीय दृश्य दिखाई पड़ता है। यहां दर्रा समाप्त होने पर तीर्थपुरी नामक स्थान है जहां पर गर्म पानी के झरने हैं। इन झरनों के आसपास चूनखड़ी के टीले हैं। लोक मान्यता है कि भस्मासुर ने यहीं पर तप किया और यहीं पर वह भस्म भी हुआ था। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, रावण ने कैलाश मानसरोवर में ही भगवान शिव की स्तुति में 'शिव तांडव स्तोत्र' का पाठ किया था। जबकि हिन्दू मतों के मुताबिक, युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में इस प्रदेश के राजा ने उत्तम घोड़े, सोना, रत्न और याक के पूंछ के बने काले और सफ़ेद चामर भेंट किए थे। वहीं, पौराणिक कथाओं के अनुसार, जैन धर्म के भगवान ऋषभदेव ने यहीं निर्वाण प्राप्त किया। हिन्दू धर्मग्रंथों में कहा जाता है कि इस पर्वत का निर्माण 30 मिलियन वर्ष पहले हुआ था। कैलाश मानसरोवर यात्रा एक पवित्र तीर्थयात्रा है, जिसे मोक्ष का प्रवेश द्वार माना जाता है। कैलाश पर्वत तिब्बत में स्थित एक पर्वत श्रेणी है, जिसके पश्चिम और दक्षिण में मानसरोवर एवं राक्षसताल झील स्थित हैं। माना जाता है कि कैलाश पर्वत श्रृंखला का निर्माण हिमालय पर्वत श्रृंखला के शुरुआती चरणों के ही दौरान हुआ था। इसलिए कैलाश पर्वतमाला के निर्माण के कारण हुए भूगर्भीय परिवर्तन से चार नदियां भी जन्मीं, जो अलग-अलग दिशाओं में बहती हैं- ये चार नदियां हैं- सिंधु, करनाली, यारलुंग त्सांगपो यानी ब्रह्मपुत्र और सतलुज। उल्लेखनीय है कि कैलाश पर्वतमाला कश्मीर से लेकर भूटान तक फैली हुई है जो भारत और तिब्बत को भौगोलिक रूप से अलग-थलग करती है। बता दें कि भारत और चीन के बीच सालों तक रिश्तों पर जमी बर्फ अब फिर से पिघलने लगी है दोनों देश पुनः नए सिरे से दोस्ती का हाथ बढ़ा चुके हैं। शायद पुरानी बातें भूलकर आपसी रिश्तों की नई पटकथा लिखने में जुट चुके हैं। इसका जमीनी असर भी दिखने लगा है। पहले तो एलएसी पर सीमा विवाद सुलझा और दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे। फिर जहां-जहां तनाव था, वहां से डिसइंगेजमेंट हो गया। वहीं, अब कैलाश मानसरोवर यात्रा पर सफलता हाथ लगी है। भारत और चीन ने गत सोमवार को ही अपने रिश्तों के पुनर्निर्माण की दिशा में यह अहम घोषणा की। जानकार बताते हैं कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत भारत और चीन के रिश्तों में मील का पत्थर है। क्योंकि वर्ष 2020 के बाद से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बंद हैं। दरअसल, साल 2020 में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी और पैंगोंग त्सो झील के पास झड़पें हुई थीं, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। यह तनाव इतना ज्यादा था कि दोनों देशों ने सीमा पर अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी थी। साथ ही हर तरह के संबंध तोड़ दिए थे। अब रूसी हस्तक्षेप के बाद पुनः शुरू हुई पारस्परिक बातचीत से भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधरने लगे हैं। इन्हीं बातचीत का नतीजा है कि अब दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होने लगे हैं। इसकी पटकथा दिल्ली से 3750 किलोमीटर दूर स्थित रूस के कजान शहर में लिखी गई। जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई। दरअसल, साल 2024 के अक्टूबर महीने में पीएम मोदी और शी जिनपिंग कजान शहर में ब्रिक्स समिट में शरीक हुए थे। तभी समिट से इतर पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात हुई थी। तब दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। मुलाकात में ही सीमा पर शांति और दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने पर सहमति बनी थी। इसी दौरान सीमा पर तनाव कम करने, कैलाश मानसरोवर यात्रा और डायरेक्ट फ्लाइट की बहाली पर पीएम मोदी ने जिनपिंग को समझाया था। यही वह मुलाकात थी, जिसके बाद भारत और चीन के बीच बातचीत का चैनल सक्रिय हो गया था। लिहाजा, भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से बहाली और सीधी उड़ानों को शुरू होने के पीछे पीएम मोदी और शी जिनिपंग के बीच मुलाकात ही है। **-कमलेश पांडेय**

# फर्नेस ऑयल और पिटकोक ईंधन बन रहा मौत का वाहक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

प्रदूषण को लेकर दुनिया में भले कितनी भी चिंता व्यक्त की जाती हो, कितने ही बड़े सम्मेलन होते हों, दुनिया के देशों के प्रमुखों द्वारा कितनी ही साझा बैठकें कर चिंता व्यक्त की जाती हो, कितनी ही गंभीरता का ताना-बाना बुना जाता हो पर धरातल पर देखें तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले और गंभीर चिंता का कारण है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की 2024 की रिपोर्ट की मानें तो वायु प्रदूषण अकारण मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। ग्लोबल एयर की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में सालाना 81 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं। यदि भारत की बात करें तो सालाना 21 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जिंदगी की जंग हार जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि दुनिया के देशों में होने वाली 8 मौतों में से एक मौत का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है। ऐसा नहीं है कि सरकारें या न्यायालय या विश्व के राजनेता इससे चिंतित नहीं हो, अपितु लाख गंभीरताओं के बावजूद जो परिणाम सामने आ रहे हैं वह कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था की पोल खोल कर ही रख रहे हैं। अब भारत की ही बात की जाए तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2017 में एक जनहित याचिका पर निर्णय करते हुए फर्नेस ऑयल और पिटकोक के उपयोग पर रोक लगा दी गई। खासतौर से एनसीआर से जुड़े प्रदेशों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में यह रोक लगाई गई। इसी के क्रम में उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक प्रदेशों में इसको लेकर गाइड लाइन जारी की जा चुकी है। पर इस सबके बावजूद पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़े साफ-साफ चिढ़ाते नजर आ रहे हैं। इस साल ही अप्रैल, 24 से दिसंबर, 24 तक के आंकड़े बताते हैं कि रोक व सख्ती के बावजूद नौ माह में 49 लाख 95 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का घरेलू उपयोग हुआ है। इसी तरह से पिटकोक का उपयोग 161 लाख 12 हजार मैट्रिक टन रहा है। तस्वीर का एक पहलू यह है कि 1997-98 में देश में 114 लाख 94 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का उपभोग हो रहा था, वहीं 1997-98 में 2 लाख 77 हजार मैट्रिक टन पिटकोक का उपभोग हो रहा था। इसके बाद हालांकि फर्नेस ऑयल व अन्य के उपयोग में उतार-चढ़ाव रहा है पर जहां तक पिटकोक के उपयोग में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। खासतौर से रियल एस्टेट ने पिटकोक के उपयोग को कई गुणा बढ़ा दिया है वहीं, पिछले कुछ सालों से फर्नेस ऑयल व एलएसएचएस के उपयोग में कोई खास कमी नहीं आ रही है। बल्कि सारी बात साफ होती जा रही है कि वायु प्रदूषण में प्रमुख भूमिका निभा रहे इन दोनों ईंधनों के उपयोग पर जो कार्रवाई न्यायालय के आदेशों की भावना और एनजीटी के प्रयासों से होना चाहिए था वह कम से कम धरातल पर तो दिखाई नहीं दे रही है। दरअसल, देखा जाए तो फर्नेस ऑयल व पिटकोक गैर नवीकरणीय जीवाश्म ईंधन है। विशेषज्ञों का यहां तक मानना है कि इनका अनुचित स्टोरेज तक भूमि और भूजल दोनों को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब स्टोरेज करने मात्र से नुकसान पहुंचाने वाला है तो इस ईंधन को जलाने से कितना नुकसान हो सकता है इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्नेस ऑयल के ईंधन के रूप में उपयोग से ग्रीन हाउस में हानिकारक कण फैलते हैं और देखा जाए तो हवा में जहर घुलने लगता है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिटकोक और फर्नेस ऑयल में सल्फर हैं। पेटकोक में 65 हजार से 75 हजार पीपीएम और फर्नेस ऑयल में 22 हजार पीपीएम स्तर है। वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रूप में उपयोग से नदी-नाले, जलवायु, पेड़-पौधे, यहां तक कि पशु-पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। जहां तक आम आदमी की बात है तो फर्नेस ऑयल के ईंधन के रूप में उपयोग से वायु प्रदूषण तो होता ही है, साथ ही सीधे यह हमारे फ़ेफड़ों को प्रभावित करता है। इससे फ़ेफड़ों की क्षमता कम होने के साथ ही सांस जनित रोग यहां तक कि फ़ेफड़ों के कैंसर की आशंका तेजी से बनती है। दमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जिसे सीओपीडी भी कहते हैं और फ़ेफड़ों के कैंसर की संभावना बन जाती है।

## सेहत मंत्र

# मानसिक रोग है बाइपोलर डिसऑर्डर

बाइपोलर डिसऑडर एक प्रकार का मानसिक विकार है। इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति बहुत गंभीर मिजाज का हो जाता है और वह समझ नहीं पाता क्या करें क्या न करे। यानी वह हमेशा एक प्रकार की दुविधा में रहता है और अक्सर उसके द्वारा किये गये काम पूरे नहीं हो पाते। कई बार लोगों को पहचानने में भी दिक्कत होती है। इस बीमारी से गस्त होने पर मरीज को दवाओं को साथ-साथ अपने नजदीकी दोस्तों और रिश्तेदारों की बहुत जरूरत होती है। अगर आपका दोस्त भी द्विध्रुवी विकार से ग्रसित है तो आप उसके उपचार में उसकी मदद कर सकते हैं। आपके द्वारा दिये जाने वाले प्रोस्ताहन, मदद और देखभाल उसे वापस सामान्य स्थिति में आने में बहुत ज्यादा मदद करेगा। इस लेख में विस्तार से जानिए कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त दोस्त की मदद कैसे करें। बाइपोलर डिसऑर्डर क्या है- बाइपोलर डिसऑर्डर यानी द्विध्रुवी विकार को मानसिक रोग के नाम से भी जाना जाता है। इससे ग्रस्त व्यक्ति बहुत ही गंभीर मिजाज का हो जाता है। इसका असर कई सप्ताह या महीनों या कई सालों तक रहता है। एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक 100 में से 1 व्यक्ति इस मानसिक विकार से ग्रस्त होता है। बाइपोलर शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है जिसमें आदमी के मूड के दो रूपों को दिखाया गया है। पहला मूड का अचानक से अत्यधिक उच्च स्तर और दूसरा, अत्यधिक निम्न स्तर। व्यक्ति इन्हीं दोनों में उलझा रहता हैं। इस बीमारी के उच्च स्तर के होने पर दुखी रहना, ऊर्जा में कमी, इच्छा में कमी, आत्मविश्वास में कमी, आत्महत्या की इच्छा करना और चिड़चिड़ा होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। निम्न स्तर में होने पर बहुत अधिक खुशी, नींद की जरूरत घटना, बहुत अधिक बोलना, जोखिम लेना, अति आत्मविश्वास होना, बहुत अधिक जोश में रहना, आदि लक्षण दिखते हैं। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों को किसी भी उम्र में हो सकता है। कैसे करें दोस्त की मदद-इस बीमारी से ग्रस्त दोस्त की मदद करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अक्सर वह आपपर भी झुंझलाता है और गुस्सा करता है। लेकिन खुशी की बात यह है कि अगर इस बीमारी के उपचार के दौरान दवाओं के साथ-साथ आपका खुशनुमा साथ भी आपके दोस्त को मिल जाये तो उसे सामान्य होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और जल्द ही वह सामान्य स्थिति में आ जायेगा।

## धर्म मंत्र


# पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



# पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया

राजस्थान का अपना एक अलग समृद्ध इतिहास है, जो इसे सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाता है। यहां के किले व महल अनजाने ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर के आमेर फोर्ट से लेकर जैसलमेर के किले लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं, लेकिन इन्हीं के बीच कुंभलगढ़ का किला अपना एक अलग महत्व रखता है। कुम्भलगढ़ किला पश्चिमी भारत में राजस्थान राज्य के उदयपुर के पास राजसमंद जिले में अरावली पहाड़ियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर मेवाड़ का किला है। इस किले की खासियत है उसकी 36 किलोमीटर लंबी दीवार। यह राजस्थान के हिल फॉट्र्स में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15 वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्ज़ा प्राप्त है। ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो आपने सुना होगा, लेकिन कुंभलगढ़ को ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है। 80 किलोमीटर उत्तर में उदयपुर के जंगल में स्थित, कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। किले की दीवार 36 किलोमीटर की विशाल लंबाई तक फैली हुई है और इसलिए इसे ''द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया'' के नाम से जाना जाता है। अरावली रेंज में फैला कुंभलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान है। यही कारण है कि राजपूतों के दिलों में इस किले के प्रति एक विशेष स्थान है। 2013 में, किले को विश्व धरोहर समिति के 37 वें सत्र में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। किले को सात विशाल द्वारों से बनाया गया है। इस भव्य गढ़ के अंदर मुख्य भवन बादल महल, शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और मम्मादेव मंदिर हैं। कुम्भलगढ़ किला परिसर में लगभग 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं, और बाकी हिंदू हैं। इस किले की एक खासियत यह भी है कि इस भव्य किले को वास्तव में युद्ध में कभी नहीं जीता गया था।

# डीएम सत्येंद्र कुमार का सवा साल कार्यकाल बेमिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । महत्ता और प्रसिद्धि सेवा कार्य से होती है सूरत से नहीं ! आज यहां हम एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम लेने जा रहे हैं जिसकी तुलना में सारे मापदंड गौण हुए हैं। यह हम नहीं कह रहे हैं, 76 वां गणतंत्र दिवस और कलेक्ट्रेट में परंपरागत आयोजित होने वाली आज के दिन की गोष्ठी इसका चश्मदीद अर्थात साक्षी है। एक अक्टूबर 23 से 16 जनवरी 2025 तक के सवा साल बाराबंकी डीएम के रूप में आइएएस सत्येंद्र कुमार का कार्यकाल जनपदीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। इतिहास गवाह है कि गणतंत्र दिवस अवसर पर वह भी कलेक्ट्रेट में किसी डीएम का बखान हुआ हो।यह कहना इसलिए अतिश्योक्ति नहीं क्योंकि जो काम इनके इस 15 माह के कार्यकाल में हुए वह आसान नहीं थे।

**जमुरिया को मिला नदी का आकार:**

नगर में घाघरा नदी से भी ज्यादा बाढ़ के हालात पैदा करने वाली जमुरिया नदी को नगर के लोगों ने नाला बना दिया था, महंत बीपी दास ने दो बार उच्च न्यायालय में गोहार लगाई लेकिन प्रशासनिक अमले के कानों पर जूं नहीं रेंग रही थी, डीएम सत्येंद्र ने जमुरिया को की सफाई के साथ ही अतिक्रमण मुक्त कराकर का न सिर्फ प्राकृतिक स्वरूप दिलाने का काम किया, बल्कि इसके जल को पीने लायक बनाने की कार्ययोजना भी मंजूर करवा कर गए हैं।

जमुरिया के किनारे दोनों ओर नाले बनाए जाएंगे। नालियों का गंदा पानी जमुरिया में नहीं जाएगा। डेढ़ करोड़ की लागत से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

लोधेश्वर महादेवा कारिडोर का खाका किया तैयार : लोधेश्वर महादेवा उत्तर भारत के प्रमुख शिव तीर्थों से एक है। लेकिन हालत यह थे कि लोधेश्वर के शिवार्चन सरोवर में अतिक्रमण के कारण मंदिर के गर्भगृह में पानी भर गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक मामला पहुंचा तो उन्होंने भी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की और स्थिति देखी। इसके बाद महराजगंज में शिव मंदिरों का कायाकल्प कराने वाले सत्येंद्र कुमार को डीएम बनाया, जिन्होंने कार्यभार ग्रहण करने से पहले लोधेश्वर की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री योगी की मंशा को साकार करने का संकल्प कर लिया। शिवार्चन सरोवर पर



अतिक्रमण करने वाले गुंडे को जिला बदर करने का काम भी किया। कारिडोर निर्माण में जमीन व अन्य कई तरह की बाधाओं को दूर किया। साढ़े 48 करोड़ रुपये जमीन खरीदने के लिए मंजूर कराया। करीब सौ करोड़ की कार्ययोजना भी तैयार कराई जो शीघ्र ही मंजूर होगी। करीब 20 प्रतिशत जमीन विवादित है, ऐसे में उसका अधिग्रहण कराए जाने का शासनादेश भी पैरवी कर कराया। इससे कारिडोर निर्माण में अब कोई बाधा शेष नहीं बची है।

केडी सिंह के स्मारक एवं संग्रहालय निर्माण के सूत्राधार बने : हाकी खेल में विश्व

**सांस्कृतिक धरोहर सहेजने के लिए भी लिए होगा हमेशा स्मरण**

स्तरीय पुरस्कार पाने वाले केडी सिंह बाबू की पुश्तैनी कोठी नगर के सिविल लाइन में कोतवाली के निकट स्थित है। इस कोठी को पारिवारिक सदस्यों के विवाद के चलते स्थानीय अदालत ने नीलाम करने का आदेश माह फरवरी 2024 में दे दिया था। लेकिन जिले के साहित्यकार अजय सिंह गुरु सहित गणमान्य लोगों ने राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व एमएलसी अंगद सिंह के जरिए मुख्यमंत्री तक इसे बचाने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने इस काम को पूरी जिम्मेदारी से पूरा कराने का निर्देश डीएम सत्येंद्र कुमार को दिया। कोठी के 18 हिस्सेदार जो देश व विदेश में भी रहते हैं, सभी को एकत्र कराकर कोठी को स्मारक एवं संग्रहालय निर्माण के लिए संस्कृति विभाग के पक्ष में देने के लिए राजी कराने का काम किया। कानूनी दांव पेंच कई थे, जिन्हें दूर कराने के लिए निजी स्तर से न्यायिक अधिकारियों से भी बातचीत कर समस्या का हल कानूनी तरीके से निकाला। साढ़े 14 करोड़ रुपये कोठी की मालियत परिवारजन को दिलाने व स्मारक एवं संग्रहालय के रूप में विकसित करने के लिए पांच करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई।

लेडी डाक्टर बंगले की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई : नगर में लेडी डाक्टर बंगले की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए उच्च न्यायालय तक पैरवी कराई। नगर पालिका के हक में आदेश कराया। जमीन खाली कराने के साथ ही उस पर आडिटोरियम व पार्किंग स्थल बनाने के लिए पांच करोड़ की धनराशि भी मंजूर कराई। थोड़ी कानूनी अड़चन के कारण काम रुका, लेकिन जो भी काम करा गए, उसे करने की बात किसी ने सोची नहीं थी। सीलिंग की जमीनों के भ्रष्टाचार को खोला : डीएम सत्येंद्र कुमार ने जिले में सीलिंग की जमीनों के भ्रष्टाचार को भी खोला। असेनी में करीब ढाई सौ बीघा सीलिंग की चिन्हित कराई। जिसमें करीब सौ बीघा अतिक्रमण मुक्त हुई। पैसार कोठी के लोगों द्वारा सीलिंग की जमीन को बेचे जाने जैसे बड़े मामले का राजफाश कराने के साथ ही मुकदमा भी कराया। कई अन्य भू-माफिया का राजफाश कर उनकी कलई खोल दी। झीलों के पुनरुद्धार की रूप रेखा बनाई : जिले में यूं तो करीब चार दर्जन झीलें हैं मगर डीएम सत्येंद्र ने एक दर्जन झीलों के कायाकल्प के लिए चिन्हित कराया। उनके कायाकल्प की कार्ययोजना भी बनाई, जो शीघ्र ही फलीभूत होगी।

**सप्तऋषि आश्रम सहित कई धार्मिक**

स्थल वंदन योजना में: भगवान श्रीराम एवं चारों भाइयों का गुरुकुल सतरिख स्थित सप्तऋषि आश्रम का कायाकल्प वंदन योजना के तहत कराने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा। नगर के कोठी डीह स्थित राम जानकी मंदिर का कायाकल्प वंदन योजना के तहत हो रहा है। पंचम दास कुटी के कायाकल्प के लिए सर्वे भी कराया था।

औद्योगिक विकास को दी गति : डीएम सत्येंद्र कुमार ने जिले के औद्योगिक विकास को गति प्रदान की। करीब दो सौ नए उद्यमी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश को आगे आए। हैदरगढ़ व रामसनेहीघाट में नए औद्योगिक पार्क निर्माण की दिशा में काफी काम किया।

**बाढ़ पीड़ितों के लिए पहली बार कोई दिखा गंभीर:**

बसना उजड़ना ही जिनकी किस्मत उन बाढ़ पीड़ितों के लिए स्वनामधन्य (सत्येन्द्र)द्रवित हुए और उन्हें उपराहर यानी ऊंचाई पर सरकारी आवास देने की योजना बनाई। उनका सोचना था कि बाढ़ पीड़ित लोगों का घर जो हर साल बाढ़ में नष्ट हो जाता है वह सुदृढ़ सुरक्षित रहे और तराई की अपनी जमीन पर वह खेती करें।

**संविधान, सपूत व चर्चा- ए -सत्येंद्र जताई कृतज्ञता**

यह पहला अवसर है जब गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित गोष्ठी आयोजन में सत्येंद्र कुमार बतौर डीएम के सद्गुणों का बखान हुआ। कहा तो यह गया कि 50 वर्ष में ऐसे एतिहासिक कार्य बाराबंकी में नहीं हुए। सत्येंद्र कुमार ने विकास की जो लाइन खींची हैं उसको छोटा कर पाना असम्भव तो नहीं कहा जा सकता परंतु वर्तमान जिलाधिकारी को भारी मेहनत अवश्य करनी पड़ेगी। साहित्यकार अजय सिंह गुरु जी ने दोहराया कि अच्छे कार्यों के प्रशंसा और बुराई की निंदा अवश्य होनी चाहिए। जनहित कार्यों में जनपदवासियों का जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी को उसी भांति सहयोग भी मिलेगा।

# एक पक्षीय पुलिस कार्यवाही से अधिवक्ता भड़के, प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पुरानी रंजिश में दो दिन पूर्व अधिवक्ता और उसके गांव के ही विरोधियों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा की गई एक पक्षीय कार्रवाई से अधिवक्ता भड़क उठे। वकीलों ने तहसील गेट बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना स्थल पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी. ने अधिवक्ताओं से प्रदर्शन समाप्त कर पुलिस अधीक्षक से मिलकर समाधान निकालने का आग्रह किया। किन्तु अधिवक्ता उनकी बात से सहमत नहीं हुए। दिन भर चले प्रदर्शन के वावजूद कोई हल नहीं निकला। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने संघ की बैठक कर निर्णय लिया कि जब तक हमारे अधिवक्ता की तरफ से मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा तब तक रोज प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को तहसील सिरौलीगौसपुर के अधिवक्ता तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला के अधिवक्ता पुत्र अंकुश शुक्ला पर हुए हमले के बाद सहादतगंज पुलिस द्वारा पीड़ित अधिवक्ता का मुकदमा न दर्ज



करने से आक्रोशित हो गए और तहसील गेट पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस प्रशासन के विरोध में नारे बाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस भी बंद करवा दिया। जिससे बैनामा कराने आए लोग परेशान रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि 28 जनवरी को उनके अधिवक्ता पुत्र अंकुश शुक्ला को गांव के ही विरोधी विशाल पान्डेय, रमेश चंद्र पाण्डेय, ने फोन कर गांव के बाहर प्लाट पर पुराने विवाद में समझौता करने के लिए बुलाया था। अंकुश शुक्ला प्लाट पर जा रहे थे कि रास्ते में पीछे से विरोधियों ने अंकुश पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। अंकुश ने खेतों में भाग कर जान बचाई। इसके बाद सभी विरोधियों ने उसे पकड़ कर मारा-पीटा और विशाल ने कट्टे से अंकुश पर फायर कर दिया जो मिस हो गई। इसके बाद विरोधियों की पकड़ से अपने को छुड़ा कर भाग लिया। जिसका पीछा करते हुए विशाल पान्डेय अपनी ही कार से लड़ गए। पुलिस ने विरोधियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया किन्तु अधिवक्ता की शिकायत पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई। जिससे अधिवक्ता नाराज हैं। बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के महामंत्री दीपक कुमार सिंह बाबा ने बताया कि अधिवक्ता पर हुए हमले के मामले में जब तक रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई नहीं होगी तब तक हम लोग किसी प्रकार की न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे।

# बसपा सरकार की योजनाओं को अन्य सरकारों ने किया खत्म : विश्वनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का पंजरौली चौराहे पर शेष कुमार वर्मा की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ग्राम शफीपुर में कैडर कैम्प में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहन जी की सरकारों में ला एण्ड आर्डर के साथ साथ गरीबों, पिछड़ों दलितों के लिए चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं को बाद की सरकारों ने खत्म कर दिया।

बसपा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कैडर कैम्प को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव में पक्ष विपक्ष के लोगों ने चुनाव में चंदा लिया। बसपा ने इलेक्टोरल बांड चंदा नहीं लिया। मंहगाई से आम आदमी की कमर टूट गई है उस पर कोई बोलने को तैयार नहीं है।मंण्डल प्रभारी दिग्विजय



सिंह गौतम ने बसपा की कमेटियों को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। बसपा के जिलाध्यक्ष के के रावत ने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने हेतु क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से अपील किया।इस मौके पर आसिफ खान, डाक्टर नत्थाराम गौतम,सूरज रावत, रंजीत कनौजिया,अजय कुमार गौतम, सुरेश रावत,हकीम अय्यूब, विनोद कुमार रावत पूर्व प्रधान,जैसीराम वर्मा, राजेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अटल जी के कृपा पात्र का भाजपाइयों ने भव्य स्वागत

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा कुर्सी के विकास खंड निंदूरा के ग्राम टिकैतगंज मजरे मोहसंड निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता रमाकांत बाजपेई उर्फ मुनवा काका वह शख्सियत है जिन्हे भारत रत्न महामानव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का सानिध्य प्राप्त था और इन्हें साथ कार्य करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ था।ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता रमाकांत बाजपेई का आज सम्मान करने भाजपा पदाधिकारी उनके निजी आवास पहुंचे।निंदूरा मंडल अध्यक्ष विनय मौर्य,जिला प्रतिनिधि प्रदीप रावत और सुनील विश्वकर्मा ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत अभिनंदन किया।इस अवसर पर काका भी पुराने अनुभव साझा करना नहीं भूले ।

## प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन कथा व्यास राकेश व्यास जी ने राम जन्म की कथा सुनाई

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड क्षेत्र के सुलेमीपुर गांव में प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को कथा व्यास राकेश व्यास जी ने राम जन्म की कथा सुनाई। महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ आरंभ करने से पहले श्यामकर्ण घोड़ा चतुरंगिनी सेना के साथ छुड़वा दिया। महाराज दशरथ ने समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों तथा वेदविज्ञ प्रकाण्ड पण्डितों को यज्ञ सम्पन्न कराने के लिये बुलावा भेजा। निश?चित समय आने महान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्पूर्ण वातावरण वेदों की ऋचाओं के उच्च स्वर में पाठ से गूंजने तथा समिधा की सुगन्ध से महकने लगा। समस्त पण्डितों, ब्राह्मणों, ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य, गौ आदि भेंट कर सादर विदा करने के साथ यज्ञ की समाप्ति हुई। राजा दशरथ ने यज्ञ के प्रसाद चरा(खीर) को अपने महल में ले जाकर अपनी तीनों रानियों में वितरित कर दिया। प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियों ने गर्भधारण किया। महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से एक शिशु का जन्म हुआ जो कि नील वर्ण, चुंबकीय आकर्षण वाले, अत्यन्त तेजोमय, परम कान्तिवान तथा अत्यंत सुंदर था। उस शिशु को देखने वाले देखते रह जाते थे। इसके पश्चात शुभ नक्षत्रों और शुभ घड़ी में महारानी कैकेयी के एक तथा तीसरी रानी सुमित्रा के दो तेजस्वी पुत्रों का जन्म हुआ। चारों बालकों का नाम राम, लक्ष्मण ,भरत और शत्रुघ्न रखा गया।

## लोभ, भय से मुक्ति का मूलमंत्र है गायत्री मंत्र

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बड्डूपुर बाजार मैदान में आयोजित पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा, गायत्री यज्ञ एवं संस्कार महोत्सव में बृहस्पतिवार को शांति कुंज हरिद्वार से आए कथा वाचक आचार्य रामनाथ मौर्या ने कहा कि लोभ व भय से मुक्ति ही मानव जीवन का लक्ष्य है। इसके लिए आवश्यक है कि आप अपने अंदर के असुरक्षा, विचार, लोभ को निकाल बाहर करें।गायत्री मंत्र का जाप ही लोभ व भय से मुक्ति दिलाने का एकमात्र मूलमंत्र है। लोभी व भयभीत रहने वालों का जीवन कभी भी संपूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता। जीवन को सुविकसित करना है तो सर्वप्रथम भयभीत जीवन से मुक्त होना होगा। जितना हम भयभीत रहेंगे उतना ही कमजोर व आत्म हीनता से घिरे होंगे। साहसी होने पर कमजोरियां दूर होने के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ेगा। लोभ व भय दोनों ही व्यक्ति की सूक्ष्म व आंतरिक कमजोरी है जिन्हें दूर करने की जरूरत है। गायत्री मंत्र का जप व प्रज्ञा पुराण कथा का नियमित श्रवण आपको इन कमजोरियों से मुक्त करेगा। इस मौके पर अजय वर्मा, विजय वर्मा, रामसेवक, चंद्रिका गौतम सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा का रसपान किया।

## राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि कुष्ठ रोग मुक्ति की ली शपथ

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित बैठक मे कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ ली गयी तथा कार्यक्रम मे सभी से सहयोग की अपील की गयी। बैठक मे उपस्थित आशा बहू, आंगनवाड़ी एव स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ, स्वयं समूह संगठन की सदस्यों से रूबरू होते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि कुष्ठ रोगियों को स्पर्श करने पर किसी भी प्रकार का रोग नहीं होगा, ये संक्रामक रोग नहीं है। कुष्ठ रोगियों से हाथ मिलाने, उनके साथ बैठकर खाने से यह रोग संक्रमित नहीं होता है। ऐसे में कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए कुष्ठ रोग असाध्य नहीं है। दवा से इसका पूर्ण इलाज संभव है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा यह पूर्वजन्म के पापों का फल नहीं है, बल्कि रोग है जो माइक्रोबैक्टेरियम लेप्रे नाम के जीवाणु से होता है। जो एमडीटी की दवा से पूरी तरह से ठीक हो जाता है। इसके इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम व स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करके मुक्त कराया जा सकता है।

बैठक मे उपस्थित लोगो को कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ दिलाते हुए जन जागरूक करने की अपील की। इस मौक़ेपर पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, रचना गुप्ता, अंजू रस्तोगी, वंदना, विमला, मोहिनी सहित समूह की तमाम महिलाए मौजूद रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस मामले की जांच में जुटी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक दो दिन पहले अहमदाबाद से वापस आया था और आज उसका शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटकता मिला।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। दरअसल पूरा मामला जिले के सुबेहा थाना क्षेत्र के जारमऊ गांव का है जहां का रहने वाला मनीष उम्र 24 वर्ष अहमदाबाद में काम करता था। 2 दिन पहले वह छुट्टी लेकर घर वापस आया था और गुरुवार की सुबह उसका शव कमरे में पंखे से लटकता मिला। जानकारी के मुताबिक मनीष का 2 वर्ष पहले विवाह हुआ था और उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। शव मिलने के बाद पूरे घर में कोहराम मच गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पूरे मामले में जानकारी जुटाई जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है फिलहाल जांच चल रही है।

# डायट गणेशपुर में अंग्रेज़ी विषय पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गणेशपुर में 27 जनवरी से 30 जनवरी तक चलने वाला प्रशिक्षण ''अंग्रेजी विषय पर आधारित'' गुरुवार को प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया।इस अवसर पर प्राचार्य सह उप शिक्षानिदेशक डॉ0 राजेश कुमार आर्य ने समस्त प्रतिभागियों से कहा कि आप बच्चों के बीच अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों का प्रयोग करें अंग्रेज़ी भाषा सीखने सिखाने में बच्चों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। नोडल प्रवक्ता आनन्द कुमार यादव एवं लाल चंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि प्रशिक्षण में जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 35 सहायक अध्यापक,अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जिला स्तरीय संदर्भ दाताओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर प्रवक्ता ,आनन्द कुमार यादव, महेन्द्र कुमार यादव, जहीर अहमद, लाल चंद,जितेन्द्र कुमार सोनकर,अभिसारिक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हैं महात्मा गांधी: गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गांधी आज भी दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। वह अपने जीवनकाल से ज्यादा वर्तमान में प्रासंगिक हैं। गांधी को कोई भी गोली से नही मार सकता। वह आज भी हमारे दिलों में गांधी जिंदा है। आप गांधी को जितना जी सकते हो, जी कर देखो। यही उनके प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात गांधी भवन में गुरूवार को गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा महात्मा गांधी के 77वें बलिदान दिवस पर आयोजित गांधी स्मृति कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। वहीं सायंकाल आलापुर स्थित रेठ नदी पर दीपदान करके महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरूवार को गांधी भवन में कार्यक्रम की शुरूआत गांधी भजन से हुई। इसके उपरान्त पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, गांधीवादी राजनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई समेत अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की



प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने चरखा चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी जाउम्र सद्भाव के लिए लड़ते रहे। हमें अपने मन में गांधी को जिन्दा रखना है। ताकि हमें नफ़रत से लड़ने की ताकत मिल सके। पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने कहा कि जब महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों के बहिस्कार का आन्दोलन चलाया तब मेरे मरहूम चचा सफी अहमद किदवई की बेगम अनीस किदवई ने बापू के आह्वान पर लंदन से बनकर आया बेशकीमती शादी का जोड़ा आग के हवाले कर दिया। यह उनकी गांधी के प्रति आस्था थी। गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि देश में दो विचारधाराएं चल रही है। इन विचारधाराओं में हमें संवेदना, मानवता, एकता, बंधुत्व और प्रेम की विचारधारा को अपनाना है। जो हमारी आने वाली नस्ल को सवांर सके। पूर्व विधायक सरवर अली खान ने कहा कि जिस शरीर से कुछ लोग घबराते थे, उस विचार से उनके वंशज आज भी डरते घबराते हैं। गाँधी हमें हमारे दिलों से डर

**बापू की याद में गांधीवादियों ने शुरू किया गांधी स्मृति दिवस, रेठ नदी में किया दीपदान**

निकालने का नाम हैं। गाँधी उस विस्तार का नाम हैं, जो हमेशा बढ़ता जाएगा, जिसका दायरा हमेशा फैलेगा। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि गांधी के विचारों से हमें प्रेरणा मिलती है। गांधी के बिना देश की आजादी का संभव नहीं थी। उन्होंने देशवासियों को जगाने और अन्याया, शोषण और अत्याचार के खिलाफ लड़ने का अहिंसक हथियार दिया। स्मृति सभा का संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान, मो उमैर किदवई, बहराइच के पूर्व सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, वीरेन्द्र प्रधान, मृत्युंजय शर्मा, शरद मिश्रा, सलाउद्दीन किदवई, मोहम्मद सबाह, हसमत अली, विनय कुमार सिंह, प्रहलाद यादव, जाहिद हुसैन, अशोक शुक्ला, सभासद मोहम्मद फैसल, विनोद भारती, भागीरथ गौतम, राफिया, सभासद अश्वनी शर्मा, अहमद किदवई, नसीम खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी बच्चों को मिली खेलकूद शिक्षा सामग्री

सिद्धौर बाराबंकी। प्रथम एजूकेशन फाउंडेशन के तत्हवावधान में हमारा गांव कार्यक्रम ई.सी.सी.ई. के अंतर्गत सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के कोपवा पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को उक्त फाउंडेशन द्वारा ब्लाक क्षेत्र के सात आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को शिक्षा व खेल कूद संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिद्धौर बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदू लता ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई सामग्री बच्चों को शिक्षित करने में बहुउपयोगी साबित होगी । इससे बच्चों को आसानी से गिनती आदि की जानकारी दिए जाने के साथ ही बच्चे खेल कूद भी कर सकेंगे।जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा।इस मौके पर सात आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्री , सहायिका, सुपरवाइजर ममता चंद्रा,रीनम सिंह,व उक्त फाउंडेशन के ब्लाक क्वाडीनेटर तेज प्रताप सिंह, मास्टर ट्रेनर अवधेश वर्मा, विकास उपाध्याय,शोभनाथ, पूजा समेत टीम के लोग व ग्रामीण जन मौजूद रहे। उक्त फाउंडेशन के जिला समन्वयक विकास उपाध्याय ने बताया कि सिद्धौर ब्लाक में कुल 26 आंगनबाड़ी केंद्रों को उक्त सामग्री दी जानी है।

# रफ्तार के खिलाफ संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह की खराब फॉर्म भारत की चिंता का सबब

एजेंसी



पुणे। तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह की खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले श्रृंखला जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरूआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा श्रृंखला में उनका स्कोर 26 , 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने तसकीन अहमद, तंजीम हसन शाकिब की गेंदें खेलीं थी जबकि दक्षिण अफ्रीका के एंडिले साइमलेन और लुथो सिपाम्ला की गेंदों का उन्होंने सामना किया। ये बहुत खतरनाक तेज गेंदबाज नहीं हैं और सैमसन ने उन्हें बखूबी खेला। वहीं इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिये परेशानी का कारण बन गई है। तीनों मैचों में वह फिल साल्ट को कैच देकर पवेलियन लौट गए। सैमसन मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में से है और समझा जा रहा है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए वह उन पर भरोसा बनाये रखेंगे। लेकिन उन्हें तकनीकी कमियों से पार पाना होगा। रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू को पहले दो मैचों में आराम दिया गया और वह चौथे मैच तक फिट हो सकते हैं। वैसे रिंकू भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर बने तब रिंकू को 2024 आईपीएल में कुल 70 गेंद खेलने को मिली और वह टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। अपनी गेंदबाजी के दम पर शिवम दुबे को टीम में जगह मिली थी। भारतीय मध्यक्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है और ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज है। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना यह है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है तो पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी का ऐलान, लाहौर में 16 फरवरी को होगा भव्य आयोजन

एजेंसी




कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में करायेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने पीटीआई को कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी। पीसीबी मरम्मत किए गए गद्दाफी स्टेडियम का सात फरवरी को आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेगा जिसके लिए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। पीसीबी 11 फरवरी को कराची में एक समारोह में पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम को भी लांच करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और आईसीसी कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के कार्यक्रम पर भी काम कर रहे हैं जिसके 16 फरवरी को लाहौर में होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक लाहौर किले के हुजूरी बाग में तय किया गया है जिसमें विभिन्न बोर्डों के अधिकारी, मशहूर हस्तियां, खेल के दिग्गज और सरकारी अधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे। आईसीसी और पीसीबी ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के लिए लाहौर आयेंगे या नहीं। भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा और अगर वह फाइनल में पहुंचता है तो खिताबी मुकाबला नौ मार्च को संयुक्त अरब अमीरात के शहर में ही खेला जायेगा।

# टाटा स्टील शतरंज: गुकेश की बढ़त बरकरार, प्रज्ञानानंद तीसरे स्थान पर

एजेंसी



विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डच जीएम मैक्स वार्मरडैम को ब्लैक मोहरों से मात दी। इस जीत के साथ वह 10 राउंड के बाद 7.5 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। गुकेश ने वार्मरडैम की गलती का फायदा उठाते हुए 34 चालों में जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 7 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फ़ेडोसेव को हराकर 6.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। प्रज्ञानानंद ने टैराश डिफेंस के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए 48 चालों में जीत हासिल की। अर्जुन एरिगैसी ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेला, जिससे उनकी जीत का इंतजार 10 राउंड तक बढ़ गया। पी हरिकृष्णा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के खिलाफ 68 चालों तक चले कठिन मुकाबले में ड्रॉ हासिल किया। लियोन ल्यूक मेंडोंका ने भी अनीश गिरी के साथ अंक साझा किए। इस श्रेणी में आर वैशाली को चेक गणराज्य की गुयेन थाई वान दाई से हार का सामना करना पड़ा, जबकि दिव्या देशमुख को जर्मनी की फ्रेडरिक स्वेन ने पराजित किया। वैशाली 5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि दिव्या 2 अंकों के साथ 13वें स्थान पर बनी हुई हैं।

# 'किंग कोहली' का करिश्मा : दिल्ली का रणजी मैच देखने उमड़ी भीड़

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली का 'स्टार पावर' अरूण जेटली स्टेडियम के भीतर और बाहर देखने को मिला जहां दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच में उन्हें खेलते देखने हजारों की संख्या में दर्शक उमड़े। कोहली 13 साल बार रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे हैं। डीडीसीए (दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ ) ने कोहली की 'घर वापसी' वाले मैच में करीब दस हजार दर्शकों के आने का कयास लगाया था जो रणजी ट्रॉफी मैच में एक रिकॉर्ड है। कोहली का जादू ऐसा है कि सारे कयास धरे रह गए और इससे कहीं अधिक संख्या में लोग आये। खेल 9 . 30 पर शुरू होना था और इससे काफी पहले से दर्शकों की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। डीडीसीए ने पहले 6000 की क्षमता वाला ' गौतम गंभीर स्टैंड' खोला लेकिन भीड़ को देखते हुए 14000 की क्षमता वाला 'बिशन सिंह बेदी स्टैंड' खोलना पड़ा। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला भी उसी जगह से गुजर रहा था जो महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने राजघाट गए थे। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने कहा कि मैं 30 साल से अधिक समय से दिल्ली क्रिकेट से जुड़ा हूं लेकिन रणजी ट्रॉफी मैच में ऐसा नजारा नहीं देखा। इससे साबित होता है कि कोहली की लोकप्रियता का कोई सानी नहीं। उन्होंने कहा ,'' यह इसलिये भी और चुनौतीपूर्ण हो गया क्योंकि दर्शक उसी समय स्टेडियम में आ रहे थे जब बाहर प्रधानमंत्री मोदी की वीआईपी मूवमेंट थी। कड़े प्रोटोकॉल और पुलिस के निर्देशों के बाद हमें जनता के लिये दूसरा स्टैंड खोलना पड़ा। गौतम गंभीर स्टैंड खचाखच भरने के बाद बिशन सिंह बेदी स्टेडियम का भी निचला हिस्सा पूरा भर गया। टॉस के समय 12000 से ज्यादा दर्शक मैदान पर थे। 'कोहली कोहली' का शोर दूर से ही सुनाई दे रहा था जब भारत के पूर्व कप्तान दिल्ली टीम के अपने साथियों के साथ मैदान पर उतरे। कोहली दूसरी स्लिप में फील्डिंग कर रहे थे और उनकी हर मूवमेंट पर तालियां बज रही थी। वहीं बारहवें ओवर में एक अति उत्साहित दर्शक सुरक्षा घेरा तोड़कर उनकी तरफ भागा और उनके पैर छुए। बाद में सुरक्षाकर्मी उसे बाहर ले गए।

## महिला टी20 अंडर 19 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

कुआलालंपुर। भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिये स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76 . 66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था।

# एफआईएच प्रो लीग 2024-25: हॉकी इंडिया ने घोषित की 32 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम


एजेंसी



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 32 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह चरण 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें भारत स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रत्येक टीम से दो बार मुकाबला करेगा। अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह को भी जगह दी गई है। मौजूदा हॉकी इंडिया लीग और जूनियर टीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने चयन को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के लिए चुनी गई टीम से मैं बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यह टीम न केवल प्रभावशाली हॉकी खेलेगी, बल्कि हमें महत्वपूर्ण मैच भी जिताएगी। मैं शिविर में खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण के लिए उत्सुक हूं और देखना चाहता हूं कि वे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम (एफआईएच प्रो लीग 2024-25) गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, प्रिंसदीप सिंह। डिफेंडरः जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप एक्सेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच। मिडफील्डरः राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, राजिंदर सिंह। फॉरवर्डः अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अर्शदीप सिंह।

# राष्ट्रीय खेल: नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने वाली धिनिधी को भाया स्विमिंग पूल

एजेंसी



देहरादून। कर्नाटक की तैराक धिनिधी ने राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही दिन तीन गोल्ड मेडल जीतकर तहलका मचा दिया। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद कहा कि उत्तराखंड में खेल सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की हैं और यहां मुकाबला करके ओलंपिक जैसा अनुभव मिल रहा है। धिनिधी ने विमेंस 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में 2 मिनट 3.24 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, विमेंस 100 मीटर बटरफ्लाई में भी उन्होंने 1 मिनट 3.62 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। साथ ही, 4ब100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में भी उनकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता। तीन गोल्ड मेडल जीतने के बाद धिनिधी ने कहा कि उन्हें इतने बेहतर इंतजाम मिलने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने बताया कि पहाड़ी राज्य होने के कारण ठंडे पानी में तैरने की चुनौती का डर था, लेकिन यहां कंट्रोल्ड टेम्परेचर वाले स्विमिंग पूल में प्रतिस्पर्धा का मौका मिलने से उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिली। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने धिनिधी को तीन स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि राज्य में अत्याधुनिक स्विमिंग पूल तैयार किए गए हैं, जिनमें पानी का तापमान ओलंपिक मानकों के अनुरूप रखा जाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से सुविधाओं की सराहना सुनना राज्य सरकार की खेल नीतियों की सफलता को दर्शाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर एमआई केपटाउन एसए 20 प्लेआफ में

**केपटाउन।** एमआई केपटाउन ने गत चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दस विकेट से हराकर पहली बार एसए 20 लीग के प्लेआफ में जगह बना ली। एमआई केपटाउन का सामना चार फरवरी को गक्बेरहा में पहले क्वालीफायर में पार्ल रॉयल्स से होगा। इसमें जीतने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी। एमआई केपटाउन के लिये डेवाल्ड ब्रेविस, कोर्बिन बॉश और रीजा हेंडरिक्स ने शानदार कैच लपके जिससे सनराइजर्स टीम 109 रन पर आउट हो गई। बॉश ने 3.2 ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिये। सनराइजर्स के लिये सिर्फ डेविड बेडिंघम (45) और एंडिले साइमलेन (21) ही टिककर खेल सके। कैगिसो रबाडा ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये जबकि ट्रेंट बोल्ट को एक विकेट मिला। ब्रेविस ने ईस्टर्न केप के बल्लेबाज टॉम एबेल (1) का शानदार कैच लपका। जवाब में रासी वान डेर डुसेन ने 30 गेंद में नाबाद 48 और रियान रिकेलटन ने 36 गेंद में नाबाद 59 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। सनराइजर्स ईस्टर्न केप को अब पार्ल रॉयल्स के खिलाफ अगला मैच हर हालत में जीतना है।

## उस्मान ख्वाजा ने जड़ा टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक, ऐसा करने वाले बने पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**गाले।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपने टेस्ट करियर का पहला शतक बनाया। उस्मान ख्वाजा ने आज प्रभात जयसूर्या के ओवर की पहली ही गेंद पर एक रन बनाकर 290 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ ही वह श्रीलंका में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गये। इस दौरान उन्होंने 16 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले 2023 में उस्मान ख्वाजा का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर अवजित 195 रन रहा है। इस टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने अपने करियर के 10,000 रन पूरे किए हैं। स्मिथ ने इस पारी में 35 वां शतक लगाया। वे दूसरे दिन लंच से पहले 251 गेंद पर 12 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 141 रन बनाकर आउट हुए। उस्मान ख्वाजा के दोहरे शतक और बड़ी साझेदारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गॉल टेस्ट में श्रीलंका पर शिकंजा कस लिया है। पहली इनिंग में वो एक विशाल स्कोर की तरफ बढ़ रहे हैं। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट के नुकसान पर 518 रन बनाए हैं।

## चीनी उद्योग में जीडीपी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन प्रतिशत करने की क्षमता: गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीनी उद्योग में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन प्रतिशत करने की क्षमता है। फिलहाल जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी 1.0 से 1.15 प्रतिशत है। उन्होंने गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने की जरूरत भी बतायी। भारतीय कृषि क्षेत्र लगभग 42.3 प्रतिशत आबादी को आजीविका प्रदान करता है और मौजूदा कीमतों पर देश की जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी 18.2 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ''भारतीय चीनी उद्योग देश की जीडीपी में तीन प्रतिशत योगदान देने की क्षमता रखता है। गडकरी ने कहा कि सरकार ने देश में वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत कुछ किया है। सरकार अब एथनॉल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए सी श्रेणी के शीरे से प्राप्त एथनॉल की कीमत (एक्स-मिल) 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दी। जबकि अन्य कच्चे माल के लिए दरों को अपरिवर्तित रखा। चीनी उद्योग के उप-उत्पादों से एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह मूल्यवृद्धि ऐसे समय में की गई है, जब देश 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है। मंत्री ने कहा कि चीनी के निर्यात को नियंत्रित करने की सरकार की नीति फायदेमंद और नुकसानदायक दोनों है, ऐसे में चीनी उद्योग को नए नजरिये से फिर से देखने की जरूरत है। बेबाक टिप्पणी के लिए जाने जाने वाले गडकरी ने कहा, ''देश में सत्ता में कोई भी पार्टी हो, भारतीय नीति निर्माताओं की मानसिकता शहरी केंद्रित है। वे केवल चार उत्पादों चीनी, तेल, गेहूं और चावल३ में मुद्रास्फीति के बारे में चिंतित हैं। उन्होंने कहा, ''कुछ फसलों की हमारी एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) दरें बाजार मूल्य से अधिक हैं, फिर भी हम अपनी फसल का प्रतिरूप नहीं बदल रहे हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में घरों की कीमतें 49 प्रतिशत बढ़ीं : रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। आलीशान (लक्जरी) घरों की ऊंची मांग के कारण दिल्ली-एनसीआर में घरों की औसत कीमत चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 49 प्रतिशत बढ़कर 8,105 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। आवास ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। प्रॉपटाइगर ने अपनी रिपोर्ट 'रियल इनसाइटः रेजिडेंशियल एनुअल राउंड-अप 2024' में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में घरों की कीमतों में बढ़ोतरी आठ प्रमुख शहरों में सबसे अधिक रही। इन आठ शहरों में दिल्ली-एनसीआर के अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र (मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे) और पुणे शामिल हैं। प्रॉपटाइगर का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी लक्जरी घरों की उच्च मांग के साथ-साथ निर्माण सामग्री और श्रम की लागत में वृद्धि के कारण हुई है। हाउसिंग डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह की मूल्यवृद्धि अंतर्निहित मांग और विकास की संभावनाओं का संकेत है। अहमदाबाद में औसत कीमतें चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,402 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,000 रुपये थीं। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बेंगलुरु में कीमतें 12 प्रतिशत बढ़कर 7,536 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,744 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं, जबकि चेन्नई में कीमतें 16 प्रतिशत बढ़कर 7,173 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,200 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

# सर्राफा बाजार में तेजी, 83 हजार के पार पहुंचा सोना

एजेंसी




नई दिल्ली। लगातार चार दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज सोना 870 से 940 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। हालांकि चांदी में आज सिर्फ 100 रुपये प्रति किलोग्राम की ही तेजी नजर आ रह है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 83,010 रुपये से लेकर 82,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 76,110 रुपये से लेकर 75,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 83,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 76,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 83,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 76,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 83,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में उछाल दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# केजरीवाल ने दिल्लीवासियों को दूषित पानी पीने के लिये मजबूर किया: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित करके दूषित पानी पीने के लिये दिल्ली वासियों को मजबूर किया है। श्री शाह ने यहां रोहिणी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा, ्र आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिये हैं। श्री शाह ने रोहिणी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि श्री केजरीवाल हार देखकर बौखला गये हैं। उन्होंने कहा, मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिये झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिये हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौन सा जहर मिलाया है, कौन सी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइये। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है, तो गांवों में बाढ़ आती है। आप बताइये दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? उन्होंने कहा, इन्होंने कहा था कि यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे और वे खुद उसमें डुबकी लगायेंगे, लेकिन केजरीवाल ने आज तक डुबकी क्यों नहीं लगाई? उन्होंने कहा कि दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ और दिल्ली की जनता के सामने पांच तारीख को आप को हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है। आप लोगों को कमल के निशान का



बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि श्री केजरीवाल के 'शीश महल' के शीशे टूट जायें। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जायेंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे। पांच तारीख को आपको मतदान करना है और आप-दा को हटाना है, भाजपा को जिताना है। आप-दा को हटाने का मतलब है - 10 साल के कुशासन का जवाब देना। आपदा -दा को हटाने का मतलब है - 10 साल के केजरीवाल के भ्रष्टाचार का जवाब देना। आप -दा को हटाने का मतलब है - 10 साल के तुष्टिकरण का जवाब देना। आप-दा को हटाने का मतलब है - 10 साल तक रोहिणी के साथ किये गये अन्याय का जवाब देना। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि श्री केजरीवाल चुनाव में अपनी हार से अवगत हो गये हैं, इसलिये इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। इन्होंने कहा था कि हम रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे। केजरीवाल जी, रिहायशी इलाके तो छोड़िये आपने तो स्कूल और मंदिरों के पास भी शराब की दुकानें खोलने का काम किया। हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया। इन्होंने (केजरीवाल ने) कहा था कि हम यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे, मैं आकर डुबकी लगाउंगा। केजरीवाल जी, आज तक आपने डुबकी क्यों नहीं लगाई? इन्होंने कहा था कि अस्पताल के कमरे दोगुना करेंगे। कमरा तो एक भी नहीं बढ़ा, लेकिन इन्होंने दिल्ली वालों का पांच लाख तक का मुफ्त इलाज भी (जो मोदी जी देते हैं) रोकने का काम किया। दिल्ली वालों आप भाजपा की सरकार बना दो, पहली कैबिनेट में दिल्ली वालों का 10 लाख रुपये तक का ऑपरेशन सहित मुफ्त इलाज करवाने का काम भाजपा करेगी। हमने तय किया है कि भाजपा सरकार बनने के बाद, हर महीने की पांच तारीख से पहले हर माता-बहन को 2,500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में देने का काम करेंगे। हर गर्भवती महिला को हमारी सरकार 21,000 रुपये देगी। 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा और दीपावली तथा होली में एक-एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा।

# नाकामियों को छिपाने के लिये दुष्प्रचार और भ्रम फैला रही है आप: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है और कहा है कि आप अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इस मुद्दे पर दुष्प्रचार कर रही है और लोगों के बीच भ्रम फैला रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुये आप और कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि केंद्र सरकार ने यमुना की सफाई के लिये 8,500 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश सरकार को दी थी, लेकिन इसका सही उपयोग नहीं किया गया। उन्होंने श्री केजरीवाल पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुये कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के दौरान भी कभी नदियों में जहर मिलाने का आरोप नहीं लगा था, लेकिन दिल्ली सरकार हरियाणा पर ऐसे आरोप लगा रही है।

उन्होंने कहा, अब एक बात दिल्ली की जनता के सामने बहुत साफ है कि ये दोनों ही पार्टियां (आप और कांग्रेस) बहुत झूठ बोलती हैं। मात्र छह महीने पहले एक दूसरे को क्लीन चिट दे रहे थे और अब एक दूसरे के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली की जनता जानती है कि पिछले 26-27 सालों में दिल्ली को लूटने का काम कंग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर किया है और पांच फरवरी को होने वाले चुनाव के लिये मैं विशेष रूप से जनता से अपील करता हूं कि अब इन भ्रष्टाचारी दलों से निजात पानी जरूरी है, क्योंकि अब दिल्ली को विकास चाहिये।

# सर्वदलीय बैठक सार्थक रही : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि सरकार ने बजट सत्र शुरु होने से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विभिन्न दलों के सदन के नेताओं से सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और सभी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा कराने का आग्रह किया है जिस पर सभी दलों के नेताओं ने सकारात्मक राय व्यक्त की है।

श्री रिजिजू ने गुरुवार को यहां संसदीय सौंध में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि बैठक पूरी तरह से सार्थक रही है और सभी दलों के सदन के नेताओं ने बैठक में सदन को सुचारु रूप से चलाने पर सहमति दी है। उन्होंने बैठक को सकारात्मक और सार्थक बताया और उम्मीद जताई कि बजट सत्र में सभी दलों के सहयोग से संसद की कार्यवाही अच्छे तरीके से चलेगी। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की।



उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। इसमें कहा गया है कि सभी मुद्दे जरूरी हैं लेकिन इस सत्र में शुक्रवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। सोमवार से संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु कराई जाएगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई, के सुरेश, जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, एनएसीपी फौजिया खान, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सारे मुद्दे अहम हैं और सभी पर चर्चा होनी चाहिए लेकिन यह बजट सत्र है और इसमें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा और बजट पारित कराना पहला काम होगा। इस बीच यदि कोई मुद्दा ज्यादा अहम आता है और उस चर्चा आवश्यक है तो उस पर कार्यमंत्रणा समिति में विचार किया जाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा कितने समय तक चलनी है इस बारे में समिति में ही निर्णय लिया जाना है।

उन्होंने कहा कि बजट सत्र में 16 बिल लाये जाएंगे और 19 बिजनेस पहले से ही संसद की सूची में हैं।

# अमोनिया वाला पानी पीकर दिखाएं भाजपा-कांग्रेस के नेता : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा से दिल्ली में आ रहे जहरीले पानी को लेकर भाजपा और कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि वह सात पीपीएम अमोनिया वाले पानी की एक-एक बोतल गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा,हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घर भेज रहे हैं जो इसे पीकर दिखाएं, नहीं तो दिल्ली की जनता से माफी मांगें।

श्री केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि हरियाणा से यमुना के जरिए आने वाला पानी कुछ दिनों से जहरीला आ रहा है। इस समय पानी में सात पीपीएम तक अमोनिया का स्तर पहुंच गया है। सात पीपीएम अमोनिया सेहत के लिए बहुत खतरनाक है। इससे शरीर के अंगों को बहुत नुकसान पहुंचाता है। यह जानलेना है और इससे किसी की मौत भी हो सकती है। हमने कुछ दिन पहले यह मुद्दा उठाया। क्योंकि हमारे पास और कोई रास्ता नहीं था।



उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जब यमुना में अमोनिया का स्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा तब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने श्री सैनी को फोन किया। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री को कई बार फोन किया और उनसे निवेदन किया कि नदी में अमोनिया का स्तर बहुत बढ़ रहा है इसे कम करवाइए। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इस मामले कुछ नहीं किया। जब पानी में अमोनिया का स्तर सात पीपीएम तक पहुंच गया, तब सुश्री आतिशी को सबके सामने आकर इस बात की जानकारी देनी पड़ी कि दिल्ली में जहरीला पानी भेजा जा रहा है।

आप नेता ने कहा कि हम इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमें इसका समाधान मिले। मजेदार बात यह है कि जबसे हमने यह मुद्दा उठाया कि पानी में सात पीपीएम अमोनिया है, उसके बाद से अमोनिया की मात्रा कम होनी शुरु हो गई। आज अमोनिया का स्तर तीन पीपीएम पर आ गया है। इसका मतलब यही लोग सब कर रहे थे। पहले इन्होंने ही उसे ज्यादा किया और अब इन्होंने ही उसे कम कर दिया। उन्होंने कहा कि ये केस करने की धमकी दे रहे हैं। ये जो मर्जी कर लें। ये दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी भेजकर उनकी सेहत और जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। मुझे जेल में डाल दो। अभी-अभी जेल से होकर आ रहा हूं। इन्हें केस करना है तो कर दें। मैं इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। ये किसी से नोटिस तो किसी से चिट्ठी भिजवा रहे हैं।इन्हें इनकी चिट्ठी और नोटिस मुबारक। इन्हें जो करना हैं कर लें लेकिन दिल्ली के अंदर जहरीला पानी नहीं आने देंगे। इसके लिए जो कुछ भी करना पड़े, हम करेंगे।

श्री केजरीवाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस वाले दोनों मिल गए हैं। दोनों मिलकर दिल्ली के लोगों की जान और सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने मीडिया को पानी की बोलते दिखाते हुए कहा कि ये सात पीपीएम का पानी है और इसमें क्लोरीन मिला कर दिया गया है। इस पानी की एक बोतल हम अमित शाह, एक बोतल वीरेंद्र सचदेवा, एक बोतल नायब सिंह सैनी और एक राहुल गांधी को भेज रहे हैं। चारों लोग ये पानी की बोतल संवाददाता सम्मेलन में पी कर दिखा दें तो हम मान जाएंगे कि हमने गलत बोला था। अगर इनके अंदर हिम्मत है और ये कह रहे हैं कि सच्चाई इनके साथ है तो ये पानी पीकर दिखा दें।

## महाकुम्भ में सात हजार आयु रक्षा किट का वितरण

**नयी दिल्ली।** प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 में राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों के दल ने सात हजार स्वच्छता कर्मियों, पुलिस एवं श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य वर्धक 'आयु रक्षा किट' वितरित की है। संस्थान की निदेशक प्रो.(डॉ.) सुजाता कदम ने गुरुवार को यहां बताया कि मेला के सेक्टर -21 में आयुर्वेद चिकित्सालय में छह दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है। शिविर में अब तक 15 हजार रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इसके साथ सात हजार स्वच्छता कर्मियों, पुलिस एवं श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य वर्धक आयु रक्षा किट भी वितरित की गयी है। महाकुम्भ में 80 प्रकार की विशेष दवाएं भेजी गयी है। आयुष मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के 10 चिकित्सालयों में अब तक 80 हजार रोगी लाभान्वित हो चुके हैं। चिकित्सालय में ज्वर, गठिया, संधि शूल, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक विकार, गैस जैसे कई बीमारियों से ग्रसित मरीज़ लगातार आ रहे है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से आई सात सदस्य चिकित्सकों का दल प्रतिदिन 24 घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर है। विभिन्न राज्यों से लोग शिविर में पहुँच रहे है और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ ले रहे हैं। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद रमन ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए मास्क लगाने और स्वच्छ जल और स्वच्छ भोजन करने का अनुरोध किया।

## व्यापक सामाजिक सुरक्षा का सतत माडल विकसित करने के लिए तीन समितियों का गठन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अनुबंध और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा का सतत मॉडल विकसित करने के लिए तीन समितियों का गठन किया गया है। श्री मांडविया ने यहां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में कहा कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने की व्यवहार्यता का आकलन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र संगठित और असंगठित श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुधारों और पहलों को डिजाइन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि पेंशन, स्वास्थ्य सेवा, जीवन और दुर्घटना बीमा आदि प्रदान करने वाले समग्र और कल्याण कार्यक्रमों पर चर्चा की जा रही है। कार्यशाला में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्री, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला के पांच सत्रों के दौरान दस से अधिक विषयों पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। पांच राज्यों को शामिल करते हुए तीन समितियों का गठन किया गया। कार्यशाला के दौरान हुई चर्चाओं के आधार पर ये समितियां परामर्श करेंगी और श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा का एक स्थायी मॉडल विकसित करेंगी, जिसे मार्च 2025 में प्रस्तुत किया जाएगा।

## पेंशन, स्वास्थ्य बीमा का विस्तार करने की आवश्यकता

**नयी दिल्ली।** गैर संगठन हेल्पऐज इंडिया ने सार्वभौमिक पेंशन और स्वास्थ्य बीमा पर जोर देते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत में 70 वर्ष से अधिक आयु के स्वास्थ्य बीमा को 60 वर्ष से ज्यादा आयु के लोगों को भी उपलब्ध कराना चाहिए।

हेल्पऐज इंडिया ने गुरुवार को अपनी बजट सिफारिशें जारी करते हुए कहा कि स्वास्थ्य बीमा और पेंशन की पहुँच और दायरे पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना- आयुष्मान भारत के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा जैसे कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। इसे 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों तक बढ़ाया जाना चाहिए। संगठन ने कहा है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम का भुगतान करना आवश्यक है, लेकिन यह वहनीय नहीं है। इसके लिए एक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, चूंकि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा 45 से 60 आयु वर्ग (लगभग 20 करोड़) के बीच है, इसलिए कम उम्र में ही स्वास्थ्य बीमा जागरूकता राष्ट्रीय स्तर पर बढायी जानी चाहिए। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) में केंद्र सरकार के अंशदान में न्यूनतम वृद्धि प्रति लाभार्थी कम से कम 1000 रुपये प्रति माह और 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए प्रति लाभार्थी 1500 रुपये प्रति माह की जानी चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों की बुनियादी साक्षरता के स्तर को बढ़ाने और डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट कनेक्शन तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयकर छूट सीमा बढ़ाने का भी सुझाव दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों की 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर मुक्त किया जाए। मध्यम वर्ग के बुजुर्गों के लिए बैंक सावधि जमा (एफडी) ब्याज दरों में वृद्धि की जानी चाहिए और आय को कर मुक्त किया जाना चाहिए क्योंकि यह कई मामलों में उनका मुख्य आधार है।

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ी : चिदम्बरम

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने गुरुवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार इस समय धीमी हो गयी है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पिछले साल से दो प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। श्री चिदम्बरम ने बजट सत्र से पहले पार्टी मुख्यालय पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ गयी है। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। सरकार कोई भी कोशिश कर ले रफ्तार गिर रही है और यह पिछले साल की वृद्धि दर से दो प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि रोजगार के अवसरों का न बढ़ना इस समय दूसरा सबसे बड़ा कारक बन गया है और इस समय युवाओं में बेरोजगारी संभवतः 40 प्रतिशत के करीब पहुंच गयी है। स्नातकों में बेरोजगारी करीब 30 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री समय-समय पर नियुक्ति पत्र भले बांटते हों, लेकिन नौकरियां हैं नहीं। ये नियुक्ति पत्र उन पदों के लिए हैं जो रिक्त हो गये हैं। ऐसे में रोजगार के नये अवसर नहीं बन रहे हैं। श्री चिदम्बरम ने कहा कि रोजगार की समस्या और भी दुरूह हो गयी है क्योंकि पिछले पांच साल से मजदूरी एक ही स्तर पर स्थिर है जिससे लोगों को दो जून की रोटी कमाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई भी बढ़ रही है और भोजन-पानी, शिक्षा और इलाज की महंगाई 10 प्रतिशत से ऊपर है। उन्होंने कहा कि देश में 70 प्रतिशत आबादी 100 से 150 रुपये की दिहाड़ी पर गुजर-बसर करने को मजबूर है और विषमता बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न अनुमानों में वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक के छह से 6.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया जा रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही थी।

# चुनाव आयोग ने 'यमुना में जहर' के आरोप पर केजरीवाल से मांगा सबूत

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने यमुना के पानी में हरियाणा द्वारा जहर मिलाए जाने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर उनसे शुक्रवार 11 बजे तक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है।

आयोग ने इससे पहले, इस प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से श्री केजरीवाल के खिलाफ की गयी शिकायत पर उन्हें नोटिस देकर सफाई पेश करने को कहा था। आयोग ने उस नोटिस पर श्री केजरीवाल के जबाव को लेकर उन्हें गुरुवार को लिखे पत्र में कहा है कि उनका जबाव 'आपके सार्वजनिक और बहुचर्चित वक्तव्य के बारे में बिल्कुल खामोश है' जिसमें जलापूर्ति को विषाक्त करने की बात कही गयी है। आयोग ने श्री केजरीवाल को आज लिखे पत्र में कहा है कि उनका यह बयान प्रथम दृष्ट्या 'विभिन्न समूहों के बीच टकराव और वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला' है जिसमें आरोप है कि भाजपा के शासन वाली हरियाणा सरकार युमना नदी से दिल्ली के लिये छोड़े जाने वाले पानी में जहर मिला देती है। आयोग ने उनको अपने इशारों के समर्थन में कल पूर्वाह्न 11 बजे तक सबूत प्रस्तुत के लिये कहा है।

चुनाव आयोग ने इससे पहले भाजपा और कंाग्रेस के शिकायत पर श्री केजरीवाल को मंगलवार को नोटिस देकर इन आरोपों का तथ्यात्मक और कानूनी आधार प्रस्तुत करने के लिये कहा था। श्री केजरीवाल ने आयोग को इस संबंध में कल को अपना जबाव भेजा था जिसमें उन्होंने कहा था कि यमुना के पानी पर दी गई उनकी टिप्पणी दिल्ली में पेयजल की गुणवत्ता के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के संदर्भ में थी। यमुना के जल पर बयान गंभीर विषाक्तता और हरियाणा से मिलने वाले अशोधित पानी के के बारे में दिया गया था। उन्होंने कहा कि तथ्य साबित करते हैं कि उन्होंने अपने बयान से किसी भी कानून या किसी आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा से आने वाले पानी में प्रदूषण इतना अधिक है कि दिल्ली के जल शोधन संयंत्र इसे सुरक्षित सीमा के भीतर शोधन करने में असमर्थ हैं। हरियाणा से हाल ही में आया पानी अत्यधिक दूषित और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जहरीला है। आयोग ने कहा था कि हरियाणा से दिल्ली में छोड़े जा रहे नदी जल में अमोनिया की मात्रा अधिक होने की दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान की शिकायत को श्री केजरीवाल के ' जहर मिलाने' के आरोप से अलग मामले के रूप में देखा जा रहा है।

# मर जाएंगे लेकिन भाजपा से समझौता नहीं करेंगे : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नफरत की राजनीति करती है जबकि कंग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलती और विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है इसलिए किसी भी स्तर पर भाजपा से समझौता नहीं किया जाएगा।

श्री गांधी ने दिल्ली की बादली विधानसभा क्षेत्र में कंग्रेस प्रत्याशी तथा दिल्ली प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आज कहा कि भाजपा और कंग्रेस की विचारधारा कहीं भी मेल नहीं खाती है और दोनों में किसी भी मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है। उनका कहना था कि कंग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है जबकि भाजपा संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है।

उन्होंने कहा ्रहम मर जाएंगे, लेकिन



भाजपा से समझौता नहीं करेंगे। क्योंकि हमारा हिंदुस्तान 'नफरत' का हो ही नहीं सकता। हमारा हिंदुस्तान 'संविधान, मोहब्बत, भाईचारे' का है। हम ऐसे ही हिंदुस्तान के लिए लड़ते हैं और इसके लिए मरने को भी तैयार हैं। श्री गांधी ने कहा भाजपा सरकार ने मुझे डराने के लिए मेरे ऊपर 32 मामले दर्ज कावाये हैं , 55 घंटे मुझसे पूछताछ की और मुझसे मेरा घर छीन लिया लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं उनसे नहीं डरता। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ही उन्नत संस्करण हैं। दोनों खोखली बातें करते हैं, दोनों एक पर एक झूठ बोलते हैं, दोनों आरक्षण और दलित विरोधी हैं, दोनों बहुजन भागीदारी नहीं चाहते हैं, दोनों सत्ता की शक्ति बस अपने हाथों में रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कंग्रेस ने आपसे वादा किया था- मनरेगा देंगे,भोजन का अधिकार देंगे, कर्ज माफ करेंगे, कर्नाटक की महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा देंगे, कर्नाटक, तेलंगाना में महिलाओं के खातों में सीधा पैसा देंगे, छत्तीसगढ़ में किसानों को धान का सही दाम देंगे। कंग्रेस ने इन सभी वादों को पूरा किया। कंग्रेस पार्टी कभी झूठे वादे नहीं करती। ये इसलिए क्योंकि कंग्रेस पार्टी और जनता का रिश्ता मोहब्बत-भाईचारे का है। श्री गांधी ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने दिल्ली की जनता से विश्वासघात किया है। यहां के लोग साफ पानी और प्रदूषण मुक्त हवा के लिए तरस रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### 67 लोगों ...

कि उन्हें बुधवार रात रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक यात्री जेट और सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर के बीच टक्कर के बारे में पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वह स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जानकारी मिलने पर अधिक विवरण प्रदान करेंगे।

### दिल्ली वालों को सिर्फ...

अरविंद केजरीवाल को ही लाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग 05 फरवरी को अपने और अपने बच्चों की किस्मत लिखेंगे। आमतौर पर यहां दो ही पार्टियां हैं। एक लड़ाई की बात करती है, तो दूसरी पढ़ाई की बात करती है। चुनना जनता को है। एक गाली वाले हैं और दूसरे अस्पताल वाले हैं। एक छीनने वाले हैं और दूसरे कुछ न कुछ देने वाले हैं।

### पुलिस भर्ती शारीरिक...

इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी चिकित्साधिकारी एवं अन्य के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### वक्फ विधेयक पर...

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ्रयह विधेयक गरीब मुस्लिम महिलाओं, अनाथ बच्चों को अधिकार देगा और वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों की दुकान बंद होगी। उन्होंने कहा कि इस समिति को देशभर से डेढ़ करोड़ ज्ञापन मिले थे। समिति ने 38 बैठकें की और एक समुचित रिपोर्ट प्रतिवेदन तैयार किया है जिसमें सरकार द्वारा बुलाये गये संशोधनों के साथ-साथ समिति के सदस्यों ने 14 नये संशोधन की सिफारिश की है। इसी तरह मुख्य कानून में जेपीसी ने एक और संशोधन का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इस संयुक्त समिति ने जितना बढ़ा काम किया उतना देश के संवैधानिक इतिहास में शायद ही किसी अन्य संयुक्त समिति ने किया हो।

